## संक्षिप्त समाचार

### चुनाव के दौरान हुई झड़प में पुलिस ने ग्रामीणों के विरूद्ध किया प्राथमिकी दर्ज

**हिसुआ (नवादा)।** लोकसभा चुनाव के दौरान 19 अप्रैल को हिसुआ थाना क्षेत्र के मतदान केन्द्र संख्या 91,92 माध्यमिक विद्यालय बजरा में पुलिस पब्लिक के बीच जमकर रोड़ेबाजी हुई। झड़प में दोनों ओर से करीब दर्जन भर लोग जख्मी हुए। इस संदर्भ में शनिवार को पुलिस द्वारा ग्रामीणों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया। इस संदर्भ में ग्रामीणों ने बताया कि चुनाव के दौरान उक्त गाँव के जितेन्द्र कुमार वोट डालने गया था। अपना वोट डालने के बाद वहाँ पर मौजूद कुछ पुलिस बल कि मदद से बोगस वोट डाला जा रहा था। तभी वहाँ उपस्थित ग्रामीणों ने इसका विरोध किया। इस दौरान लोगों को उग्र होता देख अन्य पुलिस वालों ने जितेन्द्र कुमार को बुथ से बाहर कर दिया। जितेन्द्र कुमार को घर जाने के दौरान कुछ लोगों से बहस हो गया और मामला मारपीट तक पहुँच गया। इस बीच उपस्थित ग्रामीणों ने झगड़ा कर रहे लोगों को समझा बुझा कर घर भेज दिया। तभी जितेन्द्र द्वारा घटना की सूचना सहयोग कर रहे पुलिस बल को दिया गया। इसकी सूचना मिलते हीं उक्त पुलिस बल ने रोड मार्च कर रहे पुलिस बल को बुला लिया और बुथ से करीब 200 गज दूर गाँव की ओर बैठे लोगों के पास जाकर भद्दी-भद्दी गाली देते हुए गाँव के अंदर चले जाने को कहा। भद्दी-भद्दी गाली सुनते हीं ग्रामीण भी पुलिस से उलझ गये। बाद में अत्यधिक मात्रा में पुलिस बल को बुला गाँव में घुसकर मारपीट करने का प्रयास पुलिस द्वारा किया गया। लेकिन ग्रामीणों द्वारा इसका जमकर विरोध किया गया। जिसके फलस्वरूप दोनो ओर से ईंट पत्थर जमकर चलाए गए। घटना की सूचना मिलते हीं भाजपा प्रत्याशी विवेक ठाकुर एवं हिसुआ पूर्व विधायक अनिल सिंह मौके पर पहुँच बड़ी मशक्कत से ग्रामीणों को शान्त किया। तब कहीं जाकर मतदान कार्य प्रारंभ हुआ। इसी मामले को लेकर बजरा गाँव निवासी जितेन्द्र कुमार ने कुछ ग्रामीणों के विरूद्ध हिसुआ थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाया। साथ हीं पुलिस ने भी रोड़ेबाजी को लेकर दर्जनों ग्रामीणों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज किया है।

### मतदान का प्रतिशत कम होना छोड़े कई सवाल

**नवादा।** लोकसभा चुनाव निष्पक्ष व शांतिपूर्ण संपन्न हो गया।इसके लिए जिला प्रशासन बधाई के पात्र है। लेकिन इस चुनाव में मतदान का प्रतिशत कम हुआ है। जो काफी चिंतनीय विषय है।बीते 19 अप्रैल 2024 को सम्पन्न हुए लोकसभा चुनाव में 43.77 प्रतिशत मतदान होने की बात कही जा रही है,पिछले चुनाव से छह प्रतिशत कम हुआ है।ऐसा बीएलओ के उदासीनता व अनदेखी की वजह सामने आ रहा है।चुनाव आयोग ने मतदान के पूर्व मतदाता सूची में मतदाताओं का नाम जोड़ने,मृत मतदाताओं का हटाने, व नाम शुद्धिकरण करने की जिम्मेवारी जिला प्रशासन को सौंपी गई थी।इसके अलावा मतदाताओं को घर घर मतदाता पर्ची पहुंचाने का भी निर्देश दिया था। तब यह कार्य जिला प्रशासन ने बीएलओ को करने के लिए अधिकृत किये। इतनी बड़ी जिम्मेदारी ने बीएलओ ने भी किसी और को सौंप कर अपने कर्तव्य की इति श्री कर ली।ऐसे में मतदान का प्रतिशत कम होना स्वाभाविक हुआ। चुनाव के दौरान नारदीगंज, ओड़ो,कहुआरा, ननौरा, हंडिया, परमा,इचुआ करना समेत अन्य पंचायत से कई मतदाताओं की शिकायत मिली कि बीएलओ घर घर पर्ची नहीं पहुंचा पाये,जिस कारण हमलोग वोट देने से वंचित रह गए।वही कई मतदाता यह भी कहा कि मेरा नाम विधान सभा, पंचायत चुनाव में मतदाता सूची में था,लेकिन लोकसभा चुनाव में मेरा नाम मतदाता सूची से गायब रहा,वही नाम में शुद्धता नहीं रहने से मतदान नहीं दे पाए। इसके अलावा कई युवा मतदाता ने कहा मेरा नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं होने से लोकतंत्र के महापर्व में मेरी भागीदारी नहीं होने का दुःख है।जबकि चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया । कई तरह के कार्यक्रम हुआ,बावजूद मतदान का प्रतिशत कम होना चिंताजनक बात है।इधर,प्रचंड धूप,गर्मी, लू के साथ शादी विवाह भी मतदान के प्रतिशत बढ़ाने में प्रतिकूल असर पड़ा है।वही दूसरी ओर चुनाव के दौरान उम्मीदवार व उसके कार्यकर्ताओं द्वारा प्रचार प्रसार भी तरीके से नहीं हुआ,वही उम्मीदवार व उसके कार्यकर्ता भी मतदाताओं से संपर्क नहीं करने से भी कई मतदाताओं ने चुनाव में दिलचस्पी नहीं दिखाई।सम्पन्न हुए चुनाव में मतदान का प्रतिशत कम होना कई सवाल पीछे छोड़ दिया है,जो चिंतन व मंथन की बात है.

### 59 हजार 710 रुपये हुए राजस्व की वसूली

**नारदीगंज।** बिजली बिल सुधार व बिजली बिल जमा करने के लिए शिविर शनिवार को आयोजित हुआ। कार्यक्रम का आयोजन नारदीगंज स्थित पावरग्रिड परिसर में किया गया। बिजली विभाग के जेई नवीन कुमार सिंह व बिजली विभाग के देखरेख में शिविर आयोजित हुआ। इस शिविर में प्रखंड के विभिन्न गांवों के 11 बिजली उपभोक्ताओं ने बिजली बिल सुधारने के लिए आवेदन जमा किये। वही 13 उपभोक्ताओं ने बिजली बिल जमा किये। बिजली विभाग के जेई ने बताया आयोजित शिविर में 11 उपभोक्ताओं ने बिजली बिल सुधारने के लिए आवेदन जमा किये थे,जिसमे पांच उपभोक्ताओं का बिजली बिल सुधार किया गया, शेष उपभोक्ताओं को हिसुआ में निष्पादित किया जाएगा।उन्होंने कहा 13 उपभोक्ताओं ने 59 हजार 710 रुपये राजस्व जमा किये हैं। इस दौरान जेएलएम बिपिन कुमार के अलावा उपभोक्ता घनश्याम सिंह,संजू देवी समेत अन्य शामिल हुए।

### रजौली में रामनवमीं शोभायात्रा 21 के बजाय 28 अप्रैल को निकाली जाएगी, बजरंग दल


**रजौली।** प्रखण्ड क्षेत्र में आज निकलनेवाली रामनवमीं शोभायात्रा स्थगित हो गई है। वहीं आगामी 28 अपैल को 11 बजे दिन में शोभायात्रा निकाली जाएगी।बजरंग दल के प्रखण्ड संयोजक पिन्टू वर्मा एवं सहसंयोजक संदीप वर्मा ने कहा कि रजौली के व्यवसायिक संघ के अनुरोध पर शोभायात्रा के समय को एक सप्ताह आगे बढ़ाया गया है।व्यवसायिक वर्ग के लोगों ने कहा कि अभी लग्न एवं शादी विवाह को लेकर बाजार में लोगों का आवागमन बढ़ा हुआ है।वहीं बीते 19 अपैल को लोकसभा के मतदान के कारण सभी प्रतिष्ठान बंद थे।जिसके कारण बहुत सारे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।वाहजन पुनः 21 अप्रैल को बाजार बंद हो जाने से आसपास के गांव वाले लोगों को कपड़ा,जेवर आदि खरीदने में काफी परेशानी होगी।वहीं पुरानी बस स्टैंड से निकलने वाली शोभायात्रा भी एक महिला के आकस्मिक मृत्यु के कारण स्थगित किया गया है।वहीं बजरंग दल के सदस्यों ने कहा कि शोभायात्रा में सभी का सहयोग होना जरूरी है,इसलिए एक सप्ताह का समय बढ़ाया गया है।साथ ही विहिप एवं बजरंग दल के सदस्यों ने सर्वसम्मति से रजौली में निकलने वाली रामनवमीं शोभायात्रा को 28 अप्रैल को 11 बजे नीचे बाजार स्थित शिव मंदिर निकालना सुनिश्चित बताया है एवं आमलोगों से भारी संख्या में उपस्थित होकर शोभायात्रा को सफल बनाने की अपील भी की है।

### सुबह से लावारिस अवस्था में पड़ी बाइक को पुलिस ने किया जब्त

**रजौली।** थाना क्षेत्र के पार बाध स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल के समीप के खेत में लावारिस अवस्था में पड़ी एक बाइक को एएसआई जयप्रकाश चौधरी ने जब्त कर थाना परिसर ले गए।थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि शनिवार की देर शाम ग्रामीणों से सूचना मिली कि एक ब्लू कलर की ग्लैमर बाइक संख्या बीआर01ईटी4124 अहले सुबह से लावारिस अवस्था में पड़ी हुई है।सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई हेतु पुलिस बल को स्थल पर भेजा गया।पुलिस बलों ने बाइक के सम्बंध में आसपास भी काफी पूछताछ किया।किन्तु कोई जानकारी उपलब्ध नहीं हो पाई।वहीं बाइक में चाभी लगा हुआ पाया गया एवं बाइक के पीछे एक हेलमेट भी टंगा हुआ था।बाइक में चाभी ऑन था,जिसके कारण बैटरी डिस्चार्ज हो गया होगा।इसलिये बीएस6वी बाइक चालू नहीं हो पाया।जिसे पुलिस बलों के सहयोग से थाना परिसर में लाया गया है।थानाध्यक्ष ने कहा कि जब्त बाइक को लेकर पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है।

# चुनाव खत्म होने के बाद लोग लगा रहे जीत एवं हार के आंकलन

निज संवाददाता। रजौली



नवादा लोकसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को मतदान प्रक्रिया का समापन हो चुका है।नवादा संसदीय क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी विवेक ठाकुर,राजद प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा,निर्दलीय प्रत्याशी विनोद यादव एवं गुंजन सिंह समेत सभी आठ प्रत्याशियों के भाग्य ईवीएम में कैद होकर कन्हाई लाल साहू कॉलेज नवादा में बन्द स्ट्रांग रूम में रखा जा चुका है।वहीं मतगणना का समय 4 जून को है,जो प्रत्याशियों एवं समर्थकों के लिए पहाड़ सा साबित हो रहा है।इसका कारण है कि नवादा संसदीय क्षेत्र में पहली चरण में ही मतदान हो गया है,वहीं शेष चरणों का मतदान होना बाकी है।प्रखण्ड क्षेत्र के बुद्धिजीविवर्ग के लोगों एवं समर्थकों द्वारा प्रत्याशियों के जीत और हार का दावा किया जा रहा है।राजद व महागठबंधन के समर्थक अपने प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा के जीत का दावा कर रहे हैं,तो भाजपा व एनडीए के समर्थक अपने प्रत्याशी विवेक ठाकुर के विजयी होने की बात कह रहे हैं।वहीं दर्जनों लोगों का कहना है कि जहां एक ओर भाजपा प्रत्याशी का वोट काटने में निर्दलीय प्रत्याशी गुंजन सिंह का बहुत हाथ है,तो वहीं दूसरी ओर राजद प्रत्याशी का वोट काटने में निर्दलीय प्रत्याशी विनोद यादव ने भी अहम भूमिका निभाई है।लोगों की मानें तो राजद एवं भाजपा के प्रत्याशियों के बीच ही कांटे की टक्कर है।जदयू नेता सह एमएलसी प्रतिनिधि दीपक कुमार मुन्ना ने चुनाव में कम मतदान के पीछे लू और लग्न को नहीं बल्कि कम मतदान की सबसे बड़ी वजह बीएलओ द्वारा मतदाता पर्ची वितरण में लापरवाही और एक खास दल व गठबंधन के स्थानीय स्तरों के महत्वकांक्षी कार्यकर्ताओं का लोभ,विफलता,निष्क्रियता व उन्हीं के द्वारा अधिसंख्य कार्यकर्ताओं की उपेक्षा बताया है।साथ ही कहा कि एनडीए अपने निकतकम प्रतिद्वंद्वी राजद को बरबीघा विधानसभा से कम से कम 30 हजार,वारसलीगंज विधानसभा से कम से कम 15 हजार एवं हिसुआ विधानसभा से कम से कम 15 हजार अधिक मत प्राप्त होने की संभावना है।वहीं नवादा,रजौली एवं गोविंदपुर विधानसभा से बराबरी अथवा 10-15 हजार वोट से आगे-पीछे होने का आकलन लगाया है।दीपक कुमार मुन्ना ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में मतदान में शामिल मित्रगणों एवं प्रियजनों से मिले सूचना के आधार पर एनडीए प्रत्याशी 50 से 60 हजार वोटों से जीत दर्ज करेगी।उन्होंने इसको सोशल मीडिया के फेसबुक पर शेयर किया है,जहां उनके फॉलोवर ने चुनावी परिणाम के आंकलन को सही बताया है।वहीं पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष बब्लू सिंह ने भी एनडीए प्रत्याशी डॉ. विवेक ठाकुर के साथ का फोटो शेयर करते जीत की अग्रिम बधाई भी दी है।अब देखना है कि लोगों का आंकलन कितना सही है अथवा कितना गलत है।हालांकि इसका निर्णय मतगणना के बाद ही सम्भव है,क्योंकि बहुत सारे मतदाताओं ने गुप्त रूप से मतदान देकर चुप्पी साध ली है।वहीं कुछ लोग ये भी कह रहे हैं कि अभी सभी समर्थकों के लिए अच्छा है कि वे अपने-अपने प्रत्याशी को जीता हुआ ही महसूस करें,ताकि मतगणना तक उनमें उत्साह की कमी न हो।

## बलिदानी सीआरपीएफ जवान के शव पहुंचते ही मचा कोहराम



निज संवाददाता। कौआकोल

पहले चरण में पश्चिम बंगाल लोकसभा चुनाव कराने गए झारखंड के लातेहार में पदस्थापित सीआरपीएफ के अधिकारी इंस्पेक्टर व कौआकोल थाना क्षेत्र के कटनी गांव निवासी नीलेश कुमार नीलू का शव शनिवार को पैतृक गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया। तिरंगा में लिपटे बलिदानी जवान का शव जैसे ही शव वाहन से उतरा,गांव में चीत्कार मच गया। महिलाएं समेत मृतक के स्वजन शव को देखकर दहाड़ मारकर रोने लगे। इसके बाद मृतक जवान को गांव स्थित श्मशान घाट ले जाया गया। जहां सीआरपीएफ के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर के साथ अंतिम विदाई दी। मृतक सीआरपीएफ के जवान को उनके भतीजा अर्णव कुमार गोलू ने मुखाग्नि दिया। बता दें कि मृतक अपने पीछे माता,पिता के अलावे शिक्षिका पत्नी रूबी कुमारी,दो पुत्री नन्दनी एवं रुचि समेत अन्य पारिवारिक सदस्यों को छोड़कर चले गए। मृतक सीआरपीएफ के अंतिम शव यात्रा में सीआरपीएफ के अधिकारियों समेत कौआकोल थानाध्यक्ष दीपक कुमार, लोकसभा के राजद प्रत्याशी श्रवण कुमार कुशवाहा, गौतम कपूर चन्द्रवंशी, जिला पार्षद नीतीश राज, जिला पार्षद अजित यादव, प्रखण्ड जदयू अध्यक्ष रामाश्रय सिंह, प्रमोद सिंह आदि ने शामिल होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## गौनाहा आईसीडीएस द्वारा पहकौल में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

**सीडीपीओ कुमारी सुचेता और सेविका आदि रहे उपस्थित**




निज संवाददाता। बेतिया

गौनाहा प्रखण्ड अंतगर्त्त धनौजी पंचायत के पहकौल गांव में शनिवार को सीडीपीओ कुमारी सुचेता कि अध्यक्षता में सेविकाओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम के तहत दिव्यांग लोगों को सत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया गया।

सीडीपीओ ने गांव के मतदाताओं को जागरुक करते हुए कहा कि 25 मई को हर हाल में मतदान करने बूथ पर जरूर जाये। लोगों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि गांव में जितने भी दिव्यांग मतदाता है उन्हें भी मतदान केंद्र पर लेकर जाएं ताकि वे अपने मत का प्रयोग कर सके। दिव्यांग मतदाताओं से संबंधित रंगोली बनाई गई तथा गुब्बारे भी उड़ाए गये।

गांव के बच्चियों द्वारा पेड़ के पत्तों पर जागरूकता संबंधित नारे लिखकर फैशन शो किया गया। आईसीडीएस के प्रखंड सामान्य नवीन कुमार गुप्ता, महिला पर्यवेक्षका बबीता कुमारी व रूपम प्रिया द्वारा दीवाल लेखन एवं सत प्रतिशत मतदान करने के लिए ग्राम वासियों से अपील की। मौके पर सेविका संघ के अध्यक्ष सुमन वर्मा सहित अजय वर्मा , अन्य सेविका उपस्थित थी।

**कचरों के निस्तारण के लिए सीओ से 2 एकड़ भूमि की मांग, कार्यपालक पदाधिकारी**

# कचरा जलाने से फैल रहा प्रदूषण,धुएं से लोगों का जीना हुआ दूभर, अफसर बेखबर

निज संवाददाता। रजौली



नगर पंचायत के कचरों का निस्तारण विगत तीन वर्षों से हरदिया ग्राम पंचायत के अनुमण्डल कार्यालय परिसर के पीछे बेरोकटोक किया जा रहा है। जबकि अनुमण्डल कार्यालय में एसडीओ, एसडीपीओ, डीसीएलआर, पीजीआरओ समेत दर्जनों अफसर इससे बिल्कुल बेखबर हैं।लोगों ने आरोप भी लगाया कि सभी अफसर अपने एयर कंडीशनर रूम में रहकर काम करते हैं।शायद इसलिए वे जलते हुए कचरे एवं उससे निकलने वाले दुर्गंध से अंजान हैं।नगर पंचायत बनने से एक तरफ नगरों में साफ-साफ को बढ़ावा मिला है,तो दूसरी ओर ग्रामीणों को दूषित वातावरण में रहने के लिए छोड़ दिया गया है।हरदिया क्षेत्र धुएं में डूबा हुआ है।ऐसी स्थिति में सांस लेना भी मुश्किल हो रहा है। साथ ही हवा चलने पर बदबू और धुआं घरों के अंदर आ रहा है। जिससे घर के भीतर रुकना भी मुश्किल हो गया है।वहीं इस संबंध में नगर पंचायत के जनप्रतिनिधिओं और अधिकारियों को ग्रामीणों द्वारा अवगत भी कराया गया है। लेकिन उसके बाद भी स्थिति अभी तक जस की तस बनी हुई है। हरदिया के सुबोध कुमार, मनोज बंसल, सुरेश सिंह, अजय कुमार, अमरजीत सिंह, जानकी यादव,मुन्ना सिंह, दीनदयाल यादव,जयपाल यादव, गणेश मिस्त्री व सुधीर कुमार समेत द्वारा दर्जनों ग्रामीणों ने कहा कि वे अपने परिजनों के साथ दूषित वातावरण में रहने को मजबूर हैं।बीते तीन वर्षों से गांव के कई लोग आंखों से सम्बंधित विभिन्न तरह की बीमारियों से ग्रसित हो चुके हैं। दूषित वातावरण के कारण ग्रामीणों को बेवजह आर्थिक मार भी पड़ रहा है। वहीं पवन सिंह ने कहा कि कचरे के जलने से मेले के आसपास क्षेत्र में 24 घंटे धुआं छाया रहता है। साथ ही यहां पर 24 घंटे बदबू आती रहती है। ऐसी स्थिति में घर के अंदर रुकना भी मुश्किल हो गया है। अगर आगे भी यही हाल रहा तो मुझे आपने परिवार सहित गांव छोड़कर कहीं और रहना पड़ेगा।

**स्वास्थ्य के लिए घातक है-चिकित्सक**

पीएचसी प्रभारी डॉ सौरभ कुमार निराला ने बताया कि कचरा में आग लगाने एवं नाले में सड़ रहे कचरे से हानिकारक गैस मिथेन, सल्फर, कार्बन डाय आक्साइड, कार्बन मोनो आक्साइड निकलते हैं,जो हमारे पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है और ओजोन परत को क्षति पहुंचाता है।ये गैस मानव शरीर के लिए खतरनाक व जानलेवा है।इससे कैंसर, जेनेटिक डिजीज, चर्म रोग, सांस की बीमारी, एनिमिया, दांत, दमा, टीबी जैसी बीमारी होती है।

**क्या कहते हैं पदाधिकारी-** इस बाबत पर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी राजेश ने कहा कि कचरे के निस्तारण हेतु रजौली सीओ से दो एकड़ भूमि की मांग की गई है।किंतु अबतक उन्हें भूमि उपलब्ध नहीं कराई गई है।जिसके कारण कचरे को अनुमण्डल कार्यालय के पीछे डंप किया जा रहा है।

# पुलिस की दबिश से अपराधी का हौसला पस्त चोरी हुआ रायफल व कारतूस बधार में फेंका

- 24 घंटे में हथियार और कारतूस बरामद, पकरीबरावां में पुलिस अधीक्षक ने प्रेसवार्ता कर दी जानकारी
- मतदान के दिन सुरक्षा व्यवस्था की ड्यूटी करने आए सिपाही उत्तम कुमार राउत की रायफल व कारतूस हो गई थी चोरी, लापरवाही के आरोप में सिपाही को किया गया है निलंबित



निज संवाददाता। पकरीबरावां

नवादा थाना क्षेत्र के राजेबिगहा बूथ संख्या- 234 से पुलिस की गायब हुई एसएलआर व 20 जिंदा कारतूस को पुलिस ने शनिवार को एक खेत से बरामद किया है। जिससे पुलिस ने राहत की सांस ली है, शस्त्र कारतूस की बरामदगी गांव के बधार में लगे ताड़ के वृक्ष के पास से होने की बात कही गई है। पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के कुमार ने पकरीबरावां थाना में शनिवार को प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि पकरीबरावां थाना क्षेत्र के राजेबिगहा गांव बूथ संख्या दायां भाग-234 पर सिपाही के एसएलआर व 20 कारतूस नहीं मिलने की सूचना मिली थी। सिपाही उत्तम कुमार रावत जिनका रायफल व कारतूस रात से ही गायब था। इसमें उन्हें लापरवाही बरतने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर हथियार बरामदगी का प्रयास आरंभ किया गया। पकरीबरांवा थाना में कांड दर्ज कर एक टीम बनाकर मामले की जांच आरंभ की गई। जिसमें गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने गांव के बधार से शनिवार की अहले सुबह बरामद कर लिया। मतदान केन्द्र से उत्तर लगे ताड़ के पेड़ के पास से एसएलआर समेत सभी 20 कारतूस को सुरक्षित बरामद कर लिया गया है। इस पूरी घटना में चर्चा यह है कि पुलिस की दबिश के आगे इस घटना में शामिल लोगों ने रात के अंधेरे में रायफल और कारतूस को छोड़ देना ही मुनासिब समझा। इधर, यह बताया गया कि इस अभियान में शामिल सभी पुलिस कर्मियों को पुरस्कृत किया जाएगा। समस्तीपुर जिला पुलिस बल के सिपाही हैं उत्तम कुमार राउत लोकसभा आम निर्वाचन के अवसर पर पकरीबरावां थाना अंतर्गत ग्राम राजे बिगहा प्राथमिक विद्यालय मतदान केन्द्र सं0-234 पर विधि-व्यवस्था संधारण हेतु समस्तीपुर जिला पुलिस बल के सि0-558 उत्तम कुमार राउत की प्रतिनियुक्ति की गयी थी। 19 अप्रैल की सुबह चार बजे उक्त मतदान केन्द्र पर प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी द्वारा थानाध्यक्ष, पकरीबरावां थाना को सूचना दी गयी कि चुनाव कराने आए सिपाही उत्तम कुमार राउत की एसएलआर रायफल एवं मैगजीन में लोड बीस राउंड जिंदा कारतूस मतदान केन्द्र सं0-234 से गुम है। इस बावत पकरीबरांवा थाना में कांड संख्या 179/24 दर्ज कर मामले की जांच आरंभ की गई थी। एसपी ने कहा है कि अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध निरंतर छापेमारी की जा रही है। जल्द ही पुलिस की रायफल चोरी करने वाले बदमाश भी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

## रजौली की बेटी ने झारखण्ड में आयोजित मैट्रिक परीक्षा में बनी टॉपर





निज संवाददाता। रजौली



झारखण्ड में आयोजित मैट्रिक की परीक्षा 2024 में रजौली प्रखण्ड प्रमुख सरोज देवी एवं प्रतिनिधि रविंद्र कुमार उर्फ बब्लू यादव की पुत्री करिश्मा ने टॉपरों में तीसरा स्थान प्राप्त की है।पुत्री की सफलता पर माता-पिता समेत परिजन एवं आसपास के लोगों में काफी उत्साह है।झारखण्ड बोर्ड की टॉपर छात्रा करिश्मा कुमारी ने कही कि वो झारखण्ड के हजारीबाग के इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय में पढ़ाई कर रही थी। वर्ष 2024 में आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में उन्हें 98.40% अंक प्राप्त हुआ है।टॉपर छात्रा ने कहा कि वे अपनी सफलता के पीछे गुरुजनों के साथ-साथ अपनी कड़ी मेहनत को मुख्य कारक बताया है। साथ ही छात्रा ने कहा कि उनके पढ़ाई में माता-पिता का भी भरपूर सहयोग मिला है।वहीं छात्रा के पिता बब्लू प्रसाद में कहा कि बेटी के परिणाम जानने के बाद परिजनों की आंखों में खुशी के आंसू भर आई।परिजनों के अलावे आसपास के लोगों ने भी सफल छात्रा को मिठाई खिलाकर खुशियों का इजहार किया। साथ ही सफल छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। वहीं छात्रा के पिता ने कहा कि उनकी बेटी जहां तक पढ़ाई करना चाहती है,हमसभी का सपोर्ट उसे हमेशा रहेगा।

# दशकों पूर्व विभिन्न योजनाओं से की गयी ईट सोलिंग हुई ध्वस्त, राहगीरों के आवागमन में हो रही परेशानी

निज संवाददाता। खोदावंदपुर/बेगूसराय

बरियारपुर पश्चिमी पंचायत के गोगल टोल स्थित हकरु रजक खेत के निकट से गौरवद्धा ब्रहमस्थान होते हुए मसुराज चौवटिया तक जानेवाली पथ वर्षों से जानलेवा बना हुआ है. इस पथ में बने एक बड़ा पुलिया टुटकर धाराशायी हो गया है, जिससे चार पहिया वाहनों को आने-जाने में काफी परेशानी होती रहती है.इतना ही नहीं किसानों के खेतों से तैयार फसलों को लाने में भी दिक्कतें होती रहती है.किसानों को चार-पांच किलोमीटर दूरी तय कर गाड़ी पर तैयारी फसल को लोड कर लाना पड़ता है, जिससे किसानों को गाड़ी का अधिक किराया भी देना पड़ता है. स्थानीय ग्रामीण राजेश कुमार, रामचन्द्र यादव, बालेश्वर यादव, रामेश्वर यादव, बुच्ची यादव, अशर्फी महतो, चलितर महतो, कैलाश महतो, सुजीत कुमार, सीताराम यादव, सत्य नारायण यादव, पवन कुमार राकेश, राम नारायण महतो आदि ने बताया कि दशकों पूर्व इस पथ में तत्कालीन पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा मिट्टी व ईट सोलिंग किया गया था, जो अब काफी जर्जर हो चुका है. तथा एक पुलिया भी टुट गयी है, जिससे वाहनों के आवागमन में भी काफी परेशानी होती रहती है. कई वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त होकर गंभीर रुप से जख्मी भी हो चुके हैं. उन्होंने बताया कि हकरु रजक खेत के निकट से गौरवद्धा तीन बटिया तक पंचायत के तत्कालीन मुखिया रामचन्द्र महतो के द्वारा मिट्टी एवं ईट सोलिंग कार्य किया गया था. उसके बाद तीन बटिया से ब्रहमस्थान होते हुए पुलिया के समीप तक तत्कालीन पंचायत समिति सदस्य श्याम बिहारी गुप्ता के द्वारा मिट्टी एवं ईट सोलिंग कार्य करवाया गया था. तथा इसी पथ में पुलिया से लगभग दो सौ फीट पहले से लेकर मसुराज चौवटिया तक तत्कालीन पंचायत समिति सदस्य मोहन महतो के द्वारा मिट्टी एवं ईट सोलिंग करवाया गया था, जो अब काफी दयनीय स्थिति में हो गया है. ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के समय में इस पथ से पैदल आना-जाना भी मुश्किल हो जाता है. यह ईट सोलिंग पथ लगभग दो किलोमीटर की दूरी में बना हुआ है, जो काफी जर्जर हो चुका है. उन्होंने बताया कि दशकों पूर्व सड़क बनने के बाद से कई बार लोकसभा, विधानसभा व पंचायत चुनाव हुए और प्रत्याशी मतदाताओं से वोट लेकर जीतकर चले गये, परंतु अबतक कोई भी जनप्रतिनिधियों ने वर्षों से जर्जर इस पथ की समस्याओं को झांकने तक नहीं आये, जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त है. गोगल टोल स्थित हकरु रजक खेत के निकट से गौरवद्धा के हरेराम यादव घर के समीप तक पंचायत निधि से पीसीसीकरण करवाने के लिये योजना में लिया जा चुका है.

उधार के पैसे मांगने पर एक युवक ने उस पर कर दिया हमला

# इलेक्ट्रॉनिक दुकानदार की रॉड से मारकर हत्या



निज संवाददाता

**अरवल**। अरवल के कुर्था थाना क्षेत्र के कुर्था बाजार में एक इलेक्ट्रॉनिक दुकानदार की रॉड से मारकर हत्या कर दी गई है। बताया जा रहा है की उधार के पैसे मांगने पर एक युवक ने उस पर हमला कर दिया। मृतक की पहचान कुर्था बाजार निवासी कृष्णा प्रसाद गुप्ता के पुत्र सुरेंद्र कुमार(45) के रूप में हुई है। वो सोनी इलेक्ट्रॉनिक नाम से अपना दुकान चलाते थे। फ़ौलादपुर में एक युवक को बिजली के तार उधार दिया था तभी शुक्रवार की देर शाम अपने तीन दोस्तों के साथ सुरेंद्र शकूराबाद थाना क्षेत्र के मिचाईचक गांव गए हुए थे। लौटने के क्रम में फ़ौलादपुर गांव के पास तीनों दोस्तों के साथ उक्त युवक के पास अपने बिजली के तार के बकाया राशि मांगने लगा। जिसके बाद दोनों में जमकर बकझक हुई और मामला हाथापाई पर आ गया। देखते ही देखते आरोपियों ने इलेक्ट्रॉनिक दुकानदार पर रॉड से हमला कर दिया। इस घटना में घायल दुकानदार को पहले निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत बिगड़ देख सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां शनिवार की दोपहर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। सदर अस्पताल से डॉक्टर ने पोस्टमार्टम कर शव को परिजनों को सौंप दिया। कुर्था थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बताया कि मृतक शराब के नशे में था और उसके दोस्त भी शराब के नशे में थे। इसी के क्रम में दोस्तों के बीच मारपीट हुई। मारपीट के दौरान कहीं नाजुक पॉइंट पर उसे चोट लग गई, जिससे उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि इसकी प्राथमिकी शकूराबाद थाने में दर्ज कराई जाएगी। शकूराबाद थानाध्यक्ष मोहन कुमार व कुर्था थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने घटनास्थल पर पहुंच कर जानकारी ली। मृतक के पिता कृष्णा प्रसाद गुप्ता ने पुलिस को दिए फर्द बयान में कहा कि दोस्तों के साथ शकूराबाद से लौट रहा था। तभी फौलादपुर एवं मिचाईचक चक गांव के बीच रविरंजन कुमार उर्फ घागा ने बिजली के तार के उधार पैसे मांगने को लेकर विवाद हुआ। किसी को लेकर रोड से हमला कर दिया, जिसमें उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

# तीन युवक हुए हादसे का शिकार, दो की मौत, एक गंभीर रूप से घायल

निज संवाददाता



**दिनारा (रोहतास)**। रोहतास जिले के दिनारा थाना क्षेत्र के बेलवईयां गांव के पास एनएच पर सड़क दुर्घटना में बहन का तिलक चढ़ाकर लौट रहे भाई समेत दो की मौत हो गई, जबकि तीसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। दिनारा पुलिस ने शनिवार को शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया। बताते हैं कि तीन युवक रात में तिलक समारोह से अपने गांव लौट रहे थे। तभी उनकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया, जिसके बाद बाइक डिवाइडर से टकरा गयी। तीनों मृतक कोचस प्रखंड के नरवर गांव के थे, जिसमें 22 साल का लाल साहब, पिता गोपाल चौहान एवं 18 साल का नंद जी चौहान, पिता विश्वामित्र चौहान शामिल हैं। जबकि घायल डायमंड का इलाज बनारस के ट्रामा सेंटर में चल रहा है। पोस्टमार्टम के लिए आए परिजनों ने बताया कि नरवर के विश्वामित्र चौहान की बेटी का तिलक चढ़ाने दिनारा के सरांव गांव गए थे। वहां से तिलक चढ़ा कर लौट रहे थे। तीनों लड़के एक ही बाइक पर सवार थे। इस क्रम में वो जब बेलवईया गांव के पास पहुंचे तभी दुर्घटना के शिकार हो गए, जिसमें नंद जी चौहान की मौत मौके पर ही हो गई। दो घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां लाल साहब की मौत हो गई, जबकि डायमंड को रेफर कर दिया गया। उधर नरवर गांव में शादी की खुशियां मातम में बदल गई है। विश्वामित्र सिंह के घर में कोहराम मच गया है।

# उधार नहीं देने पर दुकानदार की पीट-पीटकर हत्या

निज संवाददाता

**दिनारा (रोहतास)**। रोहतास जिले के दिनारा थाना क्षेत्र के बेलवईयां गांव के पास एनएच पर सड़क दुर्घटना में बहन का तिलक चढ़ाकर लौट रहे भाई समेत दो की मौत हो गई, जबकि तीसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। दिनारा पुलिस ने शनिवार को शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया। बताते हैं कि तीन युवक रात में तिलक समारोह से अपने गांव लौट रहे थे। तभी उनकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया, जिसके बाद बाइक डिवाइडर से टकरा गयी। तीनों मृतक कोचस प्रखंड के नरवर गांव के थे, जिसमें 22 साल का लाल साहब, पिता गोपाल चौहान एवं 18 साल का नंद जी चौहान, पिता विश्वामित्र चौहान शामिल हैं। जबकि घायल डायमंड का इलाज बनारस के ट्रामा सेंटर में चल रहा है। पोस्टमार्टम के लिए आए परिजनों ने बताया कि नरवर के विश्वामित्र चौहान की बेटी का तिलक चढ़ाने दिनारा के सरांव गांव गए थे। वहां से तिलक चढ़ा कर लौट रहे थे। तीनों लड़के एक ही बाइक पर सवार थे। इस क्रम में वो जब बेलवईया गांव के पास पहुंचे तभी दुर्घटना के शिकार हो गए, जिसमें नंद जी चौहान की मौत मौके पर ही हो गई।

# आग लगने से आधा दर्जन किसानों के 50 बीघे की फसल जलकर राख

निज संवाददाता



**जहानाबाद**। जहानाबाद के मखदुमपुर प्रखंड क्षेत्र के दामोदरपुर गांव स्थित बधार में आधा दर्जन किसान के खेत में लगे गेहूँ के फसल में अचानक आग लग गई। इस घटना में लगभग 50 बीघे की फसल जलकर खाक हो गई है। इस घटना में एक ट्रैक्टर भी पूरे तरीके से जल गया। बताया जा रहा है कि दामोदरपुर गांव के बधार में हार्वेस्ट से गेहूँ की फसल की कटाई कराई जा रही थी, तभी अचानक गेहूँ के फसल में आग लग गई। जिसके बाद ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तेज हवा के कारण आग फैल गई। जिसपर घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दिया गया। इसके बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड गाड़ी कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि इस घटना में लाखों रुपए की फसल जलकर नष्ट हो गए।

ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो बड़ी घटना भी हो सकती थी। जिस तरह आग की लपटे तेज थी उसे पूरा गांव को चपेट में ले लेता। जिले में लगातार गर्मी का प्रकोप बढ़ रहा है, जिसके कारण आग लगी की भी घटना लगातार हो रही है। इस घटना में सबसे ज्यादा किसान प्रभावित हो रहे हैं रवि फसल का मौसम है। वहीं मैना मठ और मनी बीघा गांव में भी किसान के फसल में आग लगी है, जिसमें हजारों रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है।

- फायर ब्रिगेड ने पाया काबू
- लाखों की क्षति की आशंका
- एक ट्रैक्टर भी जला

## एक युवक को मारपीट कर गंभीर रूप से किया घायल

**मोहनियां (कैमूर) (नि. सं.)**। मोहनियां थाना क्षेत्र के दादर गांव में बारात गए एक युवक को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायल भभुआ थाना क्षेत्र के पलका निवासी अब्दुल्ला मियां का 18 वर्षीय पुत्र कैफ आलम है। परिजनों ने बताया कि कैफ दादर गांव में बारात गया था। बारात में भोजन करने के दौरान पानी को लेकर बकझक हुई। दादर के चार युवकों द्वारा हाईवे पर ले जाकर बांस से मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया है। मारपीट करने के बाद गले चेन, मोबाइल व अंगुठी भी छीन ली।

# विभिन्न थाना क्षेत्र में हुई मारपीट में मां-बेटा सहित चार घायल

निज संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)**। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में हुई मारपीट में मां-बेटा सहित चार लोग घायल हो गए। घायलों में चैनपुर थाना क्षेत्र के मदुरना गांव निवासी शंभू बैठा की पत्नी सुमित्रा कुंवर व उसका 35 वर्षीय पुत्र दिनेश बैठा, भभुआ थाना क्षेत्र के अखलासपुर गांव निवासी नंदू बिंद के 18 वर्षीय पुत्र सिपाही कुमार, सोनहन थाना क्षेत्र के मींव गांव के शिवमूरत राम के पुत्र सुरेंद्र राम, बिंदनगर की ममता देवी शामिल हैं। पूर्णे की एक कंपनी में काम करने के बाद पैसा नहीं मिलने के विवाद में मदुरा में मां-बेटा घायल हो गए। मींव स्कूल में बच्चों के बीच हुए झगड़ा को लेकर पूछताछ करने पर लाठी-डंडे से मारपीट कर सुरेंद्र को घायल कर दिया गया। अखलासपुर में नाच देखने के दौरान छह लोगों ने लाठी-डंडे से मारपीट कर सिपाही कुमार को घायल कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई कर रही है।

# हत्या मामले में दोषी पाते हुए चार आरोपियों को हुई आजीवन कारावास की सजा

निज संवाददाता



**जहानाबाद**। जहानाबाद व्यवहार न्यायालय के एडीजे-2 न्यायालय ने रजनीकांत पांडे हत्या मामले में चार आरोपी धीरज कुमार, प्रभात कुमार,आदित्य पांडे, और रोशन कुमार को मामले में दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही आर्म्स एक्ट के तहत दोशी पाते हुए एक साल की अतिरिक्त सजा और चारों आरोपियों को 10 हजार रुपए जुर्माना की राशि भुगतने की सुनाई गई है। अपर लोक अभियोजन विनोद कुमार सिंह ने कहा कि एडीजे दो जावेद अहमद खान न्यायाधीश ने यह फैसला सुनाया है। रजनीकांत पांडे की हत्या विगत 2 दिसंबर 2019 को इन सभी आरोपियों द्वारा गोली मारकर हत्या हुलासगंज थाना के उत्तमपुर मोड़ के पास की गई थी। आज न्यायालय द्वारा फैसला आने के बाद परिजन कुंदन पांडे ने बताया कि आज हमारे परिवार ने राहत की सांस ली है। हमें न्यायालय पर पूरा भरोसा था कि इन आरोपियों को सजा मिलेगी। घटना हुलासगंज थाना क्शेत्र के उत्तमपूर मोड़ के पास की है।रजनीकांत पांडे हुलासगंज स्थित नंदिनी मिश्ठान भंडार के संचालक थे जिनकी हत्या की गई थी।

## एक फुट जमीन के लिए पिता पुत्र एवं पौत्र की पिटाई

**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)**। सदर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में जहां एक फुट जमीन के लिए पिता-पुत्र व पौत्र को घायल कर दिया गया, वहीं विवादित भूमि में महुआ चुन रहे एक युवक की पिटाई कर दी गई। रामपुर में एक फुट जमीन के विवाद में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में शिवबधन सिंह, पुत्र राजेश कुमार सिंह, पौत्र मनीष कुमार घायल हो गए। राजेश ने बताया अपने घर के पास जमीन में बांस से घेराबंदी की थी। दूसरे पक्ष के नागेंद्र सिंह व विशाल सिंह ने एक फुट जमीन पर दावा किया। इसको लेकर बहस हुई और देखते ही देखते उक्त लोगों ने उनकी पिटाई कर उन्हें घायल कर दिया। सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर जांच की। इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

# दो बाइक के बीच टक्कर, पांच लोग गंभीर रूप से घायल

निज संवाददाता



**भभुआ (कैमूर)**। कैमूर के प्रसिद्ध मां मुंडेश्वरी धाम से दर्शन कर वापस अपने घर जा रहे बाइक सवार दंपति की बाइक दूसरे से टक्कर हो गई। जिसमें पांच लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि भभुआ थाना क्शेत्र के बारे गांव के पास दोनों बाइक आपस में भिड़ गई। वही एक जख्मी को चिकित्सकों हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान मोहनिया थाना क्शेत्र के अमरपुरा गांव के मनोज कुमार, बिंदु देवी, और प्रिंस कुमार के रूप में हुई हैं। जो मुंडेश्वरी से दर्शन कर वापस अमरपुरा घर जा रहे थे। वहीं दूसरी तरफ मोहनिया थाना क्शेत्र के शुक्लपिपरा गांव के रामराज का पुत्र कृश्ण कुमार और धनंजय राम का पुत्र रोशन कुमार शामिल हैं। अनुमंडल अस्पताल मोहनिया के ओपीडी में तैनात चिकित्सक ने जानकारी देते हुए बताया कुल पांच लोग घायल अवस्था में अनुमंडल अस्पताल मोहनीया आए हुए थे। सभी का प्राथमिक उपचार अस्पताल परिसर में किया गया। उन सब की स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर है। वही एक व्यक्ति की स्थिति गंभीर थी जिसे बेहतर उपचार के लिए रेफर किया गया है। घायलों से जानकारी मिली थी कि मुंडेश्वरी से दर्शन कर लौटने के दौरान सामने से आ रही दूसरी बाइक ने टक्कर मार दिया था। ग्रामीणों की सूचना पर अस्पताल पहुंची डायल 112 की टीम ने बताया ग्रामीणों से सूचना मिला था 112 गांव के पास दो बाइक में भिड़ंत हुई है जिसमें महिला सहित पांच लोग घायल थे। घटनास्थल पर हम लोग पहुंचे थे लेकिन ग्रामीणों द्वारा अस्पताल भेज दिया गया था। अस्पताल पहुंचकर सभी घायलों का हाल जाना जा रहा है।

बीडीओ व सीओ ने किसान सलाहकारों के साथ की बैठक

# खेतों में पराली जलाने पर बंद होंगे किसानों के आईडी : बीडीओ

निज संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)**। सदर प्रखंड के बहुउद्देशीय भवन में शनिवार को बीडीओ व सीओ ने किसान सलाहकारों के साथ बैठक की और उन्हें कई दिशा-निर्देश देने के साथ सलाह भी दी। बीडीओ सतीश कुमार और सीओ पुरुषोत्तम कुमार ने किसान सलाहकारों से कहा कि वह किसानों के बीच जाएं और उन्हें बताएं कि गेहूं की फसल की कटाई करने के बाद उसके ठंडल को न जलाएं। इससे पर्यावरण, कृषि व स्वास्थ्य को होनेवाली क्षति के बारे में बताएं। जो किसान नहीं मानते हैं, उनके आईडी बंद कर दिए जाएंगे, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल सकेगा। अधिकारियों ने बताया कि फसल अवशेष जलाने से कार्बन डाइऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड, सल्फर ऑक्साइड, पार्टिकुलेट मैटर निकलते हैं। काले कार्बन सीधे तौर पर पर्यावरण को प्रदूषित करने में योगदान करते हैं। उपजाऊ मिट्टी के लिए महत्वपूर्ण बैक्टीरिया और कवक की आबादी नष्ट हो जाती है। मिट्टी की ऊपरी परत में मौजूद अन्य सूक्ष्म जीवों के साथ-साथ उसकी जैविक गुणवत्ता को भी नुकसान होता है। 'मित्र' कीटों की हानि के कारण 'शत्रु' कीटों का प्रकोप बढ़ जाता है। परिणामस्वरूप, फसलों में रोग लगने की संभावना बढ़ जाती है। मिट्टी की ऊपरी परतों की घुलनशीलता व उर्वरा क्षमता भी कम हो जाती है।

# जिले के चेकपोस्ट पर वाहनों की गहन तलाशी करें अफसर : जिलाधिकारी

निज संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)**। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सावन कुमार ने लोकसभा चुनाव को ले गठित कोषांगों के वरीय पदाधिकारी एवं नोडल पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने ईवीएम डिस्पैच सेंटर, ईवीएम की कमिशिनिंग गुणवत्तापूर्ण, पी-2 एवं पी-1 के विधानसभा वार डिस्पैच तथा वाहनों की उपलब्धता और ईवीएम की सुरक्षा एवं तैयारी की समीक्षा की। अफसरों के कामकाज का भी आकलन किया और संबंधित कोषांग के नोडल पदाधिकारियों, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। नोडल पदाधिकारी एसएसटी को चेकपोस्ट पर लगातार गहन तलाशी करने का निर्देश दिया गया। रोको-टोको अभियान के तहत वाहनों की जांच में तेजी लाने का निर्देश संबंधित नोडल पदाधिकारी को दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को ईवीएम व वीवीपैट की कमिशिनिंग गुणवत्तापूर्ण तथा इसकी सुरक्षा को लेकर निर्देश दिया गया। पोस्टल बैलेट, मतदान केन्द्र, निर्वाचन व्यय अनुश्रवण, सामाग्री कोषांग, परिवहन कोषांग, विधि-व्यवस्था, कम्युनिकेशन प्लान, आईटी एप्लीकेशन, वेबकास्टिंग आदि से संबंधित किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों एवं संबंधित पदाधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित कर कार्यों को समय पर पूरा कराने का निर्देश दिया गया। विद्युत बोर्ड के कार्यपालक अभियंता विद्युत को निर्देशित किया गया कि मतदान केंद्रों के संपर्क पथ में पड़ने वाले बिजली के तारों को दुरुस्त करें, छोटे-बड़े वाहन बूथों तक आसानी से पहुंच सके। पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता को सैनिक बल आवासन स्थल पर शौचालय, पेयजल की व्यवस्था करने को कहा। स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न कराने की दिशा में पहल तेज करने को कहा गया। बैठक में अपर समाहर्ता ओमप्रकाश मंडल, एसडीओ विजय कुमार, भूमि सुधार उप समाहर्ता, कार्मिक, बैलेट पेपर, वाहन आदि कोषांग के नोडल पदाधिकारी थे।

# मृदा की उर्वरा शक्ति बढ़ाने में वरदान है ढैंचा की खेती : डॉ. धनंजय

निज संवाददाता

**जमुहार (रोहतास)**। गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार, सासाराम के अंतर्गत संचालित नारायण कृषि विज्ञान संस्थान के शस्य विज्ञान विभाग में कार्यरत सहायक प्राध्यापक तथा प्रभारी फसल प्रक्षेत्र डॉ. धनंजय तिवारी ने बतया कि रबी फसलों की कटाई के बाद खाली पड़े खेतों में किसान भाई ढेंचा की फसल उगाएं। इससे न सिर्फ मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ेगी बल्कि हरी खाद के इस्तेमाल से खरीफ सीजन में धान की पैदावार भी बढ़ेगी। रबी फसल की कटाई के बाद जिन किसानों के खेत पर निजी सिंचाई के साधन हैं, उन्हें खेत खाली छोड़ने के बजाय ढेंचा की खेती करने की सलाह दी जाती है। गेहूं की फसल की कटाई के बाद किसान भाइयों को बस इतना ही करना है कि खाली खेत में पलेवा यानी पानी लगाकर और जुताई करने के बाद ढेंचा का बीज खेतो में छिड़क दें । अगर बीज दर की बात करें तो हरी खाद के लिए ढैंचा का बीज लगभग 15-20 कि.ग्रा. प्रति एकड़ की दर से किसान भाइयों को बोना चाहिए। ढैंचा की कुछ उन्नत प्रचलित किस्में सेस पी.डी.सी. एस. आर-1, सेस पंत-1, सेस एच-1, सेस एन.बी. पी.जी., आर-1 हैं जिसका किसान भाइयों को प्रयोग करना चाहिए। सामान्य तौर पर ढेंचा की फसल लगभग 45 से 50 दिनों में तैयार हो जाती है। इसके बाद किसान भाईयों को धान की खेती से पहले ढैंचा की फसल की जुताई कर देना चाहिए, जिससे ढेंचा की फसल नीचे चली जाएगी और उर्वरक के रूप में मिट्टी की शक्ति बढ़ाएगी। खेतों की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने के लिए महंगे रासायनिक खाद की जगह ढेंचा का इस्तेमाल फायदेमंद और काफी अच्छा विकल्प है। किसान भाई धान की रोपनी जब करेंगे, तब ढेंचा की हरी खाद धान की फसल में रामबाण का काम करेगी। ढेंचा की फसल अन्य हरी खादों की तुलना में अधिक लाभकारी है क्यूंकि यह कम समय में ज्यादा हरे पदार्थ का उत्पादन करता है। डॉक्टर तिवारी ने यह भी बताया की अगर किसान भाई ढैंचा की खेती करते हैं तो यूरिया की कम आवश्यकता तथा खरपतवार की भी सम्भावना कम रहती है। जिससे किसानों का खर्च कम होगा और उनकी आय में वृद्धि होगी।

# यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर पूमरे द्वारा नई दिल्ली, पुणे, मुंबई, उधना, वडोदरा, साबरमती के लिए स्पेशल ट्रेन के एक-एक फेरे का परिचालन

निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)**। यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा जिनका विवरण निम्नानुसार है। 1. गाड़ी संख्या 04035 पटना-नई दिल्ली अनारक्शित स्पेशल- गाड़ी संख्या 04035 पटना-नई दिल्ली अनारक्शित स्पेशल दिनांक 21.04.2024 को पटना से 21.30 बजे खुलकर डीडीयू, प्रयागराज, कानपुर सेंट्रल के रास्ते अगले दिन 15.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। 2. गाड़ी संख्या 04051 दरभंगा-नई दिल्ली अनारक्शित स्पेशल- गाड़ी संख्या 04051 दरभंगा-नई दिल्ली अनारक्शित स्पेशल दिनांक 21.04.2024 को दरभंगा से 20.30 बजे खुलकर समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, गोरखपुर के रास्ते अगले दिन 20.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। 3. गाड़ी संख्या 04037 सहरसा-नई दिल्ली अनारक्शित स्पेशल- गाड़ी संख्या 04037 सहरसा-नई दिल्ली अनारक्शित स्पेशल दिनांक 22.04.2024 को सहरसा से 07.00 बजे खुलकर बरौनी, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, गोरखपुर के रास्ते अगले दिन 07.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। 4. गाड़ी संख्या 04033 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार अनारक्शित स्पेशल- गाड़ी संख्या 04033 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार अनारक्शित स्पेशल दिनांक 21.04.2024 को मुजफ्फरपुर से 17.00 बजे खुलकर बापूधाम मोतीहारी, बेतिया, नरकटियागंज के रास्ते अगले दिन 13.00 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। 5. गाड़ी संख्या 05560 रक्सौल-हावड़ा स्पेशलः गाड़ी संख्या 05560 रक्सौल-हावड़ा स्पेशल दिनांक 21.04.2024 को रक्सौल से 13.30 बजे खुलकर बापूधाम मोतिहारी, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, बरौनी, किउल, झाझा के रास्ते 22.04.2024 को 05.30 बजे हावड़ा पहुंचेगी। 6. गाड़ी संख्या 09038 भागलपुर-उधना अनारक्शित स्पेशलः गाड़ी संख्या 09038 भागलपुर-उधना अनारक्शित स्पेशल दिनांक 21.04.2024 को भागलपुर से 23.00 बजे खुलकर 22.04.2024 को 04.55 बजे पटना जं. रूकते हुए डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर-भुसावल के रास्ते 23.04.2024 को 09.00 बजे उधना पहुंचेगी। 7. गाड़ी संख्या 09020 भागलपुर-विश्वमित्री (वडोदरा) अनारक्शित स्पेशलः गाड़ी संख्या 09020 भागलपुर-विश्वमित्री अनारक्शित स्पेशल दिनांक 22.04.2024 को भागलपुर से 13.00 बजे खुलकर 18.55 बजे पटना जं. रूकते हुए डीडीयू-प्रयागराज छिवकी- सतना-दमोह-उज्जैन के रास्ते 23.04.2024 को 23.55 बजे विश्वमित्री पहुंचेगी। 8. गाड़ी संख्या 09478 पटना-साबरमती स्पेशलः गाड़ी संख्या 09478 पटना-साबरमती स्पेशल दिनांक 22.04.2024 को पटना से 12.30 बजे खुलकर डीडीयू, वाराणसी, लखनऊ, टुण्डला, जयपुर के रास्ते 23.04.2024 को 21.30 बजे साबरमती पहुंचेगी। 9. गाड़ी संख्या 01425 पुणे-दानापुर स्पेशलः गाड़ी संख्या 01425 पुणे-दानापुर स्पेशल दिनांक 25.04.24 को पुणे से 19.55 बजे खुलकर 27.04.24 को 04.30 बजे दानापुर पहुंचेगी। 10. गाड़ी संख्या 01426 दानापुर-पुणे स्पेशलः गाड़ी संख्या 01426 दानापुर-पुणे स्पेशल दिनांक 27.04.2024 को दानापुर से 06.30 बजे खुलकर 28.04.2024 को 17.35 बजे पुणे पहुंचेगी। 11. गाड़ी संख्या 01081 एलटीटी-दानापुर स्पेशलः गाड़ी संख्या 01081 एलटीटी-दानापुर स्पेशल दिनांक 25.04.2024 एवं 29.04.2024 को एलटीटी, मुंबई से 10.30 बजे खुलकर अगले दिन 19.00 बजे दानापुर पहुंचेगी। 12. गाड़ी संख्या 01082 दानापुर-एलटीटी स्पेशलः गाड़ी संख्या 01082 दानापुर-एलटीटी स्पेशल दिनांक 26.04.2024 एवं 30.04.2024 को दानापुर से 22.00 बजे खुलकर क्रमशः 28.04.2024 एवं 02.05.2024 को 04.50 बजे एलटीटी, मुंबई पहुंचेगी। 13. गाड़ी संख्या 09422 दानापुर-अहमदाबाद स्पेशलः गाड़ी संख्या 09422 दानापुर-अहमदाबाद स्पेशल दिनांक 25.04.2024 को दानापुर से 05.30 बजे खुलकर डीडीयू, प्रयागराज छिवकी, कटनी मुरवारा, बीना, उज्जैन के रास्ते 26.04.2024 को 13.00 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, लातेहार
(जिला निर्वाचन शाखा)
(E-mail id:- dy.eolatehar1@gmail.com
–::आदेश::–
लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 160 के तहत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैं गरिमा सिंह (भा0प्र0से0) जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, लातेहार भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन–2024 के निमित्त दिनांक 10.05.2024 से मतदान प्रक्रिया की समाप्ति तक लातेहार जिला अन्तर्गत सभी अधिसूचित मतदान केन्द्रों/इंटरमीडिएट स्ट्रॉग रूम के रूप में चिन्हित भवनों को कैम्पस/उपस्कर सहित अधिग्रहण करती हूँ। साथ ही सभी संबंधित कार्यालय प्रधान को आदेशित करती हूॅ कि वे संबंधित भवनों को चुनाव कार्य हेतु जिला प्रशासन, लातेहार को (उपस्कर सहित) उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, लातेहार।
PR 323940 Latehar(24-25)D

## संक्षिप्त समाचार

### ललन सिंह का नामांकन आज, सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा और चिराग शामिल

**मुंगेर।** मुंगेर लोकसभा-28 से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन समर्थित जदयू प्रत्याशी राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह आज अपना पर्चा दाखिल करेंगे। जदयू प्रत्याशी के नामांकन में बिहार सरकार के दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा शिरकत करेंगे। उपमुख्यमंत्री के अलावा बिहार सरकार के मंत्री व जदयू के वरिष्ठ नेता विजय कुमार चौधरी और लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान भी शामिल होंगे। बताया जा रहा है कि नामांकन के लिए जुलूस पूरबसराय दिलीप धर्मशाला से सुबह 10 बजे निकलेगी और कलेक्ट्रेट तक जाएगी। बाद में जदयू लोकसभा प्रत्याशी ललन सिंह अपना नामांकन जिला निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में कराएंगे। वहीं नामांकन के दौरान पार्टी समर्थकों की होने वाली भीड़ के मद्देनजर जिला प्रशासन सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं।

### अर्धनग्न अवस्था में मिला बुजर्ग का शव, लू लगने से जताई जा रही मौत की आशंका



**नालंदा।** नालंदा में एक अधेड़ के शव को पुलिस ने शुक्रवार को बरामद की। मामला बिन्द थाना क्षेत्र अंतर्गत मीरा चक गांव के छोटकी खिली खंधा का है। देर शाम पुलिस शव को लेकर बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंची। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। वहीं शव मिलने की सूचना पर इलाके में सनसनी फैल गई। बिन्द थाना अध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि मीराचक गांव के खंधा से एक अधेड़ का अर्धनग्न शव बरामद की गई। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची जहां से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। प्रथम दृष्टया लू लगने से मौत की आशंका व्यक्त की जा रही है। अधेड़ की उम्र करीब 45 से 50 वर्ष के बीच है। अधेड़ ने सिर्फ लूंगी पहन रखी था। अधेड़ एक पैर से दिव्यांग है। फिलहाल पुलिस शव की पहचान के लिए आसपास के थानों एवं सोशल मीडिया का सहारा ले रही है। शव के पहचान होने के उपरांत ही विस्तृत जानकारी दी जा सकती है। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

### राहुल बोले-हिंदुस्तान को 2 तरह के शहीद नहीं चाहिए

**भागलपुर।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भागलपुर में जनसभा की। यहां उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग बात करते हैं, इतनी सीटें आएंगी, उतनी सीटें आएंगी, लेकिन मैं कहता हूं- एनडीए को 150 से ज्यादा सीट नहीं आएगी। उन्होंने आगे कहा कि हमारी सरकार बनते ही अग्निवीर योजना को उठाकर फेंक देंगे। देश को 2 तरह के शहीद नहीं चाहिए। राहुल गांधी के 12 मिनट के भाषण में उनका जोर रोजगार पर था। उन्होंने बताया कि इंडी गठबंधन की सरकार बनी तो किस तरह की योजना लाएंगे। उन्होंने कहा कि जो पैसा मोदी सरकार ने अमीरों में बांटा वो हमारी सरकार बनी तो गरीबों को देंगे। भागलपुर



सैंडिस कंपाउंड में राहुल की सभा में तेजस्वी यादव, मुकेश सहनी, प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह भी शामिल हुए। तेजस्वी यादव ने अपने 3 मिनट के भाषण में कहा कि 400 पार की फिल्म फ्लॉप हो चुकी है। पहले और दूसरे फेज में हम जीत रहे हैं। उन्होंने पूर्णिया से राजद प्रत्याशी बीमा भारती के पक्ष में भी प्रचार किया। बता दें कि भागलपुर से इस सीट पर कांग्रेस के प्रत्याशी अजीत शर्मा हैं। यहां उनका मुकाबला जेडीयू प्रत्याशी और सीटिंग सांसद अजय कुमार मंडल से है। वहीं पूर्णिया से राजद उम्मीदवार बीमा भारती भी कार्यक्रम में मौजूद रहीं।

### बाइक सवार को धक्का मार ट्रक चालक फरार



**भागलपुर।** भागलपुर में शनिवार की सुबह भीषण सड़क हादसा हुआ है। अज्ञात ट्रक ने बाइक सवार को धक्का मार दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। घटना जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के मोदीपुर होटल के समीप की है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची कजरेली पुलिस ने घायल युवक को स्थानीय रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज जारी है। स्थानीय लोगों ने घटना के संबंध में बताया कि बाइक सवार युवक कजरेली की तरफ से आ रहे थे और गौराचक्की की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने ठोकर मार दी। हादसे में बाइक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो ग या। कजरेली के रास्ते गौराचक्की लौट रहा था स्थानीय लोगों के सहयोग से पुलिस ने युवक को बेहोशी हालत में कजरेली रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया है। घायल बाइक सवार युवक की पहचान गौराचक्की निवासी कैलाश शाह की राजेश कुमार के रूप में की गई है। राजेश किसी काम से अमरपुर के फुल्लीडूमर गया हुआ था। वहां से कजरेली के रास्ते गौराचक्की लौट रहा था। इसी दौरान जगदीशपुर थाना क्षेत्र के मोतीपुर होटल के समीप सड़क हादसे का शिकार हो गया। पुलिस ने बाइक को जब्त कर घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। मामले को लेकर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### एनडीए प्रत्यासी ललन सिंह आज करेंगे नामांकन दाखिल

**मुंगेर।** मुंगेर लोकसभा सीट के लिए आज शनिवार को एनडीए प्रत्याशी ललन सिंह नामांकन दाखिल करेंगे। इसके पहले एनडीए प्रत्याशी राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह शहर में जुलूस निकालेंगे। इसमें उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत कई नेता और मंत्री शामिल हुए हैं। जुलूस को लेकर जिला प्रशासन ने जगह-जगह पर ड्रॉप गेट लगाया है। वाहनों की एंट्री पर रोक लगाते हुए कई जगहों पर



दंगा नियंत्रण के लिए पुलिस की तैनाती की गई है। वहीं नामांकन को लेकर विजय चौधरी ने कहा कि इस बार का चुनाव विकास के मुद्दे पर लड़ा जाएगा। इसके साथ ही जदयू नेता गौरव शर्मा और कई कार्यकर्ता बाइक जुलूस निकालकर नामांकन में शामिल होने आएंगे। इसमें कलेक्ट्रेट तक ललन सिंह भी साथ रहेंगे।

# नालंदा में 21-22 अप्रैल को होगा कुंडलपुर महोत्सव

## बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अरलेकर करेंगे उद्घाटन

निज संवाददाता। नालंदा

भगवान महावीर की जन्मस्थली कुंडलपुर में कुंडलपुर महोत्सव का आयोजन 21 और 22 अप्रैल को मनाया जाएगा। बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर इस महोत्सव के मुख्य अतिथि होंगे। कुंडलपुर के मंत्री विजय कुमार जैन ने बताया कि भगवान महावीर की 2623वीं जन्म जयंती का समारोह मनाने के लिए हम सभी लोग यहां एकत्रित हुए हैं। हम सभी लोग 21 और 22 अप्रैल को यह महोत्सव मना रहे हैं। जिसमें हर बार की तरह सुबह झंडारोहण के साथ रथ यात्रा का आयोजन करते हैं। जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से जैन श्रद्धालु पधारते हैं। मुख्य मंदिर में विराजमान भगवान महावीर की पंचामृत से महा मस्तीका



अभिषेक करेंगे। 21 तारीख की शाम में बिहार के राज्यपाल दीप प्रज्ज्वलित कर कुंडलपुर महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। महोत्सव में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन होगा। कलाकारों द्वारा भगवान महावीर के जन्म से लेकर मोक्ष तक के यात्रा को दिखाएंगे। दूसरे दिन 22 अप्रैल को नित्य अभिषेक पूजन, विश्व शांति महावीर मंडल विधान और संध्या में जैन भजन गायक नवीन पांडया की प्रस्तुति नालंदा संगीत कला विकास संस्थान की होगी। जिलाधिकारी ने कुंडलपुर महोत्सव के सफल आयोजन के लिए पदाधिकारी को साफ सफाई, विधि व्यवस्था, यातायात सुविधा, लाइटिंग, सांस्कृतिक कार्यक्रम, रंगोली, पेंटिंग प्रतियोगिता, पेय जल, शौचालय, प्रचार प्रसार की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का स समय निर्देश दिया है। साथ ही उन्होंने कहा है कि आदर्श आचार संहिता के देखते हुए कोई भी कार्यक्रम राजनीतिक दलों और पार्टियों से संबंधित न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

# हथियार-कारतूस के साथ एक तस्कर गिरफ्तार



निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा की मानपुर पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए हथियार तस्कर को पकड़ने में सफलता हासिल की है। मानपुर थाना अध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध हथियारों की बरामदगी के लिए लगातार गुप्त सूचना पर छापेमारी की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गोंगरी पर निवासी विकास कुमार उर्फ बटोरन अवैध हथियारों की खरीद बिक्री करता है तथा अवैध हथियार को बेचने के लिए लाकर घर में रखे हुए है। इसके बाद कार्रवाई करते हुए गोंगरी पर गांव स्थित विकास कुमार के घर की घेराबंदी की गई। जहां छापेमारी के क्रम में विकास कुमार के कमरे के बेड के नीचे से एक देसी कट्टा, दो देसी राइफल, 19 जिंदा कारतूस एवं एक खोखा बरामद किया गया एवं मौके से विकास कुमार उर्फ बटोरन को गिरफ्तार कर लिया गया। इसको लेकर मानपुर थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। विकास का आपराधिक इतिहास के संबंध में पता लगाया जा रहा है। साथ ही हथियार के स्रोत का भी पुलिस पता लगाने में जुट गई है।

# प्रेम-प्रसंग में नवादा के युवक की हत्या, अज्ञात अपराधियों पर दर्ज हुआ मामला

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के कतरीसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत छाछू बीघा गांव के पास शुक्रवार की सुबह नवादा के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत मंझानपुर गांव निवासी हीरा यादव के बेटे संदीप कुमार(24) का शव पुलिस ने बरामद किया था। इस मामले में संदीप के पिता हीरा यादव द्वारा कतरीसराय थाना में अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कराया गया है। इसमें उन्होंने बताया कि किसी लड़की से उनके बेटे का प्रेम प्रसंग चल रहा था, जो छाछू बीघा गांव की रहने वाली है। परिजनों ने बताया कि संदीप अक्सर वीडियो ऑडियो कॉल पर किसी लड़की से बात किया करता था। परिजन आशंका व्यक्त कर रहे हैं कि लड़की के ही बुलावे पर संदीप छाछू बीघा मेला देखने पहुंचा था। जहां उसकी हत्या कर दी गई है। वह गिरियक प्रखंड के घोषरामा स्थित कॉलेज से ग्रेजुएशन कर रहा था। कतरीसराय थाना अध्यक्ष सत्यम तिवारी ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज




कर पुलिस मामले की अनुसंधान में जुट गई है। वहीं, युवक के मोबाइल का भी पता लगाया जा रहा है। शव को पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। लाठी-डंडे या रॉड से उसकी पिटाई की गई। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा। दरअसल, संदीप मेला देखने की बात कह कर घर से निकला था। इसके बाद शुक्रवार की रात करीब 2 बजे उसने अपने भाई को कॉल कर बताया कि उसके साथ मारपीट की जा रही है। इसके बाद उसका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। सुबह हत्या की बात परिवार वालों को पता लगी।

# भागलपुर में राहुल गांधी की चुनावी सभा, कांग्रेस प्रत्याशी अजीत शर्मा को वोट देने की अपील

निज संवाददाता। भागलपुर

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी शुक्रवार को भागलपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सैंडिस कंपाउंड में जनता को संबोधित किया। इस सभा में बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और वीआईपी प्रमुख मुकेश साहनी भी शामिल हुए। इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी अजीत शर्मा के समर्थन में सभा किया। भागलपुर के सेंडिस कंपाउंड मैदान में आम सभा को संबोधित करने पहुंचे इंडिया गठबंधन के कई कद्दावर नेता एक साथ मंच पर दिखे। इस सभा को देखने के लिए आए लोगों से भास्कर टीम ने बातचीत की। लोगों ने इस दौरान बताया कि इस बार राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाएंगे। लोगों ने आगे बताया कि बेरोजगारी के मुद्दों पर इस बार वोट करेंगे। उम्मीद है कि राहुल गांधी हमलोगों को जो आश्वासन दिए हैं वह पूरा करेंगे। वहीं, सभा में पहुंचे अभिषेक ने बताया कि पढ़े-लिखे युवा आज बेरोजगार हैं। अगर हम लोग डेमोक्रेसी को नहीं बचाए तो



करियर हमलोगों का खराब हो सकता है। इसलिए हमलोग इंडिया गठबंधन को सपोर्ट कर रहे हैं। अगर अभी हम लोग नहीं देखेंगे तो हम लोग का भविष्य खतरे में है। राहुल गांधी ने हम लोगों को भरोसा दिलाया है कि सरकार में आने के बाद रोजगार देंगे हम लोगों को अगर रोजगार नहीं मिलेगा तो हम लोग क्या करेंगे?? पढ़े लिखे युवा ई रिक्शा चला रहा है। मौजूदा सांसद और सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि भागलपुर में बड़ी-बड़ी कंपनी नहीं आ रही। अभी तक यहां की युवा बेरोजगार है। मजबूरन किसी तरह मजबूरी कर अपना घर का भरण पोषण कर रहे हैं। राहुल गांधी को लेकर उन्होंने कहा कि इस बार युवा आपका समर्थन करें और इस बार जीत कर सरकार बनाएंगे। वहीं, सभा में पहुंचे महिलाओं ने कहा कि इस बार बेरोजगारी पर वोट करेंगे। सभा को संबोधित करने के दौरान पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी प्रसाद यादव ने भी बीजेपी पर तंज कसा, उन्होंने अपने संबोधन के दौरान कहा कि 400 की पार फिल्म फ्लॉप हो चुकी है। वहीं राहुल गांधी ने भी बीजेपी पर तंज कसा है।

# चुनाव ड्यूटी शिक्षक की सड़क हादसे में मौत, EVM जाम कर लौट रहे थे घर

निज संवाददाता। गया

शुक्रवार की देर शाम मतदान से जुड़े सभी काम निबटा कर घर को लौट रहे मतदान कर्मी (शिक्षक) सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वे ईवीएम जमा कराने के बाद घर को बाइक से लौट रहे थे। रास्ते मे किसी अज्ञात वाहन ने धक्का मार दिया था। इससे वे बुरी तरह से जख्मी हो गए थे। हालांकि उन्हें देर रात मगध मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था लेकिन शनिवार को इलाज के दौरान सुबह 10 बजे के करीब मौत हो गई। इस बात की जानकारी शादीपुर मिडिल स्कूल के प्रिंसिपल मुकेश कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि इस घटना से शिक्षक समाज मे शोक की लहर है। दरअसल, शिक्षक



सालंकी मानपुर प्रखण्ड के शादीपुर मिडिल स्कूल में बतौर फिजिकल टीचर कार्यरत थे। मतदान में उनकी ड्यूटी लगी थी। उन्हें गुरारू के किसी बूथ पर भेजा गया था। मतदान निबटाने के बाद उन्होंने देर शाम गया कालेज स्थित स्ट्रांग रूम में सभी सामान जमा कराया और फिर अपनी बाइक से वे घर अलीपुर को निकल पड़े। रास्ते में पहासवर के निकट किसी अज्ञात वाहन ने धक्का मार दिया। इससे वे जख्मी हो गए। बताया जा रहा है कि वे सड़क पर देर तक मदद के इंतजार में पड़े थे। रास्ते से गुजर रहे किसी व्यक्ति ने किसी तरह से उन्हें मगध मेडिकल हॉस्पिटल पहुंचाया। रात भर उनकी स्थिति गम्भीर बनी रही। सुबह 10 बजे करीब उन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मेडिकल थाने को दी गई है। थानाध्यक्ष शैलेश कुमार ने बताया फरद बयान दर्ज किए गए हैं।

# स्कूल वैन और कार में टक्कर, 8 बच्चे घायल

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में शनिवार की सुबह स्कूल वाहन और कार की टक्कर हो गई। जिसमें 8 स्कूली बच्चे जख्मी हो गए। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार सरस्वती विद्या मंदिर का स्कूली वाहन बच्चों को लाने के लिए करमपुर गांव जा रहा था। एक लेने से दूसरी लेने में जाने के दौरान गिरियक की तरफ से आ रही कार ने पीछे से टक्कर मार दी। घायल बच्चों को पावापुरी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। हादसे में कार चालक भी जख्मी हो गया। उसे भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना निर्माणाधीन बख्तियारपुर-रजौली फोरलेन पावापुरी ओपी क्षेत्र अंतर्गत करमपुर गांव की है।

**स्कूल पहुंचने से पहले हादसाः** स्कूली वाहन में बेलदरियापर, भोजपुर, रैतर, जुनैदी गांव के करीब 8 बच्चे सवार थे। करमपुर के बच्चों को




बैठाकर पावापुरी नालंदा रोड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर जाते कि इसके पहले सड़क दुर्घटना हो गई। घटना की जानकारी जैसे ही बच्चों के परिजनों को मिली मौके पर उनकी भीड़ जुट गई।

**वाहनों को हटाकर यातायात शुरू करवाया गयाः** पावापुरी ओपी प्रभारी ने बताया कि स्कूली वाहन रोड क्रॉस कर रहा था। इसी बीच विपरीत दिशा से आ रही कार ने टक्कर मार दी। जिसके कारण स्कूल वाहन में सवार बच्चे घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

# 11 आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

निज संवाददाता। गया

लोकसभा मतदान के तहत कुल 11 लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। उन्हें चुनाव समाप्त होने के बाद पुलिस द्वारा बांड भरवाए जाने के बाद छोड़ दिया गया है। ये 11 लोग वे हैं जिन्होंने मतदान स्थल पर मनमानी करने की कोशिश की थी। इसके अलावा एक युवक को भी गिरफ्तार किया गया। शराब मामले में लंबे समय से फरार चल रहा था। शराब मामले के आरोपी को पुलिस ने मतदान के दौरान गिरफ्तार किया। पकड़ा गया आरोपी अरुण भुइयां है। इसके खिलाफ वर्ष 2022 में गुरुआ थाना क्षेत्र में केस दर्ज किया गया था। वह दो सालों से लगातार फरार चल रहा था। उसे शनिवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। इस बात की जानकारी एसएसपी आशीष भारती ने दी है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि जिले के छकरबन्धा थाना क्षेत्र के सभी बूथों पर शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न



हुए। ओवरऑल गया में भी चुनाव बेहतर ढंग से शांतिपूर्वक मतदान कराया गया। कहीं से कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। शांतिपूर्ण मतदान में पारा मिलिट्री, प्रशासन और जिला पुलिस के सभी अधिकारियों और कर्मियों का भरपूर सहयोग मिला है। वहीं, डीएम डॉ.त्यागराजन ने बताया कि गया लोकसभा के तहत शांतिपूर्वक मतदान सम्पन्न कराया गया है। अब जिले के अतरी विधानसभा में मतदान होने हैं जो जहानाबाद लोकसभा के तहत आता है। उसे भी शांतिपूर्वक बेहतर तरीके से निपटाया जाएगा। उन्होंने स्वीकार किया कि व्यवस्था और सुविधा के दृष्टिकोण से थोड़ी बहुत कमियां रहीं हैं।

# मांझी के वोट प्रतिशत में इजाफा, मतदाताओं की संख्या बढ़ी लेकिन कम हो गए वोट प्रतिशत

निज संवाददाता। गया

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में गया में हुए मतदान में 2014 और 2019 के मुकाबले वोट प्रतिशत कम रहा। इस चुनाव में ओवरऑल 52% मतदान हुआ जो कि 2014 में हुए मतदान से 1.92% और 2019 में हुए मतदान से 4.18% कम है। 2014 में गया लोकसभा में 53.92% और 2019 में 56.18% मतदान हुआ था। इस आंकड़े को थोड़ा विस्तार से समझे तो गया लोकसभा क्षेत्र में 2014 से 2024 तक मतदाताओं को संख्या तो बढ़ी लेकिन उस अनुपात में वोट प्रतिशत नही बढ़ सका। वोटरों की संख्या को लेकर बात करे तो 2014 में गया



लोकसभा क्षेत्र में कुल वोटर की संख्या 15,00,751 थी, जो 2019 में बढ़ोतरी के साथ 16,98,772 पर पहुंची। जबकि 2024 में वोटरों की संख्या 18,16,815 रही।

**2014 में 53.92% हुआ था मतदानः** 10 अप्रैल 2014 को गया में हुए कुल मतदान में वोट का प्रतिशत 53.92 रहा। इसमें उम्मीदवार अनुसार भाजपा के हरि मांझी 40.30% वोट के साथ विजयी हुए। 26.03% वोट लाकर राजद के उम्मीदवार रामजी मांझी दूसरे व 16.28% वोट के साथ जदयू के जीतन राम मांझी तीसरे स्थान पर रहे थे।

**2019 में 56.18% ने किया था वोटः** 11अप्रैल 2019 को हुए कुल मतदान में वोट का प्रतिशत 56.18 रहा। जो कि पिछले चुनाव से सिर्फ 2.66% अधिक रहा। इस चुनाव में उम्मीदवार अनुसार जदयू के विजय मांझी 48.29% वोट के साथ विजयी हुए। 32.86% वोट के साथ हम के जीतन राम मांझी दूसरे स्थान पर रहे। मसलन साफ है कि 2014 और 2019 म3 बेशक जीतन राम मांझी लोकसभा का चुनाव हारे थे लेकिन उनका वोट प्रतिशत 2014 की अपेक्षा 2019 में दुगना बढ़ा था। 2014 में वे खुद की पार्टी हम से थे तो 2019 में वे महागठबंधन से थे। इस बार वे एनडीए से हैं। एनडीए का अपना वोट है। एनडीए 2009 से लगातार 2019 तक वोट प्रतिशत में वृद्धि की है। यही वजह है कि भाजपा के लोग का दावा है कि इस बार भी वे वृद्धि करेंगे। लेकिन उनका यह दावा कितना सच होता है यह 4 जून को ही पता चलेगा। इधर जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन ने बताया कि ओवरऑल वोट प्रतिशत 52% अनुमानित था। यह बढ़ सकता था। उन्होंने कहा भीषण गर्मी और शादी की वजह से एक प्रतिशत वोट में कमी दिखी।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहिया क्रिकेट अकादमी (ब्लू) 5 विकेट से विजयी



**आरा।** भोजपुर जिला क्रिकेट संघ अंतर्गत खेली जाने वाली जिला क्रिकेट लीग के सीनियर डिवीजन में आज स्टूडेंट 11 क्रिकेट क्लब ब्लू बनाम बिहिया क्रिकेट अकादमी ब्लू के बीच मैच महाराजा कॉलेज के खेल मैदान पर शुरू हुआ। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए स्टूडेंट ब्लू की टीम ने 35 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 188 रन बनाए। स्टूडेंट ब्लू की तरफ से कुणाल पांडे ने सर्वाधिक 38 रन, वरुण राज ने 32 रन, मयंक ने 29 रन, अमित ने नाबाद तीसरा मोहित ने 13 रन और अनीश ने 11 रनों का योगदान किया। बिहिया क्रिकेट अकादमी ब्लू की तरफ से गेंदबाजी करते हुए शिवम सिंह ने सर्वाधिक 4 विकेट, वीरू ने तीन विकेट, हृदया और आदित्य प्रकाश को एक-एक विकेट मिला। 188 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिहिया क्रिकेट अकादमी ब्लू की टीम ने मात्र 25 ओवर में ही जीत के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। हृदयानंद ने सर्वाधिक 62 रन, मोहम्मद कैफ ने 27 रन, अमर ने नाबाद 53 रन और विक्की ने 13 रनों का योगदान किया। स्टूडेंट ब्लू की तरफ से गेंदबाजी करते हुए वरुण राज ने सर्वाधिक तीन विकेट, अनीश और मोहित को एक-एक विकेट मिला। इस प्रकार बिहिया क्रिकेट अकादमी ब्लू ने यह मैच 5 विकेट से जीत लिया। आज के मैच के निर्णायक रोशन और शशांक थे, स्कोरिंग राजीव ने की। मैच के दौरान जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारी सीनियर खिलाड़ी विभिन्न क्लबों के सचिव उपस्थित रहे। कल का मैच जूनियर डिवीजन का दूसरा सेमीफाइनल मैच सीएबी ग्रीन बनाम भोजपुर पैंथर के बीच सुबह 9 बजे महाराजा कॉलेज के खेल मैदान पर होगा। इसकी जानकारी लीग संयोजक आकाश कुमार ने दी।

### 15 बीघे में लगी गेहूँ की फसल जलकर राख, बक्सर में अग्निशमन की टीम ने दो घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू

**बक्सर।** बक्सर जिले के इटाढी प्रखंड के भारचकीया गांव के खेत में अचानक आग लगने से 15 बीघा में लगी गेंहू की फसल जलकर राख हो गई। आग की लपटे देख किसानों द्वारा उसे बुझाने का प्रयास किया गया लेकिन आग कुछ सेकेंड में ही बिकराल रूप पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची अग्निशमन की तीन गाड़ियों द्वारा आग बुझाने का प्रयास किया गया। दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। हालांकि किसानों में बिजली विभाग के प्रति आक्रोश भी देखा गया। बता दे की बक्सर जिले में रोजाना आगलगी की घटना से



किसानों के अरमानों पर पानी फिर रहा है। जिसे लेकर जिले में गेहूँ की कटाई काफी तेजी से किया जा रहा है। वही बक्सर डीएम द्वारा डंठल जलाने वाले किसानों से गेहूँ की कटाई के बाद डंठल न जलाने का अपील भी किया जा रहा है। जिले के इटाढी थाना क्षेत्र के भारचकीय गांव खेत में अचानक आग लगने से सालिक सिंह कुशवाहा का 15 बीघे लगी गेहूँ की फसल जलकर राख हो गया। वहीं तेज गर्म हवा के चलते आग ने विकराल रूप लेकर फसल को जलाकर राख कर दिया सालिक सिंह कुशवाहा ने बताया कि अगलगी के समय सूचना पर अगर बिजली विभाग द्वारा बिजली दे दिया जाता तो खेतों में लगे मोटर, स्मर्सिबल के सहारे आग पर काबू पाने का प्रयास किया जाता जिससे हमें कुछ हद तक सफलता भी मिलता। हालांकि जिले बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग न लगे इसके लिए गांव से गुजरने वाली बिजली को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक बंद रखने का आदेश है।जब तक की जिले गेहूँ की कटाई समाप्त न हो जाए।

### एनडीए समर्थित प्रत्याशी को जिताने के लिए महिला मोर्चा करेगी प्रचार



**ब्रह्मपुर।** एनडीए समर्थित उम्मीदवार मिथिलेश तिवारी के लिए बगेन महिला मोर्चा ने कमर कस लिया है। बगेन मण्डल की ओर से मंडल अध्यक्ष उदय उज्जैन के नेतृत्व में बगेन मंडल के महिला मोर्चा की अध्यक्षा मालती देवी की अध्यक्षता में बक्सर लोकसभा के उम्मीदवार सह प्रदेश महामंत्री के पक्ष में बेहतर रणनीति तैयार करने पर चर्चा की गई। वहीं वोट के प्रति महिलाओं के बीच जागरुकता अभियान चलाया गया। मंडल अध्यक्ष उदय उज्जैन ने महिलाओं के बीच कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जी के इस बार 400 पार को पूरा करने में मातृ शक्ति का बहुत बड़ा योगदान रहेगा। देश के प्रधानमंत्री ने मातृ शक्ति के लिए उज्ज्वला योजना, गरीब कल्याण योजना, आयुष्मान कार्ड जैसे दर्जनों योजना दिए है। बगेन मंडल महिला मोर्चा के अध्यक्ष मालती देवी ने कहा कि समय आ गया है कि प्रधानमंत्री के किये हुए कार्य को हमलोग 1 जून को प्रधानमंत्री के 400 पार के नारों को अमलीजामा पहनाने मे कोई कोर कसर नहीं छोड़ा जाएगा। जरूरत पड़ेगा तो घर से बाहर निकालना भी होगा। इस में मंडल महामंत्री मंजी पासवान, समाजसेविका सीमा सिंह, लीलावती देवी, मीना देवी, अनू देवी कुसुम देवी, रिंकू देवी, सोनम देवी सोनी देवी, टिंकू देवी, निर्मला देवी, मंजू देवी शामिल रही।

### मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए गांवों में जा मतदाताओं को किया जा रहा जागरुक



**बक्सर।** शहर के बाईपास रोड स्थित एक होटल में भगवान वामन चेतना मंच के सदस्यों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मृत्युंजय तिवारी ने की। वहीं संचालन संजय ओझा ने किया। इस दौरान मंच के विकास एवं विस्तार को लेकर चिंतन मंथन किया गया। इसके अलावा आगामी लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने को लेकर जागरुकता अभियान चलाने के लिए चर्चा की गई। सर्वसम्मति से अलग-अलग टोली बनाकर नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं को आगामी एक जून को मतदान करने के लिए जागरूक किया जाएगा, ताकि मतदाता अपने मत का प्रयोग कर सके। इस मौके पर प्रकाश पांडेय, प्रमोद चौबे, राकेश पांडेय, सरोज तिवारी, आशुतोष चतुर्वेदी, अखिलेश पांडेय, दयानंद उपाध्याय, अभिषेक ओझा, धर्मेंद्र दुबे, विमलेश पाठक समेत अन्य सदस्य मोदी थे।

बक्सर में हिट वेब को लेकर अलर्ट

# DM ने की लोगों से जरूरी कार्य पर ही घर से निकलने की अपील

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर हिट वेव जैसी स्थिति पैदा हो गई है। लगातार गर्म हवा चलने के कारण जगह जगह अगलगी जैसी घटना देखने को मिल रही है। वहीं इस गर्म हवा की चपेट में आकर लोग बीमार न पड़े इसको लेकर बक्सर के डीएम अंशुल अग्रवाल ने जिले वासियों से अपील की है की बहुत ज्यादा जरूरी काम हो तभी घर से बाहर निकले। इस समय छाता या मोटे कपड़े से सर को ढंक कर चले। इसके साथ लोगो को आपदा विभाग से जारी एडवाइजरी के अनुसार अधिक से अधिक पे पदार्थ भोजन आदि के रूप में लेने के लिए कहा है।बता दे इस समय बक्सर जिले में तापमान की बात करे तो मौसम विभाग के अनुसार दोपहर में 40 से 42 डिग्री रह रहा है।



**प्याऊ का किया जा रहा इंतजामः** बक्सर डीएम अंशुल अग्रवाल ने कहा कि बक्सर में हिट बेब को लेकर एडवाइजरी जारी किया गया है। हमलोग ने फेसबुक पेज और मीडिया के माध्यम से सभी लोगो से अपील कर रहे है की अति आवश्यक हो तभी घर से बाहर निकले। हमलोग देख रहे है की रोजना 42 से 43 डिग्री बक्सर का तापमान पहुंच जा रहा है। इसके लिए नगर परिषद और नगर पंचायत क्षेत्रों में भी प्याऊ का इंतजाम किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा निशुल्क प्याऊ की सुविधा का भी इंतजाम कराया जा रहा है।

**अस्पताल में बनाया गया अलग वार्डः** डीएम ने कहा की जिले में हिटबेब जैसी स्थिति से निपटने के लिए जिले के सभी अस्पताल को अलर्ट में रखा गया है। प्रत्येक अस्पताल में लू लगने वाले मरीजों के लिए वार्ड बनाया गया है। इसके साथ ही भूमेटिंग आदि इससे संबंधित जो भी दवाइयां ORS आदि पर्याप्त मात्रा में अभी हॉस्पिटल पर उपलब्ध है। कही भी इस तरह की समस्या न आए इसको लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है।

## संपत्ति के बंटवारे को लेकर मां-बेटे की पिटाई

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के चांदी थाना क्षेत्र के विशनपुर गांव में संपत्ति बंटवारे के विवाद को लेकर दो बेटों ने पिता के साथ मिलकर बुजुर्ग मां और भाई की लाठी डंडे से पिटाई कर दी। मारपीट की घटना में दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। चौथे बेटे की मदद से इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां दोनों का इलाज कराया जा रहा है। जख्मियों में चांदी थाना क्षेत्र के विशनपुर गांव निवासी शिवजी यादव की 58 वर्षीय पत्नी सेल देवी और उनका 23 वर्षीय से पुत्र प्रद्युमन कुमार शामिल है। इधर,जख्मी के भाई राम लखन ने बताया कि वह चार भाई हैं। जिसमें इंद्रजीत और अमर आजाद की शादी हो चुकी है। जबकि दो भाइयों की शादी अभी बाकी है। इंद्रजीत और अमर आजाद अपने पिता के साथ मिलकर करीब 6 महीना से संपत्ति बंटवारे को लेकर झगड़ा कर रहे हैं।




**मामला शांत होने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया:** जब मेरी मां शैल देवी ने कहा कि अभी हमारे दो बेटों की शादी होनी बाकी है, तो पहले संपत्ति और जमीन क्यों बांट दे। इसी बात को लेकर गुस्से में जाकर उनके पति ने अपने दोनों बेटों के साथ मिलकर पहले सेल देवी की जमकर पिटाई की। इसके बाद प्रद्युमन की भी लात-घुसे और डंडे से पिटाई कर दी। मामला शांत होने के बाद मां और भाई को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लेकर आए। जहां दोनों का इलाज कराया जा रहा है।

## विशेष छापेमारी अभियान में 49 की गिरफ्तारी

निज संवाददाता। आरा

लोक सभा चुनाव के मद्देनजर कांड में वांछित आरोपितों की गिरफ्तारी और शराब बरामदगी को लेकर चलाए गए विशेष छापेमारी अभियान में 49 पकड़े गए। इसमें हत्या के प्रयास में 8, पुलिस पर हमले में 12, रंगदारी में 2, शराब में 12 और वारंट में 9 पुलिस के हत्थे चढ़े है। अभियान के दौरान 12 शराब भट्ठियों को तोड़ा गया। 60 लीटर देसी शराब बरामद की गई। 450 लीटर शराब नष्ट की गई है। करीब 46 वारंट और एक कुर्की का निष्पादन किया गया। करीब 723 वाहनों की जांच की गई। डेढ़ लाख रुपए जुर्माना वसूला गया। बड़हरा थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास में दो आरोपितों को पकड़ा। मुफस्सिल थाना क्षेत्र अन्तर्गत पैगा रोड स्थित ईट-भट्ठा चिमनी पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर तोड़फोड़ किए जाने के मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपित ज्वाला सिंह बड़हरा के नथमलपुर गांव का निवासी है। कार नहीं देने पर उपजे विवाद में गोलीबारी और तोड़फोड़ हुई थी। थानाध्यक्ष राजीव रंजन सिन्हा के अनुसार पूर्व में ही पुलिस ने बाइक जब्त की थी। सूचक व आरोपित आपस में रिश्तेदार लगते हैं। पुलिस के अनुसार भकुरा गांव निवासी समीर कुमार का पैगा रोड में ईट-भट्ठा चिमनी है। 10 अप्रैल की रात साढ़े 12 बजे 2 बाइक पर सवार 4 हथियार बंद आरोपित आए थे और दहशत फैलाने के लिए करीब सात-आठ राउंड फायरिंग की थी। ईट-भट्ठा के पास खड़ी कार को क्षतिग्रस्त किया था। जान से मारने की धमकी भी दी थी। इसे लेकर ईट-भट्ठा संचालक ने संबंधित थाना में अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी कराई थी। जिसके आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही थी। इस बीच गुरुवार की रात पुलिस टीम ने छापेमारी कर कांड में संलिप्त आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

## डीडीसी और अन्य अधिकारियों ने निकाली साइकिल रैली, बक्सर में मतदाता को किया जागरूक

निज संवाददाता। बक्सर

### एक जून है लोकसभा चुनाव के लिए वोटिंग




बक्सर लोकसभा सीट के लिए मतदान एक जून को है। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए लगातार तरह तरह के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। शनिवार को बक्सर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल के दिशा निर्देश में बक्सर की अध्यक्षता में मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए साइकिल रैली निकाली गई। साइकिल रैली इटाढ़ी प्रखंड मुख्यालय से प्रारंभ होकर इटाढ़ी धनसोई मुख्य मार्ग होते हुए अतरौना मोड़ से पॉलिटेक्निक कॉलेज होते हुए सरस्ती ग्राम से इटाढ़ी प्रखंड मुख्यालय आकर समाप्त हुआ।शनिवार को जिला प्रशासन द्वारा निकाली गई साइकिल रैली के दौरान करीब सैकड़ों बच्चों ने भाग लिया। रैली में अपील की और लोकतंत्र के पर्व भी मनाने का अनुरोध किया गया। इस बार के लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु 01 जून, 2024 (शनिवार) को घरों से निकलकर मतदान केंद्र पर अपना मत का प्रयोग करेंगे और लोकतंत्र में अपना सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह बक्सर डीएम द्वारा सभी को अवगत कराया गया कि विगत लोक सभा आम निर्वाचन 2019 में 33-बक्सर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का वी0टी0आर0 53.95 प्रतिशत था। जबकि 203-रामगढ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान प्रतिशत 58.51 प्रतिशत एवं 210-दिनारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान प्रतिशत 48.39 प्रतिशत था। जिलाधिकारी द्वारा इस बार इसे 65 से 70 प्रतिशत तक बढ़ाने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर सहायक निर्वाची पदाधिकारी राजपुर (202)-सह-भूमि सुधार उप समाहर्ता बक्सर, अवर निर्वाचन पदाधिकारी बक्सर, प्रखंड विकास पदाधिकारी इटाढ़ी एवं प्रखंड स्तरीय सभी पदाधिकारी, नगर पंचायत के मुख्य पार्षद, वार्ड पार्षद, स्वास्थ्य विभाग के कर्मी, प्रधानाध्यापक आदि उपस्थित थे।


## पूर्व मध्य रेल

### ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य) पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा मंडल के निम्नवत स्टेशनों पर पाँच (05) वर्षों के लिए कैटरिंग स्टालो का संचालन हेतु ई-नीलामी आमंत्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है :-

| 1 | कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि | ई-नीलामी कैटलॉग संख्या | ई-नीलामी लॉट संख्या | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| AA/1 | चिरैला पौथु हाल्ट के अप प्लेटफार्म पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए। | CATG-DDU-34 | Catg-DDU-CPBH-GMU-77-23-2 | ई-नीलामी दिनांक 26.04.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 12.30 बजे बंद होगी। |
| AA/2 | नोनार हाल्ट स्टेशन के अप प्लेटफार्म पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए। | | Catg-DDU-NON-GMU-58-23-2 | ई-नीलामी दिनांक 26.04.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 12.40 बजे बंद होगी। |
| AA/3 | परैया स्टेशन के प्लेटफार्म सं० 01 पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए। | | Catg-DDU-PRY-GMU-4-23-1 | ई-नीलामी दिनांक 26.04.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 12.50 बजे बंद होगी। |
| AA/4 | हैदर नगर स्टेशन के प्लेटफार्म सं० 1 पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए। | | Catg-DDU-HDN-GMU-51-23-2 | ई-नीलामी दिनांक 26.04.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.00 बजे बंद होगी। |
| AA/5 | कोसियारा स्टेशन के प्लेटफार्म सं० 01 पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए। | | Catg-DDU-KVQ-GMU-52-23-2 | ई-नीलामी दिनांक 26.04.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.10 बजे बंद होगी। |
| AB/1 | घुसिया कलां हाल्ट स्टेशन के प्लेटफार्म सं० 04 पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए | | Catg-DDU-GSK-SMU-59-23-1 | ई-नीलामी दिनांक 26.04.2024को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.20 बजे बंद होगी। |
| AB/2 | धनैचा हाल्ट के अप प्लेटफार्म पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए। | | Catg-DDU-DCX-SMU-15-23-3 | ई-नीलामी दिनांक 26.04.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.30 बजे बंद होगी। |
| AB/3 | सिगसिगी प्लेटफार्म सं० 01 पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए। | | Catg-DDU-SQS-SMU-55-23-2 | ई-नीलामी दिनांक 26.04.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.40 बजे बंद होगी। |
| AB/4 | बढकी सलैया स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 01 पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए | | Catg-DDU-BSYA-SMU-48-23-1 | ई-नीलामी दिनांक 26.04.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.50 बजे बंद होगी। |
| AB/5 | गढ़ नोखा स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 01 पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए | | Catg-DDU-GNK-SMU-64-23-2 | ई-नीलामी दिनांक 26.04.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 14.00 बजे बंद होगी। |
| AA/1 | सतबहनी स्टेशन के प्लेटफार्म सं 01 परकैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए | CATG-DDU-35 | Catg-DDU-SZF-GMU-53-23-2 | ई-नीलामी दिनांक 27.04.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 12.30 बजे बंद होगी। |
| AA/2 | गंजखवाजा स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 01 पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए। | | Catg-DDU-GAQ-GMU-9-23-1 | ई-नीलामी दिनांक 27.04.2024को 12.00 बजे शुरू होगी और 12.40 बजे बंद होगी। |
| AA/3 | सैयदराजा स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 01 पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए | | Catg-DDU-SYJ-GMU-12-23-1 | ई-नीलामी दिनांक 27.04.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 12.50 बजे बंद होगी। |
| AA/4 | कर्मनाशा स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 01 पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए | | Catg-DDU-KMS-GMU-13-23-1 | ई-नीलामी दिनांक 27.04.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.00 बजे बंद होगी। |
| AB/1 | करकटा स्टेशन प्लेटफार्म सं० 2/3 पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए | | Catg-DDU-KRTA-SMU-54-23-2 | ई-नीलामी दिनांक 27.04.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.10 बजे बंद होगी। |
| AB/2 | इसमाइलपुर स्टेशन के प्लेटफार्म सं० 1/2 पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए | | Catg-DDU-IMGE-SMU-6-23-1 | ई-नीलामी दिनांक 27.04.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.20 बजे बंद होगी। |
| AB/3 | बराव मोड़ हॉल्ट स्टेशन के प्लेटफार्म सं० 01 पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए | | Catg-DDU-BMHT-SMU-63-23-1 | ई-नीलामी दिनांक 27.04.2024को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.30 बजे बंद होगी। |
| AB/4 | कजरात नवाडीह स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 2/3पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए। | | Catg-DDU-KYF-SMU-50-23-2 | ई-नीलामी दिनांक 27.04.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.40 बजे बंद होगी। |
| AB/5 | दुर्गावती स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 1/2, पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए। | | Catg-DDU-DGO-SMU-74-23-2 | ई-नीलामी दिनांक 27.04.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.50 बजे बंद होगी। |
| AB/6 | कुम्हाऊ स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 01 पर कैटरिंग स्टालसं. 01 के लिए। | | Catg-DDU-KMGE-SMU-39-23-2 | ई-नीलामी दिनांक 27.04.20244 को 12.00 बजे शुरू होगी और 14.00 बजे बंद होगी। |
| AA/1 | संझौली हाल्ट स्टेशन के प्लेटफार्म सं० 01 पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए | CATG-DDU-36 | Catg-DDU-SJV-GMU-61-23-2 | ई-नीलामी दिनांक 29.04.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 12.30 बजे बंद होगी। |
| AA/2 | चरपोखरी हॉल्ट स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 01 पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए। | | Catg-DDU-CRQ-GMU-56-23-1 | ई-नीलामी दिनांक 29.04.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 12.40 बजे बंद होगी। |
| AA/3 | बघोईकुसा हाल्ट स्टेशन के प्लेटफार्म स. 01 पर कैटरिंग स्टाल सं . 01 के लिए। | | Catg-DDU-BHKH-GMU-45-23-1 | ई-नीलामी दिनांक 29.04.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 12.50 बजे बंद होगी। |
| AA/4 | खुर्माबाद रोड स्टेशन के प्लेटफार्म सं० 01 पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए | | Catg-DDU-KVD -GMU-10-23-1 | ई-नीलामी दिनांक 29.04.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.00 बजे बंद होगी। |
| AA/5 | चन्दौली मझवार स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 01 पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए। | | Catg-DDU-CDMR-GMU-10-23-1 | ई-नीलामी दिनांक 29.04.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.10 बजे बंद होगी। |
| AA/6 | पहलेजा हाल्ट स्टेशन के प्लेटफार्म सं० 01 पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए | | Catg-DDU-PHE-GMU-41-23-2 | ई-नीलामी दिनांक 29.04.2024को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.20 बजे बंद होगी। |
| AB/1 | देवरिया खुर्मा नरेश हाल्ट स्टेशन के अप प्लेटफार्म पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए | | Catg-DDU-DKMN-SMU-44-23-1 | ई-नीलामी दिनांक 29.04.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.30 बजे बंद होगी। |
| AB/2 | मुठानी स्टेशन के प्लेटफार्म सं० 01 पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए | | Catg-DDU-MTGE-SMU-18-23-2 | ई-नीलामी दिनांक 29.04.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.40 बजे बंद होगी। |
| AB/3 | करवन्दिया स्टेशन के अप प्लेटफार्म पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए | | Catg-DDU-KWD-SMU-40-23-2 | ई-नीलामी दिनांक 29.04.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.50 बजे बंद होगी। |
| AB/4 | बगहा बिशुनपुर स्टेशन के प्लेटफार्म सं० 01 पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए | | Catg-DDU-BCJ-SMU-46-23-2 | ई-नीलामी दिनांक 29.04.2024को 12.00 बजे शुरू होगी और 14.00 बजे बंद होगी। |
| AB/5 | अंकोरहा स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 01 पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए। | | Catg-DDU-ANH-SMU-47-23-1 | ई-नीलामी दिनांक 29.04.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 14.10 बजे बंद होगी। |
| AB/6 | हसन बाजार स्टेशन हाल्ट स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 1 पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए | | Catg-DDU-HBSH-SMU-62-23-1 | ई-नीलामी दिनांक 29.04.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 14.20 बजे बंद होगी। |
| AB/7 | मानी हाल्ट स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 01 पर. कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए। | | Catg-DDU-MANI-SMU-60-23-1 | ई-नीलामी दिनांक 29.04.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 14.30 बजे बंद होगी। |
| AB/8 | पुसौली स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 1/2 पर कैटरिंग स्टाल सं. 01 के लिए। | | Catg-DDU-PSE-SMU-19-23-3 | ई-नीलामी दिनांक 29.04.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 14.40 बजे बंद होगी। |

2. वेबसाइट का पता जहाँ ई-नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है : www.ireps.gov.in

पीआर/0112/डीडीयू/एमईसीएच/एन/24-25/192

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य),
पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय


## अधेड़ का शव बरामद, एक दिन पहले से था लापता, भोजपुर में खेत में काम करने गया था व्यक्ति

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के शाहपुर थाना क्षेत्र के दूधघाट गांव में शनिवार की सुबह एक दिन पहले घर से निकले अधेड़ का शव बरामद हुआ है। उसका शव गांव में ही स्थित बधार से शनिवार की सुबह बरामद हुआ है। शव के मिलने से लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक शाहपुर थाना क्षेत्र के दूधघाट गांव निवासी जंगली बिंद का बेटा संजय बिंद(40) है। वह पेशे से मजदूर था। इधर, मृतक के छोटे भाई कुंदन बिंद ने बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब 11 बजे घर से खेत में जाने के लिए निकले थे। खेत



में जाने के बाद पूरा दिन खेत में ही थे। इसी दौरान उन्हें लू-लग गई और वह बधार में गिर गए। काफी रात हो जाने के बाद परिजनों ने सोचा कि वह घर पर आकर सोए होगें। इसी बीच जब स्थानीय ग्रामीण बधार की ओर गए तो उन्होंने उनके शव को वहां पड़ा देखा। इसके बाद उनके द्वारा इसकी सूचना उनके परिजनों को दी गई। सूचना पाकर परिजन फौरन घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और शव अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। वहीं दूसरी तरफ मृतक के छोटे भाई कुंदन बिंद में लू-लगने के कारण मौत होने की बात कही है। हालांकि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा। बताया जाता है कि मृतक अपने चार भाई और तीन बहन में बड़े थे। उनके परिवार में पत्नी राधिका देवी और चार बेटी सीमा, गुदुल, छोटी और मोटी है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृतक की पत्नी राधिका देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## ट्रक ने ऑटो में मारी टक्कर, 6 लोग जख्मी, हादसे में तीन की स्थिति काफी नाजुक




निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के नगर थाना क्षेत्र के धनुपरा गांव के समीप शुक्रवार को ट्रक ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण सड़क हादसे में दो महिला समेत आधा दर्जन लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सभी जख्मियों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां सभी का इलाज कराया जा रहा है। जख्मियों में पवना थाना क्षेत्र के पवना गांव निवासी राकेश प्रसाद की 34 वर्षीय पत्नी पूनम देवी, उनका 11 वर्षीय बेटा रोहित कुमार, गीधा ओपी अंतर्गत बीरमपुर गांव निवासी बलिराम राय की 45 वर्षीय पत्नी लगमानों देवी है। उदवंत नगर थाना क्षेत्र के बेलाउर गांव निवासी तवकल पासवान के 60 वर्षीय पुत्र रामबचन पासवान समेत 6 लोग जख्मी है। इधर,जख्मी महिला पूनम देवी के पति राकेश प्रसाद ने बताया कि पत्नी बेटे के साथ बीरमपुर से ऑटो पकड़कर कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के सरैया गांव अपने मायके शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रही थी। इसी बीच धरहरा के समीप सामने आ रहे ट्रक ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार हो गया।

## भोजपुर में सड़क हादसे में जीजा-साले की मौत, 2 गंभीर

**आरा।** भोजपुर में शुक्रवार की देर रात सड़क हादसे में जीजा-साले की मौत हो गई। एक बाइक पर इन दोनों के





साथ-साथ गांव के ही दो और युवक तिलक में जा रहे थे। इसी दौरान आरा-छपरा फोरलेन में अज्ञात गाड़ी ने रौंद दिया। हादसे में चचेरे जीजा-साले की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दो बुरी तरह से जख्मी हो गए। दोनों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां से पटना रेफर कर दिया गया। घटना आरा-छपरा फोरलेन कोईलवर थाना क्षेत्र के दौलतपुर बोरिंग के पास की है। मृतकों में पटना के मनेर थाना क्षेत्र पूर्वी सुअर मरवा गांव निवासी विजय महतो के बेटे देवचंद महतो (21) और कोईलवर थाना क्षेत्र के पचरुखिया कला गांव निवासी छोटाई बिन के बेटे रवि कुमार (19) हैं। दोनों आपस में चचेरे जीजा-साले हैं। जबकि जख्मियों में पचरुखियां कला गांव निवासी स्व. सकल दीप महतो का बेटा विकास कुमार (20) और पटना के हाजीपुर गांव निवासी मोतीलाल महतो का बेटा बबलू कुमार (18) है।

## एक नजर

### मंदिर में हुई चोरी का खुलासा, पुलिस ने चोर को पकड़ा



**पटना (नि. सं.)**। पटना सिटी के राम जानकी मंदिर से चोरी गई सामान को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर बरामद कर लिया है। पुलिस ने इसके साथ ही चोर को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार चोर से पूछताछ के बाद पुलिस ने मंदिर से चोरी गई सामान को भी बरामद कर लिया है। घटना की पुष्टि चौक थाना प्रभारी शशि कुमार राणा ने की है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि पटना सिटी के मोर्चा रोड स्थित राम जानकी मंदिर में शुक्रवार को एक चोर के द्वारा मंदिर में लगे घंटी के साथ-साथ सिंहासन, मूर्ति, नगद रुपए, दीया, थाली, लोटा चोरी कर ली गई थी। घटना के बाद मंदिर के पुजारी रघुनाथ पांडे ने पटना सिटी के चौक थाने में इसकी लिखित शिकायत की थी। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरा को खंगाला था पुलिस ने चोरों को पकड़ने के लिए एक टीम गठित की। सीसीटीवी के आधार पर पुलिस ने उसकी पहचान राहुल कुमार 21 वर्ष मंसूरगंज के रूप में की है। पुलिस ने राहुल कुमार को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के क्रम में राहुल कुमार ने मंदिर में चोरी की बात को स्वीकार किया है। इसके बाद पुलिस ने राहुल कुमार के निशानदेही के आधार पर मंदिर से चोरी गई 3977 रुपए नगद, पीतल की मूर्ति, पीतल के सिंहासन, पीतल की थाली, पीतल के दीये, लोटा, घड़ा सहित सभी सामानों को जब्त कर लिया है। पूछताछ के क्रम में थाना प्रभारी ने बताया कि सीसीटीवी कैमरा में एक चोर के द्वारा घटना को अंजाम देना के वीडियो प्राप्त हुए थे।

### शराब कारोबार के जुर्म में दोषी करार, 24 अप्रैल को सजा पर होगी सुनवाई

**दरभंगा (नि. सं.)**। दरभंगा के उत्पाद अधिनियम के प्रथम विशेष न्यायाधीश श्रीराम झा की कोर्ट ने शनिवार को बहेड़ा थाना के बहेड़ा के वार्ड नंबर 14 के निवासी श्रवण नायक को शराब कारोबार करने के आरोप उत्पाद अधिनियम की धारा 30(A) में दोषी करार दिया है। अदालत ने मद्द-निषेध सदर थानाकांड सं.246/22 के अभियुक्त बहेड़ा के वार्ड 14 निवासी शिवजी नायक के बेटे श्रवण नायक को दोषी घोषित किया है। स्पेशल पीपी हरेराम साहू ने बताया कि कोर्ट ने दोषी अभियुक्त को सजा की अवधि निर्धारण के बिन्दु पर सुनवाई और निर्णय के लिए 24 अप्रैल की तिथि निर्धारित की है। साहू ने बताया कि 19 जुलाई 2022 को 9 लीटर नेपाली देसी शराब के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया था। स्पेशल ए पी पी उत्पाद अभय चंद्र पाठक ने कहा कि शराब के कारोबारी के खिलाफ बिचारण जीओ वाद सं.10264/22 के तहत न्यायालय में प्रारंभ किया गया। अभियोजन पक्ष से उत्पाद के स्पेशल ए पीपी पाठक ने तीन गवाहों की गवाही कराई। शनिवार को कोर्ट ने इस मामले का बिचारण पुरा कर अभियुक्त को शराब कारोबार करने के आरोप में दोषी घोषित किया है। जूर्मी नायक घटना समय से ही तकरीबन 21 माह से जेल में बंद है। अब जूर्मी को 24 अप्रैल को सजा की अवधि निर्धारण कर निर्णय सुनाई जायेगी।

### समस्तीपुर में महिलाओं से लाखों की ठगी



**समस्तीपुर (नि. सं.)**। समस्तीपुर से सटे जितवारपुर रेलवे ढाला के पास लॉज में महिलाओं को लोन दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी करने का मामला सामने आया है। मामले का खुलासा शनिवार को तब हुआ जब जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से हजारों की संख्या में महिलाएं और उनके परिजन रेलवे ढाला के पास स्थित लॉज पर पहुंच कर हंगामा करने लगे। लॉज स्थित बैंक के कार्यालय में ताला लगा हुआ था। ठगी की शिकार महिलाएं पटोरी, चकमहेसी, पूसा, मालीनगर, आदि जगहों से पहुंची थी। महिलाओं के हंगामा को देख पुलिस 112 नंबर की टीम भी मौके पर पहुंची। जिसने महिलाओं को समझा बुझा कर शांत कराया। महिलाओं ने आसपास के दुकानदारों पर भी बरगलाने का आरोप लगाया है। महिलाओं ने बताया कि कंपनी के कर्मी जिले के विभिन्न देहाती इलाके में भ्रमण कर लोगों को यह बता रहे थे। व्यापार फाइनेंस ग्रामीण महिलाओं को लोन देगी। लेकिन इसके लिए बैंक में खाता खुलवाना होगा। बैंक में खाता खुलवाने के लिए 3-3 हजार रुपए लिए गए। साथ ही महिलाओं का रसीद भी दी गई। सभी महिलाओं को कार्यालय पर लोन के लिए बुलाया गया। लेकिन जब महिलाएं लोन के लिए पहुंची तो बैंक का कार्यालय बंद था। महिलाओं ने बताया कि जब मकान मालिक से पूछा गया तो उसने बताया कि सभी दो दिन पहले ही लॉज खाली कर चले गए। महिलाएं तथाकथित कंपनी के मैनेजर दिलीप कुमार, सुशांत कुमार और सुजीत झा पर ठगी का आरोप लगा रहे थे। महिलाओं का कहना था कि फरार हुए लोगों ने सुशांत को लोग पूर्व से जानते थे। दूसरी फाइनेंस कंपनी से लोन दिलवाया था। जिस विश्वास पर उसे राशि दे दी थी। मुफस्सिल थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर पिंकी प्रसाद ने बताया कि हंगामे की सूचना पर पुलिस की 112 नंबर की टीम को भेजा गया था। पूरे मामले की जांच की जा रही है। अभी पीड़ित महिलाओं द्वारा आवेदन नहीं दिया गया है।

### अधिवक्ता के कार्यालय में छापेमारी, नकली स्टांप और टिकट बरामद

**गोपालगंज (नि.सं.)**। गोपालगंज के नगर थाना क्षेत्र मारवाड़ी मोहल्ला स्थित एक अधिवक्ता के निजी कार्यालय में अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में गुप्त सूचना के अधार पर छापामारी की गई। छापेमारी के दौरान प्रिंटर, लैपटॉप, डेस्कटॉप एवं भारी मात्रा में नकली स्टांप और टिकट बरामद किया गया। फिलहाल पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है। बताया जा रहा है की पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी नगर थाना क्षेत्र के मारवाड़ी मोहल्ला स्थित अधिवक्ता नवीन चन्द्र सिंह के निजी कार्यालय में नकली स्टांप बनाने का कारोबार चल रहा है। प्राप्त सूचना के आधार पर अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में मारवाड़ी मोहल्ला स्थित अधिवक्ता नवीन चन्द्र सिंह के निजी कार्यालय में छापेमारी की गई। इस दौरान नकली स्टांप बनाने का अड्डा का पर्दाफाश किया गया जिसमें भारी मात्रा में नकली स्टांप, टिकट एवं 13 मुहर विभिन्न पदाधिकारी का,35 ई-टिकट, 2 प्रिंटर,1 लैपटॉप और 1 डेस्क टॉप बरामद किया गया है। जिस संबंध में नगर थाना में कांड दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। हालांकि इस छापेमारी में स्टांप बनाने वाले सभी लोग फरार हो गए है। करीब 5 घंटे तक चली रेड, ऐसी-ऐसी चीजें मिली कि अधिकारियों के भी होश उड़ गए। इस संदर्भ में सदर एसडीएम डॉ प्रदीप कुमार ने बताया कि सिविल कोर्ट के अधिवक्ता नवीन चंद्र के निजी कार्यालय में नकली स्टांप बनाने और बेचने की गुप्त सूचना मिली थी, जिसके बाद यहां छापेमारी की जा रही है। करीब 5 घंटे से अधिक समय तक चली पुलिस प्रशासन की छापेमारी में कई नकली स्टांप और मुहर बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया की पहले भी गुप्त सूचना के अधार पर कार्रवाई की गई है।पिछले दो माह पहले समाहरणालय के पास छापेमारी कर प्रशासन ने नकली स्टांप और कार्यपालक पदाधिकारियों का मुहर पकड़ा था, जिसमें दो युवकों को जेल भेजा गया था।

### एक बाइक से तिलक में जा रहे थे चारों, गाड़ी ने रौंदा

# सड़क हादसे में जीजा और साले की मौत, दो लोग गंभीर रूप से घायल



निज संवाददाता

**आरा (भोजपुर)**। भोजपुर में शुक्रवार की देर रात सड़क हादसे में जीजा-साले की मौत हो गई। एक बाइक पर इन दोनों के साथ-साथ गांव के ही दो और युवक तिलक में जा रहे थे। इसी दौरान आरा-छपरा फोरलेन में अज्ञात गाड़ी ने रौंद दिया। हादसे में चचेरे जीजा-साले की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दो बुरी तरह से जख्मी हो गए। दोनों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां से पटना रेफर कर दिया गया। घटना आरा-छपरा फोरलेन कोईलवर थाना क्षेत्र के दौलतपुर बोरिंग के पास की है। मृतकों में पटना के मनेर थाना क्षेत्र पूर्वी सुअर मरवा गांव निवासी विजय महतो के बेटे देवचंद महतो (21) और कोईलवर थाना क्षेत्र के पचरुखिया कला गांव निवासी छोटाई बिन के बेटे रवि कुमार (19) हैं। दोनों आपस में चचेरे जीजा-साले हैं। जबकि जख्मियों में पचरुखियां कला गांव निवासी स्व. सकल दीप महतो का बेटा विकास कुमार (20) और पटना के हाजीपुर गांव निवासी मोतीलाल महतो का बेटा बबलू कुमार (18) है।

मृतक रवि के परिजन उपेंद्र ने बताया कि पचरुखिया कला गांव निवासी साहानंद की बेटी का तिलक बड़हरा थाना क्षेत्र के चितनी के बाग गया हुआ था। इसी तिलक समारोह में जाने के लिए देवचंद महतो अपने ससुराल पचरुखिया कला आया हुआ था। शुक्रवार की देर शाम एक बाइक पर देवचंद महतो, रवि कुमार, विकास कुमार और बबलू कुमार सवार होकर तिलक में शामिल होने के लिए जा रहे थे। इसी बीच दौलतपुर बोरिंग और हरंगी टोला के पास किसी अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। हादसे में देवचंद महतो और रवि कुमार की मौके पर मौत हो गई। जबकि दो लोग बुरी तरह जख्मी हैं। घटना के बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। परिजन मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने शवों को अपने कब्जे में लेकर आरा सदर अस्पताल में पोस्टमॉर्टम करवाया। देवचंद की पत्नी पूनम देवी और एक बेटी शिवानी कुमारी है।

### बेटे ने की पिता की चाकू गोदकर हत्या

निज संवाददाता

**समस्तीपुर**। जिले के कल्याणपुर थाने के चांधरपुर गांव में शुक्रवार रात घरेलु विवाद के बाद बड़े बेटे ने अपने पिता की चाकू गोद कर हत्या कर दी। घटना को अंजाम देकर भाग रहे पुत्र को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। मृतक की पहचान गांव के राशाशीष महतो 67 वर्ष के रूप में की गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को जब्त कर देर रात सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया। सदर डीएसपी-2 विजय महतो ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। घटना के संबंध में बताया गया है कि रामाशीष ने अपने छोटे पुत्र मनोहर की शादी कुछ दिन पूर्व की थी। शुक्रवार देर शाम परिवार के लोग बैठक कर शादी की लेन देन आदि को लेकर बातचीत कर रहे थे। लोगों ने बताया कि इसी दौरान रामाशीष की बड़े बेटे मुकेश से साथ कहासुनी शुरू हो गई। फिर देखते ही देखते मुकेश ने अपने पिता की डंडे से पिटाई शुरू कर दी। इसी दौरान उसने अपने पिता पर चाकू से वार किया जिससे उसके पिता लहुलूहान हो गए। हल्ला होने पर जुटे आसपास के लोगों ने रामाशीष को पीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर, घटना के बाद भाग रहे मृतक के पुत्र को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। जिसे बाद में पुलिस के हवाले कर दिया। उधर, घटना की सूचना के बाद पहुंची कल्याणपुर थाने की पुलिस ने रात में ही शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा।

## बंद घर से पांच लाख के जेवर और दो लाख नगद ले गए चोर



निज संवाददाता

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर में चोरों ने देर रात हेडमास्टर के घर में चोरी की। चोर ताला तोड़कर घर में घुसे थे और जेवर-नगद ले गए। पीड़ित राजेश पासवान वैशाली जिले के पातेपुर में स्थित एक सरकारी स्कूल में कार्यरत हैं। ये पिछले साल से घर बनाकर यहां रह रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। घटना सदर थाना क्षेत्र के अतरदाह मोहल्ले की है। पीड़ित के भाई वैशाली जिले के गोविंदपुर बेला गांव निवासी डाक सहायक मुकेश कुमार पासवान जो अभी मधुबनी जिले में कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि 7 अप्रैल को दोनों भाई अपने परिवार के साथ चचेरी बहन की शादी समारोह में शामिल होने गए थे। शनिवार की सुबह घर के बगल के लोगों ने फोन पर बताया कि घर में चोरी हो गई है। हमलोग पहुंचे तो देखा घर का ताला टूटा था, सारा सामान बिखरा था। 5 लाख रुपए के आभूषण और 2 लाख नगद चोरी हुई है। थाना अध्यक्ष आसमित कुमार ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई थी कि थाना क्षेत्र के अतरदह मोहल्ले के घर में चोरी की घटना हुई है। जिसके बाद मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की गई है। जांच के बाद हम लोग आगे की कार्रवाई कर रहे।

### शॉट सर्किट के चिंगारी से ट्रांसफार्मर में लगी आग

**लखीसराय (नि.सं.)**। लखीसराय में शॉट सर्किट से आग लगने से अफरातफरी मच गई। घटना कबैया थाना क्षेत्र के बियाडा की है। ट्रांसफर में शॉट सर्किट से निकली चिंगारी से आग लगी है। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच कर काबू पाया। बियाडा के अंदर दर्जनों राइस मिल संचालित हो रहे हैं। राइस मिल से निकले भूसी को बाहर रखा गया था। शॉट सर्किट से निकली चिंगारी से धान की भूसी में आग लग गया जिससे देखते ही देखते आग विकराल रूप ले लिया।

## आग लगने से घर जलकर राख, पांच लाख नगद समेत सबकुछ बरबाद



निज संवाददाता

**जमुई**। जमुई के खैरा थाना क्षेत्र में आग लगने से एक घर में मौजूद 7 लाख का सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार घटना अमारी गांव की है और शुक्रवार की रात खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर से निकली चिनगारी से आग लगी थी। घर के मालिक राजेंद्र तांती के बेटे उदय तांती ने बताया कि उनकी पत्नी किचन में खाना बना रही थी। इस दौरान चूल्हे से चिनगारी निकली और आग लग गई। जब तक उसको बुझाने के लिए कोशिश की तब तक आग बहुत फैल गई। इससे घर में रखा पांच लाख रुपए नगद, सोने-चांदी के गहने, कपड़ा और बर्तन सहित सारा अनाज जलकर राख हो गया। पीड़ित ने बताया कि वह कमेटी चलता है इसलिए घर में 5 लाख रुपए कैश मौजूद था। जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाते हुए मुआवजा की मांग की। वहीं घटना की जानकारी के बाद खैरा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष शशि भूषण झा ने बताया कि घर में खाना बनाने के दौरान आग लगी। नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है और साथ ही जांच की जा रही है।

### पुलिस पर जानलेवा हमला करने वाला गिरफ्तार

**किशनगंज (नि.सं.)**। किशनगंज के महिनगांव पंचायत में खनन पदाधिकारियों व जवानों पर जानलेवा हमला मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ गौतम कुमार ने बताया कि अवैध खनन पर रोक के लिए छापेमारी की जा रही थी। इस दौरान टाउन कुछ अपराधियों ने पुलिस पर हमला करके दारोगा व होम गार्ड के जवान को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। मामले में खनन इंस्पेक्टर सौरभ कुमार ने टाउन थाना में 8 लोगों को नामजद अभियुक्त और 10 से 15 अज्ञात लोगों पर भी एफआईआर दर्ज कराया था। जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि मुख्य अभियुक्त महिनगांव निवासी अब्दुल कुदुस छापेमारी के दौरान खनन पदाधिकारी के निजी चालक व होम गार्ड के जवान से लगातार मोबाइल पर बात कर रहा था। इसके बाद टीम बनाकर कार्रवाई की गई और उसको गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल उसे पूछताछ जारी है। बता दे कि आरोपी की गिरफ्तारी खगड़ा मार्केट के पास से हुई।

## दो पक्षों के बीच हुई मारपीट, छह लोग घायल




निज संवाददाता

**समस्तीपु**। शहर के नीम गली मोहोल्ला में शुक्रवार की रात छत ढलाई के दौरान महिला के सिर पर ईंट गिर पड़ी। जिससे महिला घायल हो गई। जब इसकी शिकायत लेकर महिला के परिवार वाले पड़ोसी के घर पहुंचे तो दोनों ओर से मारपीट हो गई। दोनों ओर से पत्थर भी चलाए गए। जिसमें छह लोग घायल हो गए। एक ओर से तीन महिला समेत पांच लोग जख्मी हो गए जबकि दूसरे ओर एक व्यक्ति जख्मी हुए हैं। दोनों ओर के घायल को रात सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जख्मी लोगों में एक ओर के संतोष साह, मदन साह, अंजली देवी, स्मिता देवी, प्रेमशीला देवी शामिल हैं जबकि दूसरी ओर मनोज मेहरा शामिल हैं। घटना की सूचना पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के संबंध में बताया गया है कि नीम गली के मनोज मेहरा के घर के छत की ढलाई हो रही थी। इसी दौरान ऊपर से एक ईंट अंजली के सिंह पर गिर पड़ी जिससे उसका सिर फट गया। यह देख परिवार के लोग इसकी लेकर मनोज मेहरा के यहां पहुंचे तो लोगों ने उन लोगों के साथ मारपीट शुरू कर दी। स्थानीय लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। जिसके बाद संतोष साह थाने पहुंच कर शिकायत दर्ज कराई। लोगों ने बताया कि जब संतोष थाने से लौटे तो मनोज मेहरा व उनके परिवार के लोगों ने ईंट पत्थर से हमला बोल दिया। इस दौरान दूसरे पक्ष के लोगों ने भी ईंट चलाया। जिसमें दोनों ओर से लोग जख्मी हो गए। नगर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर आशुतोष कुमार ने कहा कि मारपीट की इस घटना में दोनों ओर से लोग जख्मी हुए हैं। दोनों ओर से घटना को लेकर आवेदन दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### कटिहार जंक्शन पर लोकसभा चुनाव को लेकर चलाया गया सघन चेकिंग अभियान

## रेल पुलिस ने अवध-असम एक्सप्रेस में 52.48 लाख कैश के साथ एक युवक को किया गिरफ्तार



निज संवाददाता

**कटिहार**। कटिहार रेल पुलिस ने अवध-असम एक्सप्रेस में सफर कर रहे एक व्यक्ति के पास से 52 लाख 48 हजार रुपए कैश बरामद किया है। व्यक्ति का नाम अनिल कुमार है। रेल पुलिस ने बताया कि समस्तीपुर में किसी प्रत्याशी को रुपया पहुंचाना था। इसका खुलासा अनिल कुमार के मोबाइल चैट से हुआ है। कटिहार जंक्शन पर लोकसभा चुनाव को लेकर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान प्लेटफॉर्म से लेकर ट्रेनों में जांच की गई। दिल्ली जाने वाली अवध-असम एक्सप्रेस जंक्शन पर पहुंची तो रेल पुलिस ने कोच की चेकिंग शुरू की। इस दौरान एसी कोच संख्या ए-2 के 44 नंबर सीट पर सफर कर रहे अनिल कुमार की बैग तलाशी की गई। बैग रुपयों से भरा था। पुलिस ने पूछताछ की तो कभी 10 लाख तो कभी 20 और 25 लाख बताने लगे। फिर अनिल को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की गई। रेल पुलिस एसपी डॉ संजय भारती ने चुनावी आचार संहिता नियमावली के अनुसार सीनियर अधिकारी और इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की टीम को जांच के लिए बुलाया गया है। अनिल कुमार मधुबनी के रहने वाले हैं। उन्होंने कहा कि मैं इन पैसों को अपने भाई को देने वाला था। हम लोग दिल्ली में ठेकेदारी का काम करते है। अपने निजी मित्र से यह धनराशि उधार लिए है, जिसको लेकर दिल्ली जा रहे थे। इस पैसे से मंदिर बनाएंगे। मैं किसी भी प्रत्याशी को नहीं जानता हूं। फिलहाल पुलिस पैसों की जांच कर रही है। रेल एसपी संजय भारती ने बताया कि इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के लोग भी मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि अनिल के पास से पैसे का कोई हिसाब या कोई कागज नहीं मिल सका है। इससे आशंका है कि इस पैसे का उपयोग चुनाव में करना था।

### पति ने प्रेशर कुकर से पत्नी का सिर फोड़, घायल

**जमुई (नि. सं.)**। जमुई में एक सनकी पति ने पत्नी को प्रेशर कुकर से सिर पर कई वार कर जख्मी कर दिया, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी डायल 112 नंबर की पुलिस को दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल महिला को इलाज के लिए झाझा रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया। स्थिति नाजुक होने के कारण डॉक्टर के द्वारा उससे बेहतर इलाज के लिए जमुई सदर अस्पताल भेज दिया है। मामला झाझा थाना के पिपराडीह इलाके का है। पुलिस इस दौरान महिला के पति पति अनिल कुमार हेम्ब्रम को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। गंभीर रूप से घायल महिला की पहचान सरिता टुडू के थाना क्षेत्र के सर्किल नंबर एक बांझी कुसुम रूप में हुई है। महिला अपने दो छोटे बच्चे के साथ झाझा थाना क्षेत्र के पिपराडीह मोहल्ले में किराये के मकान में रह रही थी। पति दिल्ली में रहकर मजदूरी करता था। छह दिन पूर्व ही वह दिल्ली से मजदूरी करके अपने घर आया था। शनिवार की अहले सुबह पत्नी पति के बीच में घरेलू विवाद में झगड़ा होने लगा था।

## शॉर्ट सर्किट के कारण 30 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख



निज संवाददाता

**शेखपुरा**। शेखपुरा के अरियरी प्रखंड में शॉर्ट सर्किट के कारण 30 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। घटना डीहा गांव की बताई जा रही है, जहां पर 11 हजार वोल्ट तार में शॉर्ट सर्किट होने से आग लगी। इसमें दर्जन भर किसानों के 6 लाख रुपए से अधिक का नुकसान होने का अनुमान है। गांव के किसान गुड्डू महतो, बबलू सिंह, भोली महतो, कार्यानंद सिंह, हरख सिंह, लक्ष्मी महतो सहित अन्य किसानों ने बताया कि तार के टकराने से आग लगी। जब खेतों से धुआं निकलता दिखाई दिया तब सभी आग को बुझाने के लिए दौड़े। इसके साथ ही घटना की सूचना अग्निशमन को भी दिया। मौके पर पहुंची दमकल की टीम और ग्रामीणों ने बिजली मोटर और पंपिंग सेट चलाकर आग पर काबू पाया। वहीं अरियरी थाना अध्यक्ष सुनील कुमार राजवंशी ने बताया कि घटना के संबंध में लिखित शिकायत मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा पीड़ित किसानों ने सरकार और प्रशासन से सरकारी सहायता की मांग की है।

## दो उमीदवार ने कराया नामांकन



निज संवाददाता

**दरभंगा**। दरभंगा लोकसभा क्षेत्र में नामांकन की प्रक्रिया जारी है। इस क्षेत्र में नामांकन की प्रक्रिया 18 अप्रैल से शुरू की गई है। इसके बाद लगातार पार्टी के उम्मीदवारों और निर्दलीय उम्मीदवार का नामांकन जारी है। आज शनिवार तक कुल मिलाकर 5 लोगों ने दरभंगा लोकसभा से नामांकन दाखिल किया है। नामांकन के पहले दिन 18 तारीख को NDA के उम्मीदवार गोपाल जी ठाकुर ने अपना नामांकन दाखिल किया था। इसके बाद 19 तारीख को इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार ललित कुमार यादव ने अपना नामांकन दाखिल किया। इसी दिन निर्दलीय उम्मीदवार त्रिवेणी पासवान ने भी अपना नामांकन दाखिल किया। जानकारी हो कि 20 तारीख को भी 14-दरभंगा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से अखिल भारतीय परिवाद पार्टी के उम्मीदवार अशोक कुमार दास ने और ओपन पीपुल्स पार्टी के उम्मीदवार सिया लखन यादव ने सहायक निर्वाची पदाधिकारी दरभंगा के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया है।

## अग्निकांड से बचाव के लिए सतर्कता जरूरी



निज संवाददाता

**बेगूसराय**। NTPC बरौनी के केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) द्वारा 14 अप्रैल से मनाए जा रहे अग्निशमन सेवा सप्ताह का आज समापन हो गया। इस अवसर पर उप कमांडेंट अतुल भनोत्रा ने अग्नि सेवा कर्मियों की सराहना करते हुए हमेशा सजग रूप से योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उप कमांडेंट अतुल भनोत्रा ने बताया कि इस सप्ताह में अपने कार्यकाल के दौरान देशवासियों की जान माल की रक्षा करते हुए शहीद हुए अग्निशमन कर्मचारियों को नमन कर प्लांट परिसर, टाउनशिप और समीपवर्ती क्षेत्र में जागरूकता और प्रचार-प्रसार के लिए लगातार कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह आयोजन बहुत ही प्रासंगिक रहा। क्योंकि ग्रीष्म ऋतु के समय ज्यादातर यह देखा गया है की आग से संबंधित दुर्घटनाओं में काफी वृद्धि हो जाती है। अगर सजगता और सतर्कता बरती जाए तो आग से संबंधित दुर्घटनाओं को काफी हद तक रोका जा सकता है। इसके लिए सभी लोगों को सतर्क रहते हुए सभी को जागरूक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक जागरूकता के लिए सेवा सप्ताह के दौरान प्लांट परिसर में श्रमिकों और अधिकारियों से चर्चा की गई। घरेलू सुरक्षा के लिए गृहिणियों के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। उच्च विद्यालय महना, प्राथमिक विद्यालय सिमरिया घाट और केंद्रीय विद्यालय बरौनी में बच्चों, शिक्षकों और ग्रामीणों के बीच बचाव और उपाय का प्रदर्शन किया गया।

### यात्रियों से भरी ऑटो सड़क किनारे पलटी, तीन जख्मी

**शेखपुरा (नि.सं.)**। शनिवार को दोपहर बाद जिले के शेखपुरा-आढ़ा मुख्य सड़क मार्ग पर यात्रियों से भरी एक सीएनजी ऑटो सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। जिसमें वाहन चालक सहित 3 यात्री बुरी तरह घायल हो गए। घटना में घायल सभी लोगो को स्थानीय लोगों ने उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल शेखपुरा में भर्ती कराया। जहां घायलों की पहचान बरबीघा प्रखंड के वीरपुर गांव निवासी 45 वर्षीय शंकर पासवान और उसकी पत्नी सरीफा देवी के अलावा नवादा जिले के बदौनी गांव निवासी और वाहन चालक खेलावन चौहान का पुत्र उपेंद्र चौहान बताया गया है। घायलों का इलाज अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# नक्सलियों के खिलाफ बड़ी कामयाबी

छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों ने लोकसभा चुनाव के लिए मतदान के पहले नक्सलियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करने में सफलता पाई है। इससे स्थानीय नागरिकों में सही संदेश जाएगा तथा नक्सलियों को झटका लगा है। पुलिस के मुताबिक खुफिया जानकारी के आधार पर उसने नक्सलियों के गढ़ पर जोरदार हमला किया, जिसमें 29 नक्सली मारे गए हैं, जिनमें तीन तो इनामी कमांडर हैं। नक्सलियों से भारी तादाद में आधुनिक हथियार भी बरामद हुए हैं। हालांकि इस कार्रवाई में तीन पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं, लेकिन उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है। पुलिस और नक्सलियों के बीच यह मुठभेड़ बस्तर में 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के ठीक पहले कांकेर के छोटेबेटिया के जंगल में हुई। नक्सलियों ने स्थानीय नागरिकों से मतदान का बहिष्कार करने की अपील की थी। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस कार्रवाई पर सभी सुरक्षा कर्मियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद विकास, शांति और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य का सबसे बड़ा दुश्मन है। सुरक्षा बलों का यह संयुक्त इंटेलिजेंस बेस, जिसमें बीएसएफ के साथ-साथ डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड की टीमें शामिल थीं। डीजीपी आलोक सिंह के अनुसार पुलिस ने इस ऑपरेशन के लिए नई रणनीति बनाते हुए उस तरफ से हमला किया, जिसके बारे में नक्सली सोच भी नहीं सकते थे। इसमें दो राय नहीं कि नक्सल विरोधी अभियान में पुलिस की यह अब तक की सबसे बड़ी सफलता है। छग के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुताबिक नक्सली बस्तर और कांकेर में लोकसभा चुनाव को प्रभावित करने की फिराक में थे, पुलिस ने उनके मंसूबों को ध्वस्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता बस्तर को नक्सल मुक्त करने की है। उल्लेखनीय है कि छग में इस माह तीन अप्रैल को बीजापुर में पुलिस ने 13 माओवादियों को मुठभेड़ में मार गिराया था। इसके बाद छह अप्रैल को बीजापुर के ही पुजारी कांकेर में पुलिस ने तीन माओवादी मारे गए थे। अकेले बस्तर में इस साल जनवरी से अब तक 50 से अधिक माओवादियों का सफाया किया जा चुका है।

# सभ्यता के उत्कृष्ट पुरुष है श्रीराम

राम मन्दिर निर्माण के पश्चात प्रथम बार आ रही इस रामनवमी को लेकर देश भर के श्रद्धालुओं में जबरदस्त आस्था और उमंग देखने को मिल रही है। राम भारतीय संस्कृति के आदर्श पुरूष है। रामराज्य की परिकल्पना का स्वरूप हमारी संस्कृति एवं परम्परा सदैव देखा जाता है। मर्यादाओं के राम का आगमन निश्चित ही शुभ संकेत है। राम की मर्यादा एक प्रमुख भारतीय सांस्कृतिक मूल्य है। इसका अर्थ है धर्म, नैतिकता, और सम्मान के प्रति पारंपरिक समर्पण। रामायण में भगवान राम के व्यवहार और व्यक्तित्व ने इस मर्यादा को परिभाषित किया है। उनका व्यवहार, उनकी सामर्थ्य, और उनका समाज में योगदान इस मर्यादा को महत्वपूर्ण बनाते हैं। उन्होंने अपने जीवन में न्याय, सत्य, और धर्म के प्रति स्थिरता का परिचय दिया। इसीलिए, राम की मर्यादा हमें सदैव सही रास्ते पर चलने का मार्गदर्शन करती है। राम, भारतीय साहित्य और धर्म के एक प्रमुख चरित्र हैं। उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम यानी सभ्यता के उत्कृष्ट पुरुष के रूप में जाना जाता है। उनका जीवन और उनकी विचारधारा धर्म, न्याय, और मानवता के प्रति अत्यंत समर्पित था। रामायण, उनके जीवन की कहानी, उनके परिवार और सम्प्रदाय के साथ उनके संघर्षों को विस्तृत रूप से वर्णित करता है। उनका प्रेम, विश्वास, और सहनशीलता हमें एक उत्तम मानवीय आदर्श के प्रति प्रेरित करती हैं। राम की कहानी हमें सच्चे धर्म और अध्यात्म की ओर दिशा प्रदान करती है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम भारतीय समाज में एक महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक आदर्श हैं। उन्हें श्मर्यादा पुरुषोत्तमश् कहा जाता है क्योंकि वे मर्यादाओं का पालन करते हुए एक पूर्ण और आदर्श पुरुष थे। राम धर्म, कर्तव्य, नैतिकता, और सामाजिक संगठन के प्रतीक माने जाते हैं। उनकी विवेकपूर्ण और साधारण जीवनशैली, मित्रता, और धैर्य हर व्यक्ति को प्रेरित करती है। उनके जीवन की कहानी हमें कर्तव्यनिष्ठा, सहानुभूति, और सामर्थ्य की प्रेरणा देती है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम हिंदू धर्म के प्रमुख देवता माने जाते हैं। उन्हें श्रामायणश् के प्रमुख पात्र के रूप में जाना जाता है, जो धर्म, नैतिकता, और शिक्षा के प्रतीक हैं। उनकी मर्यादा, धर्म और विवेक की प्रशंसा हमें सबक सिखाती है। उनका जीवन उत्कृष्ट आदर्शों और महानता का प्रतीक है।

# भारत की बेमिसाल विरासत से दुनिया अचंभित

ललित गर्ग

*ऋषि-मुनियों के हवन-यज्ञ के जरिए निकलने वाले ऑक्सीजन को अवरोध पहुंचाने वाले दैत्यों का वध करके प्रकृति की रक्षा की। जब श्रीराम ने हमें प्रकृति के साथ जुड़कर रहने का संदेश दिया है तो हम वर्तमान में क्यों प्रकृति के साथ खिलवाड़ करने में लगे हैं। हमारा कर्तव्य है कि हम प्रकृति की रक्षा करें। गोस्वामी तुलसीदास ने 550 साल पहले रामचरित मानस की रचना करके श्रीराम के चरित्र से दुनिया को श्रेष्ठ पुत्र, श्रेष्ठ पति, श्रेष्ठ राजा, श्रेष्ठ भाई, प्रकृति प्रेम और मर्यादा का पालन करने का संदेश दिया है।*

मानव सभ्यता के इतिहास और विरासत को एक साथ सम्मान देने के लिए हर साल 18 अप्रैल को विश्व विरासत दिवस मनाया जाता है। यह दिन दुनिया भर की विभिन्न संस्कृतियों को प्रोत्साहित करने, सांस्कृतिक, धार्मिक, ऐतिहासिक स्मारकों और स्थलों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। दुनिया भर के लोग त्योहारों, परंपराओं और स्मारकों के माध्यम से अपनी संस्कृति और विरासत का जश्न मनाते हैं। इस दिवस को मनाते हुए यूनेस्को असाधारण मूल्य के सांस्कृतिक, धार्मिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक स्थलों की सुरक्षा में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के विकास के साथ जुड़े एक समृद्ध इतिहास को बढ़ावा देता है। पहला विश्व धरोहर दिवस ट्यूनीशिया में मनाया गया था। विश्व धरोहर दिवस की शुरुआत 1982 में इंटरनेशनल काउंसिल ऑन मॉन्यूमेंट्स एंड साइट्स (आईसीओएमओएस) ने की थी। इसके बाद 1983 में इसे 'यूनेस्को' की मंजूरी मिली। 1983 के बाद से हर साल अलग-अलग थीम के साथ विश्व धरोहर दिवस दुनियाभर में मनाया जाता है। 2024 की आधिकारिक थीम ÷हमारे वैश्विक विरासत की रक्षा करना÷ है। यूनेस्को किसी स्मारक या स्थल को धरोहर घोषित करता है तो उसके बाद उस जगह का नाम विश्व में काफी मशहूर हो जाता है। जिससे वहां विदेशी पर्यटकों का आवागमन भी काफी बढ़ जाता है, जिसका लाभ सीधा देश की अर्थव्यवस्था एवं वहां के पर्यटन व्यवसाय को मिलता है। विश्व धरोहर घोषित होने के बाद उस जगह का खास ध्यान रखा जाता है और उसकी सुरक्षा भी बढ़ा दी जाती है। यदि ये स्मारक ऐसे देश में है, जिसकी आर्थिक स्थिति सही नहीं है, तो यूनेस्को ही स्मारक की देखभाल और सुरक्षा की जिम्मेदारी उठाता है। अंतरराष्ट्रीय स्मारक एवं स्थल परिषद और विश्व संरक्षण संघ ये दो संगठन है, जो इस बात का आकलन करते हैं कि स्थल विश्व धरोहर बनने लायक है या नहीं। साल में एक बार इस विषय के लिए समिति की बैठक होती है और फिर उन जगहों का चयन करती है, उसके बाद दोनों संगठन इसकी सिफारिश विश्व धरोहर समिति से करते हैं। फिर ये फैसला लिया जाता है कि उस जगह को विश्व धरोहर बनाना है या नहीं। विश्व विरासत दिवस की इसलिए अपने आप में एक वैश्विक महत्ता है, क्योंकि इसके जरिए दुनिया में सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देने में सहूलियत मिल रही है। विश्व की विरासतें मानव को सतत रूप से प्रेरित करती हैं। सिर्फ किसी समाज की विरासत उसी समाज को प्रेरित नहीं करती बल्कि विश्व के दूसरे समाजों को भी विरासत अच्छी तरह से प्रेरित करती है। विरासत दिवस के चलते पर्यावरण और जागरूकता को बढ़ावा मिलता है। विरासतें विभिन्न समुदायों के बीच रिश्तों को आत्मीय और सम्मानजनक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और मानवीय उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए महत्वपूर्ण आधार होती हैं। यही वजह है कि विश्व विरासत को दुनियाभर के मानव समाज के लिए महत्वपूर्ण माना गया है। विश्व विरासत दिवस सिर्फ हमारे जीवन में खुशियों के पलों को लाने में ही मदद नहीं करता बल्कि यह देश के सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का माध्यम भी है। यह पर्यटन को प्रोत्साहन देने का सशक्त माध्यम है। भारत की अर्थव्यवस्था पर्यटन-उद्योग के इर्द-गिर्द घूमती रही है। राजस्थान भारत का एक राज्य है जो विश्व विरासत का समृद्ध केन्द्र है, यह पर्यटन के लिए सबसे समृद्ध राज्य माना जाता है। राजस्थान की पुरातात्विक विरासत या सांस्कृतिक धरोहर केवल दार्शनिक, धार्मिक, सांस्कृतिक स्थल के लिए नहीं है बल्कि यह राजस्व प्राप्ति का भी स्रोत है। यूं तो भारत के सभी राज्यों में समृद्ध विरासत देखने को मिलती है। पर्यटन क्षेत्रों से कई लोगों की रोजी-रोटी भी जुड़ी है। प्राकृतिक सुंदरता और महान इतिहास से संपन्न राजस्थान में पर्यटन उद्योग समृद्धिशाली है। राजस्थान देशीय और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों, दोनों के लिए एक सर्वाधिक आकर्षक पर्यटन स्थल है। भारत की सैर करने वाला हर तीसरा विदेशी सैलानी राजस्थान देखने ज़रूर आता है। जयपुर के महल, उदयपुर की झीलें और जोधपुर, बीकानेर तथा जैसलमेर के भव्य दुर्ग भारतीय और विदेशी सैलानियों के लिए सबसे पसंदीदा जगहों में से एक हैं। इन प्रसिद्ध विरासत स्थलों को देखने के लिए यहाँ हजारों पर्यटक आते हैं। जयपुर का हवामहल, जोधपुर, बीकानेर और जैसलमेर के धोरे काफी प्रसिद्ध हैं। जोधपुर का मेहरानगढ़ दुर्ग, सवाई माधोपुर का रणथम्भोर दुर्ग एवं चित्तौड़गढ़ दुर्ग काफी प्रसिद्ध है। यहाँ शेखावटी की कई पुरानी हवेलियाँ भी हैं जो वर्तमान में हैरिटेज होटलें बन चुकी हैं। पर्यटन ने यहाँ आतिथ्य क्षेत्र में भी रोज़गार को बढ़ावा दिया है। यहाँ की मुख्य मिठाई 'घेवर' है। राजस्थान असंख्य पर्यटन अनुभवों, व्यंजनों और मोहक स्थलों का प्रांत है। चाहे भव्य स्मारक हों, प्राचीन मंदिर या मकबरे हों, नदी-झरने, प्राकृतिक मनोरम स्थल हो, इसके चमकीले रंगों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रौद्योगिकी से चलने वाले इसके वर्तमान से अटूट संबंध है। यहां सभी प्रकार के पर्यटकों को चाहे वे साहसिक यात्रा पर हों, सांस्कृतिक यात्रा पर या वह तीर्थयात्रा करने आए हों, सबके लिए खूबसूरत जगहें हैं। यह राजस्थान पल-पल परिवर्तित, नितनूतन, बहुआयामी और इन्द्रजाल की हद तक चमत्कारी यथार्थ से परिपूर्ण समृद्ध विरासत का खजाना है। इस राजस्थान की समग्र विविधताओं, नित नवीनताओं और अंतर्विरोधों से साक्षात्कार करना सचमुच अलौकिक एवं विलक्षण अनुभव है। देश-दुनिया में हमारे पूर्वजों ने विभिन्न शिल्प-कलाओं में जो शानदार कृतियां (स्मारक, ग्रंथ, मंदिर, किले, महल या मकबरे आदि के रूप में) उकेरीं, वो आज हम सभी के सामने महान सांस्कृतिक धरोहरों के रूप में मौजूद हैं। ये हमारे गौरवशाली अतीत की याद दिलाते हैं, साथ ही आर्थिक लाभ का जरिया भी बनते हैं। भारतीय संस्कृति में हरे-भरे पेड़, पवित्र नदियां, पहाड़, झरनों, पशु-पक्षियों की रक्षा करने का संदेश हमें विरासत में मिला है। ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक दृष्टि से केवल स्मारक एवं स्थल हीं नहीं, प्रभु श्रीराम जैसे महानायकों का जीवन भी दुनिया के लिये प्रेरणास्रोत रहा है। स्वयं भगवान श्रीराम व माता सीता 14 वर्षों तक वन में रहकर प्रकृति को प्रदूषण से बचाने का संदेश दिया।

# डॉन-माफियाओं को भी रास आती थी 'लखनऊ' की सरजमीं

(विवेक मिश्रा)

अपराध और राजनीति ही नहीं, बल्कि माल कमाने के लिए भी लखनऊ मुफीद जगह होती थी। सबसे ज्यादा पैसा ठेकों की कमाई में बहता था और ठेका उनको ही मिलता था, जिनका सरपरस्त कोई बाहुबली होता था। लखनऊ में एक समय में जो भी सरकारी ठेके उठाए गए थे। उनमें से कई ठेके उन लोगों को मिले, जिन पर बाहुबली धनंजय सिंह या फिर अभय सिंह का हाथ हुआ करता था, जो अब एक दूसरे के जानी दुश्मन बन बैठे हैं। देश की राजधानी दिल्ली का रास्ता यूपी से होकर जाता है, इसलिए जरूरी है कि अपने आपको पहले क्षेत्रीय राजनीति से ऊपर उठकर लखनऊ में स्थापित किया जाए। लखनऊ राजनीति का मुख्य केंद्र है। लखनऊ को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की कर्मभूमि भी कहा जाता है। लखनऊ ने अगर एक से बढ़कर एक नेताओं को दिया है तो वहीं माफिया से नेता बने बाहुबलियों की भी लखनऊ पहली पसंद थी। लखनऊ बाहुबली नेताओं को खूब रास आती थी। इसके कई प्रमुख वजहें भी थीं। लखनऊ में रेल के ठेके से लेकर कॉम्प्लेक्स के व्यवसाय बाहुबली नेताओं की आंखों में चमक पैदा करते थे। एक समय में बाहुबली नेता मानते थे कि जिसने लखनऊ में अपनी पकड़ मजबूत बना ली, उसकी ताकत में चार चांद लग जाते थे। हजारों करोड़ रुपये के कारोबारों से कौन परहेज कर सकता था एक समय ऐसा था कि सदन के सम्मानित सदस्य होने के बावजूद ऐसे कई माननीय थे, जो उस वक्त आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखते थे। साथ ही लखनऊ के भीतर और बाहर अपराधों को अंजाम तक पहुंचाने के गुरेज नहीं करते थे। जिसके चलते माफिया भी आपस में टकराते रहते थे। लखनऊ में रेल के ठेके से लेकर निर्माण गतिविधियां, आवास परियोजनाएं, टेलीफोन के ठेके, बहुमंजिला इमारतों और कॉम्पलेक्स का व्यवसाय बाहुबली नेताओं की आंखों में चमक पैदा करता रहा है। हजारों करोड़ रुपये के इन कारोबार पर काबिज होने के लिए गैंगवार चलती रही है। माफिया डॉन की पसंद बन चुका था लखनऊ गुनाह के सौदागारों को यूपी की राजधानी हमेशा रास आती थी। उन्होंने इस धरती का इस्तेमाल न सिर्फ 'ठौर' के रूप में किया, बल्कि संसाधन हासिल करने में भी खूब किया था। माफिया बृजेश सिंह, बबलू श्रीवास्तव, श्रीप्रकाश शुक्ला, मुन्ना बजरंगी, कृपाशंकर, सत्यप्रकाश उर्फ सत्तू पाण्डेय, पवन पाण्डेय जैसे लोगों ने अण्डरवर्ल्ड की राजधानी मुम्बई से रिश्तों का जो नाता जोड़ा था, उसी का छोर थामकर आईएसआई एजेंटों, आतंकियों और माफियाओं ने लखनऊ में डेरा जमा लिया था। लाल किले पर हमला हो या फिर अयोध्या हमले की साजिश, अपराधियों ने इस सरजमी का इस्तेमाल किया था। लाल किले पर हमला करने वालों में शामिल था लखनऊ का युवक इसको लेकर उस समय पुलिस का भी मानना था कि बृजेश सिंह और बबलू श्रीवास्तव ने सबसे पहले मुम्बई अण्डरवर्ल्ड से रिश्तों की बुनियाद डाली थी। इसके बाद श्रीप्रकाश शुक्ला, सत्तू पाण्डेय ने इस पर अपराध की इमारत खड़ी की थी। अपराधियों ने वसूली, हवाला, मादक पदार्थों, असलहों की तस्करी का धंधा भी यहां से संचालित किया। माफियाओं को सहज पनाह मिलने और अपराध के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध होते देख आईएसआई समर्थक आतंकियों ने भी शहर पर काली निगाह डाली और आतंकी तैयार करने का काम भी शुरू कर दिया था। वरिष्ठ पत्रकार एवं स्थानीय निवासी नवल कांत सिन्हा बताते हैं कि सिर्फ इतना ही नहीं, इसी शहर के चौपटिया इलाके में जन्मा युवक लश्कर-ए-तैयबा के इशारे पर लाल किला पर हमला करने वालों में शामिल हुआ था। इसका जिक्र उन्होंने अपनी किताब में भी किया है। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियों को नजर में बेनकाब होने के बाद वह फिर लखनऊ आ गया एसटीएफ ने उस पर हाथ डाला तो कुछ लोगों ने शहर को साम्प्रदायिक उन्माद की आग में झोंकने का प्रयास कर दिया था।

# आज का राशिफल

### मेष

व्यापार में नया प्रयोग करने से आपको बचना चाहिये। विद्यार्थियों को पढ़ाई में कुछ समस्या होगी। वैवाहिक जीवन में थोड़ी अशान्ति हो सकती है। नजदीकी लोगों को लेकर थोड़ा परेशान रहेंगे। गुप्त शत्रु खुलकर आपको नुकसान पहुँचाने की कोशिश कर सकते हैं।

### वृष

विद्यार्थियों के लिये दिन बहुत अच्छा है। जीवनसाथी के प्रति मन में सम्मान भाव बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में काम क दबाव कम होगा। दोस्ती प्रेम सम्बन्धों में बदल सकती है। आपको कुछ शुभ समाचार मिल सकते हैं। धन के लेन-देन में सावधानी रखें। आर्थिक स्थिति उत्तम रहने वाली है।

### मिथुन

सन्तान के जिद्दी व्यवहार के कारण परेशानी होगी। बाहर का तला भुना व गरिष्ठ भोजन न करें। पेट में जलन की शिकायत हो सकती है। आपको अपने मान-सम्मान की चिन्ता रहेगी। जीवनसाथी से वैचारिक तनाव दूर होगा। प्रेमी जन से झगड़ा हो सकता है।

### तुला

अनावश्यक कार्यों से आपको बचना चाहिये। पुराने उधार के कारण समस्या हो सकती है। आपका स्वास्थ्य थोड़ा कमजोर रहेगा। युवाओं को वैवाहिक जीवन में मनमुटाव से बचना चाहिये। स्वार्थी प्रवृत्ति के लोगों से आपको नुकसान हो सकता है।

### वृश्चिक

सरकारी कार्यों की रुकावटें दूर होंगी। आज मन काफी चञ्चल रहेगा। लेकिन फिर भी आपके विचारों को लोग काफी महत्व देंगे। पुराने सामान को बेचकर धन कमा सकते हैं। छोटे व्यापारियों की आय में अचानक वृद्धि हो सकती है।

### धनु

आज आपके सभी कार्य तय समय पर पूर्ण हो जायेंगे। व्यवसाय को लेकर कड़े निर्णय लेने के लिये दिन उत्तम है। प्रेमी जन के साथ महत्वपूर्ण डेट्स पर जाने की योजना बना सकते हैं। सन्तान के करियर को लेकर चिन्ता दूर होगी। तकनीकी शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को जॉब के अवसर मिलने की सम्भावना बन रही है।

### कर्क

पारिवारिक जीवन में थोड़ी परेशानी होगी। आज का दिन आपके लिये काफी खर्चीला रहेगा। दोस्तों से अपने मन की बातें शेयर करने से अच्छा लगेगा। यात्रा कर रहे हैं तो सामान और धन की स्थिति का ध्यान रखें। पुराने कर्ज को उतारने के लिये दिन बहुत अच्छा है।

### सिंह

आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। नया व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। व्यवसाय में बिक्री बढ़ने से मन प्रसन्न रहेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलने की सम्भावना बन रही है। आज रिश्तेदारों और मित्रों के साथ अच्छा समय बिता सकते हैं।

### कन्या

आपके मन में कुछ नया करने की इच्छा जागृत होगी। किन्तु आपके चलते हुये कार्यों में किसी कारण बाधा आ सकती है। सर्द-गर्म के कारण बुखार की समस्या होगी। अपने खर्चों पर नियन्त्रण रखें। बीमार लोगों को अपनी सेहत को लेकर लापरवाह नहीं होना चाहिये।

### मकर

आज आपको घुटनों और पेट दर्द की शिकायत हो सकती है। व्यवसाय में टीमवर्क की भावना ध्यान रखें। दूसरों की कही-सुनी बातों को ज्यादा महत्व न दें। इससे आपके काम बिगड़ सकते हैं। आज शान्त होकर परिस्थितियों का आकलन करें। नया काम शुरू न करें।

### कुंभ

आज आप काफी प्रसन्न रहने वाले हैं। टीमवर्क में काम करने से काम शीघ्र सफल होंगे। काफी समय से रुका हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। व्यापारिक सम्बन्ध और सुदृढ़ होंगे। कार्यक्षेत्र में बेहतरीन धन लाभ होगा।

### मीन

करियर को लेकर काफी आशावादी और प्रयत्नशील रहेंगे। लेखन आदि कार्यों में सफलता मिलेगी। जीवन के प्रति आपका दृष्टिकोण किसी कारणवश बदल सकता है। अपने स्वभाव में लचीलापन बनाये रखें। कार्यक्षेत्र में काम का दबाव बढ़ने की आशंका है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5346

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 3 | | | | | | |
| 2 | | | 3 | | | | | |
| | 4 | | 7 | 1 | | 2 | | 3 |
| | | 5 | 4 | | | | 7 | 1 |
| | | 4 | 2 | | 1 | 8 | | |
| 6 | 8 | | | | 7 | 5 | | |
| 1 | | 7 | | 6 | 9 | | 3 | |
| | | | | | 4 | | | 6 |
| | | | | | | 9 | | 5 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5345

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 3 | 1 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 5 | 1 | 8 | 6 | 2 | 3 | 4 | 7 | 9 |
| 6 | 7 | 4 | 9 | 8 | 5 | 2 | 3 | 1 |
| 3 | 8 | 5 | 2 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 |
| 1 | 6 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 | 2 | 3 |
| 7 | 4 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 4 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 8 | 2 | 6 | 3 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 |
| 9 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 |

## वर्ग पहेली 5346

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | ■ | 3 | | 4 | 5 |
| 6 | | 7 | ■ | | ■ | 8 | |
| | ■ | 9 | | | ■ | 10 | |
| 11 | 12 | | ■ | ■ | 13 | ■ | |
| ■ | 14 | | 15 | | | 16 | ■ |
| 17 | | ■ | | ■ | 18 | | 19 |
| | ■ | 20 | | | ■ | 21 | |
| | ■ | 22 | | ■ | 23 | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 30 मई 1987 को इसे भारत के राज्य का दर्जा मिला यह भारत का 26 वां राज्य बना (2)
3. 30 मई 1981 को हमारे देश के इस पडोसी राष्ट्र के राष्ट्रपति की उनके 8 सहयोगियों के साथ हत्या की गई (4)
6. विवाह के समय वधू का वर की अंगीकार करना (3)
8. स्थिति, दशा, अवस्था (2)
9. कलंदर, बाजीगर (3)
10. दारचीनी जाति के पत्ते के मसाले जो तरकारी आदि में इस्तेमाल होते है (2)
11. मुस्लिमों की ईश प्रार्थना जो पांच वक्त की होती है (3)
14. निर्देशक महबूब खान की और नरगिस की यादगार भूमिका वाली फिल्म जिसमें सुनील दत्त, राजेंद्र कुमार भी थे (6)
17. षोषशी, किशोरी (2)
18. दक्षिणी अमेरिका का एक देश जिसकी राजधानी जॉर्ज टाउन है (3)
20. जल की बूंद, फुहार (3)
21. हिंदी व्याकरण में अन्य पुरूष (2)
22. नारी का अपभ्रंश (3)

**ऊपर से नीचे**

1. श्री वृंदावन का एक पर्वत के बारे में ऐसी प्रसिद्धि है कि एक बार बहुत अधिक वर्षा होने पर अपने भक्तों के रक्षार्थ श्रीकृष्ण ने इसे कनिष्ठिका उंगली पर उठाया था (4)
2. सप्ताह का दिन, प्रहार करने की क्रिया (2)
3. इस वाद्य का आविष्कार मतंग ने किया था (3)
4. ग्राम, गांव, ग्राम क्षेत्र (3)
7. किसी का नाम किसी बात आदि के लिए निश्चित कर लिया गया हो (4)
12. मुकदमा, माजरा, समस्या, घटना (3)
13. अविचल, जो हिल न सके (3)
15. समुद्र, रत्नखान (4)
16. खानाबदोश, पर्यटन प्रिय, घुमंतु (4)
17. भारत के प्रथम मुगल सम्राट (3)
19. वृथा, बेमतलब, व्यर्थ में (3)
20. सिलना, टांके लगाना, वक्षस्थल (2)

### वर्ग पहेली 5345 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ने | पा | न | ग | र | ■ | प | ना |
| क | ल | म | ल | ■ | भा | र | त |
| नी | ■ | क | त | र | ■ | वा | ■ |
| य | म | ■ | फ | त | ह | ना | मा |
| त | न | ख्वा | ह | ■ | व | ■ | या |
| ■ | मो | ■ | मी | जा | न | ■ | ■ |
| सा | ह | स | ■ | पा | ■ | शा | म |
| म | न | ही | म | न | ■ | ना | म |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

## संक्षिप्त समाचार

### भागवत कथा में शामिल हुए पंचायत प्रतिनिधि

**जमशेदपुर, एजेंसी।** प्रजापति ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से बागबेड़ा कॉलोनी डॉ. अनुग्रह नारायण सिंह सेवा संस्थान परिसर में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आध्यात्मिक रहस्य कार्यक्रम का समापन हो गया। इसमें बागबेडा कॉलोनी के पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता, श्रीकृष्णा पब्लिक स्कूल बागबेड़ा की प्रधानाध्यापिका कृष्णा पांडेय, प्ले स्कूल की प्राचार्य कंचन झा और समाजसेवी भोला झा शामिल हुए और आरती-पूजन किया।

### जूनियर राज्य बास्केट बॉल चैंपियनशिप में जैप-1 विजयी

**जमशेदपुर, एजेंसी।** जमशेदपुर बास्केट बॉल एसोसिएशन की ओर केपीएस कदमा में 24वीं जूनियर राज्य झारखंड बास्केट बॉल चैंपियनशिप की शुरुआत की गई, जो 21 अप्रैल तक चलेगी। इसमें राज्य से 18 टीमों के 200 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। टूर्नामेंट का उद्घाटन कर्नल विनय आहूजा ने किया। मौके पर केपीएस कदमा के निदेशक शरद चंद्रा, केपीएस की एकेडेमिक निदेशक आर. लक्ष्मी, शर्मिला मुखर्जी, प्रिंसिपल, सुभाश्री सरकार, अभिषेक आदि मौजूद थे। पहला मैच मैच जैप-1 और बोकारो के बीच खेला गया, जिसमें जैप-1 56-13 अंक से विजेता रहा। मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष हरभजन सिंह, सचिव जेपी सिंह, कोषाध्यक्ष प्रदीप मुखर्जी उपस्थित थे। टूर्नामेंट के विजयी खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा, जो इंदौर में 9 से 15 मई तक हो रही है।

### धालभूमगढ़ की बीडीओ का हाथ टूटा, टाटा मोटर्स अस्पताल में भर्ती

**जमशेदपुर, एजेंसी।** धालभूमगढ़ की बीडीओ बबली कुमारी इवीएम कमिशनिंग की ट्रेनिंग के दौरान शुक्रवार को रवीन्द्र भवन में गिरकर घायल हो गईं। उनका हाथ टूट गया है। उन्हें टाटा मोटर्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रवीन्द्र भवन में स्टेज और सीढ़ी के बीच एक स्थान पर गड्ढानुमा जगह है, वहीं पर बीडीओ फिसल गईं और हाथ के बल गिर गईं। इवीएम कमिशनिंग के प्रशिक्षण में सेक्टर ऑफिसरों के अलावा सभी बीडीओ-सीओ को भी बुलाया गया था।

### पानी के लिए जुगसलाई नगर परिषद कार्यालय का घेराव, लोगों ने दिया धरना

**जमशेदपुर, एजेंसी।** जुगसलाई के छपरहिया मोहल्ला और सफीगंज मोहल्ले के निवासी पानी के लिए तरस रहे हैं। पिछले एक माह से 350 घरों में जलापूर्ति बाधित है। शनिवार को इलाके के लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और लोगों ने जुगसलाई नगर परिषद कार्यालय का घेराव कर वहां धरना दिया। लोगों का कहना है कि जब नगर परिषद पानी के लिए टैक्स वसूलती हैं तो पानी भी मिलना चाहिए। विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मोहल्ले की जलापूर्ति पाइप जाम हो गई, जिस कारण पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। जलापूर्ति पाइप को दुरुस्त करने के लिए विभाग की ओर से कई जगह गड्ढे किए गए हैं। लेकिन अब तक गड़बड़ी का पता नहीं चल पाया है। टैंकर से मोहल्ले में जिला पूर्ति हो रही है लेकिन उसे सभी को पानी नहीं मिल रहा है।

### सेक्टर अधिकारियों ने ईवीएम की कमीशनिंग का लिया प्रशिक्षण

**जमशेदपुर, एजेंसी।** लोकसभा निर्वाचन के लिए सेक्टर अधिकारी को ईवीएम कमीशनिंग का प्रशिक्षण शुक्रवार को दिया गया है। मास्टर ट्रेनर ने मतदान के पूर्व ईवीएम की कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट व वीवीपीएट की कमीशनिंग कैसे की जाती है, इसकी विस्तार पूर्वक जानकारी दी। बैलेट यूनिट व कंट्रोल यूनिट, डिस्पले यूनिट( वीवीपैट ) की सिलिंग प्रक्रिया भी बताई। सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने प्रशिक्षण के दौरान ईवीएम कमीशनिंग के एक-एक बिंदु पर प्रशिक्षण लिया।प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ( डीईओ ) अनन्य मित्तल ने कहा कि मतदान केंद्र की व्यवस्थाओं की भी जिम्मेदारी सेक्टर ऑफिसर की होती है। सेक्टर ऑफिसर चुनाव की हर प्रक्रिया की पूरी जानकारी रखें। प्रशिक्षण में दी जा रही सभी जानकारियों को बारीकी से समझें ताकि चुनाव के दिन किसी तरह की परेशानी न हो। सभी सेक्टर ऑफिसर अपने क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर से भी निरंतर संपर्क में रहें।

### एनडीए की बैठक में एनसीपी को बुलाना भूली भाजपा, एक दिन बाद किया फोन

**भूली, एजेंसी।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की गुरुवार रात प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के आवास पर हुई बैठक में एनसीपी का कोई प्रतिनिधि नहीं था। पूछने पर एनसीपी विधायक और पार्टी के प्रदेश प्रमुख कमलेश सिंह ने कहा कि उन्हें बैठक की जानकारी नहीं थी। इसके पहले भी एनडीए की कई बैठकें हुई थीं, उसकी भी जानकारी नहीं दी गई। एनडीए फोल्डर की अन्य पार्टियों के नेता बैठक में थे, पर निमंत्रण नहीं होने के कारण मैं बैठक का हिस्सा नहीं था।काफी तकलीफ हुई थी। कमलेश सिंह ने कहा कि अभी मैं अपने क्षेत्र में हूं। यह पूछने पर कि राज्यसभा चुनाव के समय तो आप भाजपा उम्मीदवार के प्रस्तावक थे, फिर क्या हुआ कमलेश सिंह ने कहा - हो सकता है कि राज्यसभा चुनाव के समय भाजपा को मेरी ज्यादा जरूरत थी, अब न हो। लेकिन, प्रसन्नता है कि अमर बाउरी ने फोन कर हमसे चुनाव के बारे में बात की।

# भीषण गर्मी के लिए हो जाएं तैयार, झारखंड में लू चलने का येलो अलर्ट जारी

**रांची, एजेंसी।** राजधानी समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में 20 से 22 अप्रैल तक गर्मी बढ़ने की चेतावनी जारी की गई है। इस दौरान रांची का अधिकतम तापमान 40 डिग्री के करीब पहुंचने की संभावना है। जबकि, न्यूनतम तापमान भी 26 डिग्री के करीब पहुंच सकता है। राज्य के कोल्हान, उत्तरी छोटानागपुर के बोकारो और धनबाद तथा संताल परगना के जिलों में अगले तीन दिनों के दौरान उष्ण लहर चलने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। जबकि, 22 अप्रैल से मौसम में बदलाव के अनुमान के साथ दक्षिणी भाग में गरज के साथ हल्की बारिश और कहीं-कहीं वज्रपात होने का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विभाग ने राज्य के लोगों को पूर्वानुमान के मुताबिक, उष्ण लहर से बचने के जरूरी एडवाईजरी (सुझाव) जारी किए हैं। रांची में पिछले 24 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में करीब तीन डिग्री की वृद्धि हुई। यह 38.4 डिग्री रहा। जबकि, न्यूनतम तापमान भी सामान्य से तीन डिग्री अधिक 24.6 डिग्री दर्ज किया गया। राजधानी समेत राज्य के अन्य हिस्सों में भी दोनों तापमान में दो से तीन डिग्री की वृद्धि हुई है।



### संताल, पलामू में पारा 41 से 42 डिग्री के बीच रहा

संताल और पलामू के जिलों में अधिकतम तापमान 41 से 42 डिग्री के बीच रहा। मौसम विभाग ने 22 अप्रैल तक कोल्हान, उत्तरी छोटानागपुर के बोकारो और धनबाद समेत संताल परगना के जिलों में अगले तीन दिनों के दौरान लू का यलो अलर्ट जारी किया है। 22 अप्रैल के बाद मौसम में बदलाव का अनुमान है। इस दौरान गरज के साथ हल्की बारिश के आसार हैं।

### 11 जिलों का तापमान 40 डिग्री के पार

मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के 11 जिलों का तापमान 40 डिग्री के पार रहा। राज्य में जमशेदपुर और मेदिनीनगर का अधिकतम तापमान 43.2 डिग्री रहा। 24 घंटों में पारा में दो से तीन डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई। जबकि, संताल के पाकुड़ और गोड्डा का तापमान भी 43 डिग्री के करीब आ चुका है। गोड्डा का तापमान 42.8 डिग्री सेल्सियस रहा।रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने कहा, %अगले तीन दिनों तक कोल्हान, संताल और उत्तरी छोटानागपुर के बोकारो और धनबाद में हीट वेव चलने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। रांची में भी अगले दो दिनों के दौरान अधिकतम और न्यूनतम में वृद्धि होगी।

### जमशेदपुर में गर्मी से लोग हलकान, आसमान से बरस रही आग

लौहनगरी की तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। शनिवार को लू के थपेड़ों ने लोगों को परेशान कर दिया। सुबह 10 बजे से ही गर्मी ने रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया। आसमान से आग बरस रही है। गर्म हवा ने लोगों को दिनभर परेशान किया। गर्मी और लू के कारण दोपहर में शहर की सड़कें सूनी हो गई थीं। मौसम विभाग के अनुसार, अगले एक सप्ताह तक गर्मी से राहत के आसार नहीं हैं। मौसम वैज्ञानिक डॉ. अभिषेक आनंद ने बताया कि उत्तर-पश्चिमी हवा की वजह से तापमान बढ़ रहा है। फिलहाल बारिश की कोई संभावना नहीं है।

# जिले के 9,093 प्रवासी मजदूरों को जिले में आकर वोट करने को गुमला प्रशासन भेजेगा आमंत्रण पत्र

**गुमला, एजेंसी।** 13 मई को होने वाले अजजा आरक्षित लोहरदगा लोकसभा को लेकर जिला प्रशासन ने जिले के प्रवासी मजदूरों को जिले में आकर वोट देने के लिए आमंत्रण पत्र भेजेगा। जिले में निबंधित प्रवासी मजदूरों की संख्या 9,093 है। जिले के मतदाताओं को जागरूक करने के इरादे से जिले में स्वीप कोषांग ने यह आमंत्रण पत्र भेजने का बीड़ा उठाया है।

जिले के मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप कोषांग लगातार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करते हुए मतदाताओं को चुनाव के इस महापर्व में भाग लेने के लिए प्रेरित कर रहा है। प्रत्येक श्रेणी के मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अलग अलग गतिविधि का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुमला जिले के प्रवासी मजदूरों को भी जिले में 13 मई को होने वाले मतदान दिवस में आने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। जिसके तहत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर स्वीप कोषांग द्वारा सभी प्रवासी मजदूरों के लिए जो जिले से बाहर जाकर कार्य कर रहें है ,के लिए आमंत्रण पत्र बनाएं गए हैं। जिसे सभी प्रवासी मजदूरों के वाट्सअप,ईमेल व उनके परिजनों और उनके एड्रेस पर आमंत्रण पत्र भेजे जाएंगे।

इस बाबत जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी ने बताया कि जिले में कुल 9093 प्रवासी मजदूरों की सूची है, जो जिले के बाहर और अन्य प्रखंडों में जाकर काम कर रहें है। ऐसे में चुनाव की तिथि के बारे में उन्हें अवगत कराना और जिले में 13 मई को मतदान के महापर्व में आमंत्रित करने के लिए आमंत्रण कार्ड बनाए गए हैं। जिसे सभी प्रखंड में भेज दिया गया है। बीएलओ के सहयोग से उक्त कार्ड को जिले के प्रवासी मजदूरों तक विभिन्न माध्यमों से पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य है कि जिले के प्रवासी मजदूर भी मतदान की तिथि में जिला वापसी करें और अपने मतदान कर सकें।

## रक्तदान करानेवाले संगठन व संस्थाओं को किया सम्मानित

**धनबाद, एजेंसी।** शुक्रवार को शहीद निर्मल महतो मेमोरियल मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के सेमिनार हॉल में धनबाद के ब्लड डोनर संगठन के सम्मान में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। जेपी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के मैनेजिंग डायरेक्टर नित्यानंद मंडल को सीआईएसएफ के डीआईजी विनय काजला द्वारा एसएनएमएमसीएच से जारी प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नित्यानंद मंडल ने कहा रक्तदान और रक्त संग्रह की जागरूकता वर्तमान समय में बहुत ही आवश्यक है। इससे गंभीर रोगियों की जान तत्काल बचाई जा सकती है। किसी भी देश में जरूरतमंद मरीजों को पर्याप्त और सुरक्षित रक्त की आपूर्ति के बिना चिकित्सा उपचार अधूरा है। जेपी हॉस्पिटल इसके लिए हमेशा से तत्पर रहा है और आगे भी रहेगा। एसएनएमएमसीएच ब्लड बैंक की ओर से शुक्रवार को सम्मान में रक्तदान शिविर लगाकर ब्लड बैंक को रक्त मुहैया करानेवाले संगठनों व समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होनेवाले संगठनों व संस्थाओं में सीआईएसएफ, मधुमिता फाउंडेशन, बंगाली वेलफेयर सोसाइटी, समर्पण एक नेक पहल, फोर्स, दैनिक भास्कर, फास्ट फार्वर्ड इंडिया, प्रयास इंडिया, दधीचि, संदीप सिंह मेमोरियल फाउंडेशन, आयुष फाउंडेशन, रोटरी क्लब ऑफ धनबाद, रोट्रैक्ट क्लब धनबाद, जन अधिकार मंच, जेपी अस्पताल, शहबाज सिद्दिकी मेमोरियल ब्लड डोनर धनबाद, ह्यूमैनिटी हेल्पिंग हैंड्स के प्रतिनिधि शामिल हुए। विधायक राज सिन्हा व सीआईएसफ डीआईजी विनय काजला के हाथों सम्मानित किया गया।

# पहली बार बड़े दलों ने महिला प्रत्याशियों पर जताया भरोसा, भाजपा ने तीन, कांग्रेस दो और झामुमो-राजद ने एक-एक को दिया टिकट

**रांची , एजेंसी।** लोकसभा चुनाव में पहली बार बड़े दलों ने महिला प्रत्याशियों पर भरोसा जताया है। झारखंड की 6 सीटों पर 7 महिला उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरीं हैं। एनडीए ने तीन और इंडी एलायंस ने चार महिलाओं को मौका दिया है। लेकिन, दलवार भाजपा ने सबसे ज्यादा 3 महिला उम्मीदवार को टिकट दिया है। दूसरे नंबर पर कांग्रेस है। कांग्रेस ने 2 महिला प्रत्याशियों को उतारा है। झामुमो और राजद ने 1-1 को टिकट दिया है।

भाजपा से अन्नपूर्णा देवी कोडरमा, सीता सोरेन दुमका और गीता कोड़ा सिंहभूम लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रही हैं। कांग्रेस ने महगामा विधायक दीपिका पाडेय सिंह को गोड्डा और बेरमो विधायक अनूप सिंह की पत्नी अनुपमा सिंह को धनबाद से प्रत्याशी बनाया है।

झामुमो से जोबा मांझी सिंहभूम और राजद से ममता भुइयां पलामू की उम्मीदवार हैं। ममता पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां के छोटे भाई की पत्नी हैं। सिंहभूम सीट पर भाजपा की गीता और झामुमो की जोबा में सीधी टक्कर है। हालांकि, सातों महिला उम्मीदवारों की राजनीतिक पृष्ठभूमि काफी मजबूत है। ऐसे में 6 सीटों पर कड़ा मुकाबला होगा।




सिंहभूम लोकसभा सीट पर दो महिलाओं में सीधी टक्कर होगी। गीता कोड़ा कांग्रेस सांसद थी। वर्तमान में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आई हैं और चुनाव लड़ रहीं हैं। वे पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी हैं। इस क्षेत्र में मधु कोड़ा का मजबूत जनाधार है। गीता भी लगातार जमीन से जुड़ी रहीं हैं। ऐसे में उनकी स्थिति मजबूत बनी हुई है।

दूसरी ओर, जोबा मांझी विधायकी छोड़कर झामुमो से चुनाव लड़ रहीं हैं। वे मंत्री भी थीं। अहम बात यह है कि सिंहभूम के सभी विधानसभा क्षेत्र से झामुमो के विधायक हैं। उनका समर्थन जोबा को मिल सकता है। सभी विधायकों ने खुलकर साथ दिया तो वे बाजी को अपनी ओर मोड़ सकती हैं।

धनबाद में कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह और भाजपा उम्मीदवार ढुल्लू महतो के बीच कांटे का संघर्ष होगा। अनुपमा बेरमो विधायक अनूप सिंह की पत्नी और बेरमो कोयलांचल के दिग्गज नेता रहे राजेंद्र सिंह की बहू हैं। कोयलांचल में उनका मजबूत जनाधार है। वे पटना वीमेंस कॉलेज से राजनीति शास्त्र में ग्रेजुएट हैं।

भाजपा में पीएन सिंह का टिकट कटने के बाद एक वर्ग पार्टी से नाराज चल रहा है। उनका समर्थन अनुपमा को मिल सकता है। दूसरी ओर, बाघमारा से विधायक ढुल्लू महतो लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। धनबाद कोयलांचल में उनकी पकड़ मजबूत है। जमीन से जुड़े नेता हैं। भाजपा के शहरी कार्यकर्ताओं का खुलकर साथ मिला तो वे राजनीति की हवा रुख बदल सकते हैं।

दुमका सीट पर चाचा-भतीजी में चुनावी लड़ाई है। सीता सोरेन भाजपा की प्रत्याशी हैं। झामुमो से विधायक थीं। सोरेन परिवार का होने के नाते उनका मजबूत जनाधार है। भाजपा का संगठन भी यहां मजबूत है। 2019 चुनाव में भाजपा के सुनील सोरेन ने झामुमो के दिग्गज नेता शिबू सोरेन को हराया था। भाजपा कार्यकर्ताओं का साथ सीता को मिला तो बाजी अपने पक्ष में कर सकती हैं।

उनका मुकाबला झामुमो के नलिन सोरेन से है। नलिन को सीता चाचा कहती हैं। हालांकि, नलिन ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि राजनीति में रिश्ता काम नहीं आता। झामुमो का गढ़ माने जाने वाली दुमका सीट पर नलिन की स्थिति अच्छी बताई जा रही है। झामुमो कार्यकर्ताओं का सहयोग पूरी तरह मिला तो नलिन बाजी मार सकते हैं।

# साउथ प्वाइंट स्कूल में अग्निशमन विभाग ने मॉक ड्रिल कर बच्चों को किया जागरूक

**गम्हरिया, एजेंसी।** आदित्यपुर थाना अंतर्गत गम्हरिया केडिया पेट्रोल पंप के पास आशीष पठान, शुभम चौधरी और गांधी नामक युवक ने गम्हरिया के ही विकास दास नामक युवक के साथ मारपीट कर हवाई फायरिंग की। यह घटना गुरुवार देर रात की है। इसे लेकर आदित्यपुर पुलिस से शिकायत की गई है। विकास ने बताया कि आशीष ने देर रात उसे फोन कर मिलने के लिए बुलाया। उसके बाद जब विकास अपने एक मित्र के साथ आशीष के बताए गए स्थान पर आया तो वहां मौजूद शुभम व गांधी ने साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की।

इसके बाद उन युवकों ने हवाई फायरिंग की और भाग गए। सूचना पर पहुंची आदित्यपुर पुलिस ने घायल विकास व एक अन्य युवक को इलाज के लिए गम्हरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। सरायकेला एसडीपीओ संतोष मिश्रा, थानेदार नितिन कुमार भी दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच की। हालांकि पुलिस ने बताया कि गोली चलाने की घटना नहीं हुई है, सिर्फ मारपीट हुई है। बताया गया है कि गणेश पूजा के दौरान आशीष पठान और विकास दास समेत अन्य युवकों के बीच मारपीट हुई थी। उसके बाद से दोनों गुटों के बीच तनाव था। बहरहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



पटमदा के गोबरघुसी स्थित साउथ प्वाइंट स्कूल में शुक्रवार को अग्निशमन विभाग की ओर से मानगो प्रभारी ब्रजकिशोर पासवान की अध्यक्षता में आग से सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान आग से बचाव के विभिन्न उपायों का प्रदर्शन मॉक ड्रिल के माध्यम से किया गया। अग्निशमन विभाग मानगो के सदस्यों अजय कुमार, दिलीप कुमार साहू, विकास कुमार के नेतृत्व में सबसे पहले लकड़ी के ढेर में आग लगाकर कार्बन डाइऑक्साइड से बुझा कर दिखाया गया। इसके बाद दूसरी कड़ी में सिलेंडर से निकले गैस में लगी आग पर नियंत्रण पाने के तरीके बताए गए। इसके लिए पानी से भीगे हुए कपड़े को गैस सिलेंडर पर चढ़ाते हुए आग बुझाकर दिखाया गया। गैस पाइप में आग लगाकर उसे काबू करके दिखाया गया।इस दौरान विद्यालय के कुछ बच्चों और शिक्षकों द्वारा भी आग बुझाया गया। अग्निशमन मानगो दल के पदाधिकारी ब्रजकिशोर ने बताया कि आपदा से निपटने के लिए जागरूकता आवश्यक है। जागरूकता फैलाकर हम आग से होने वाले नुकसान को कम कर सकते हैं।

## केबुल कंपनी के जमीन लीज का मामला उनके क्षेत्राधिकार क्षेत्र का नहीं : कोर्ट

**जमशेदपुर, एजेंसी।** नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) कोर्ट ने इंकैब इंडिया लिमिटेड (केबुल कंपनी) के मामले में दो मामलों में आदेश जारी किया है। इसमें एक केस कोलकाता में कार्यरत दो कर्मचारी आलोक सेन, प्रवीर सरकार ने वेतन की मांग की थी, इसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। वहीं दूसरा मामला रिजोल्यूशन प्रोफेशनल पंकज टिबरेबाल द्वारा दायर किया गया था, जिसमे कहा गया था कि केबुल कंपनी की 177 एकड़ जमीन टाटा स्टील से लीज द्वारा प्राप्त है।

इसका लीज रिन्यूअल होना चाहिए। इस पर टाटा स्टील ने कोर्ट में पक्ष रखते हुए केबुल कंपनी को लीज रिन्युअल से इंकार किया था। वहीं इस मामले में मजदूरों की ओर से अधिवक्ता अखिलेश श्रीवास्तव ने भी पक्ष रखा था, इसमें अधिवक्ता ने कहा था कि रिजोल्यूशन प्रोफेशनल टाटा स्टील से मिली भगत कर जमीन के मामले को उलझा रहे हैं। मामले में सभी पक्षों को देखते हुए एनसीएलटी ने आदेश दिया है कि जमीन का मामला एक सार्वजनिक कानून का मामला है यह हमारे क्षेत्राधिकार से बाहर का मसला है अतः हम इस पर कोई आदेश पारित नहीं कर सकते हैं। एनसीएलटी ने आगे कहा कि इंकैब की 177 एकड़ जमीन अगर टाटा की लीज है। टाटा स्टील ने अगर इंकैब को लीज दिया है तो टाटा को जमशेदपुर के दीवानी अदालत में इंकैब से जमीन खाली करवाने के लिए दीवानी मामला दायर करना जाना चाहिए था।

# गायत्री शिक्षा निकेतन के रिजल्ट में स्कूल टॉपर रही मुस्कान, मेडिकल की पढाई कर डॉक्टर बनना चाहती है

**आदित्यपुर, एजेंसी।** जैक बोर्ड के आज घोषित रिजल्ट में आदित्यपुर 2 के मार्ग संख्या 4 स्थित गायत्री शिक्षा निकेतन उच्च विद्यालय के परीक्षार्थियों ने शत प्रतिशत सफलता हासिल की है। इस वर्ष की झारखंड माध्यमिक परीक्षा में विद्यालय के कुल 121 छात्र- छात्राओं ने भाग लिया था, जिसमें से 112 बच्चों ने प्रथम श्रेणी में डिस्टिंक्शन अंक से सफलता प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। 9 बच्चों ने द्वितीय श्रेणी से सफलता हासिल की है।

90त्न अंक प्राप्त कर मुस्कान कुमारी विद्यालय की प्रथम टॉपर बनी है। जबकि 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लालटू गोप द्वितीय टॉपर तथा कंचन कुमारी, खुशी महतो एवं दीपाली महतो ने संयुक्त रूप से 87.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय टॉपर बनी। स्कूल की प्रथम टॉपर मुस्कान मेडिकल की पढ़ाई कर डॉक्टर बनना चाहती है। सभी ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता एवं विद्यालय के सभी कुशल शिक्षकों को दिया हैं। जैक बोर्ड की परीक्षा में शत-प्रतिशत सफलता के लिए विद्यालय के सचिव सत्यप्रकाश सुधांशु ने सभी सफल छात्र-छात्राओं एवं कर्मठ शिक्षक- शिक्षिकाओं को बधाई दिया है।



झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक), रांची की ओर से शुक्रवार को जारी की गई वार्षिक माध्यमिक परीक्षा परिणाम में पूर्वी सिंहभूम जिले को पहला स्थान प्राप्त हुआ है। हालांकि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष करीब 3 प्रतिशत परीक्षार्थी कम उत्तीर्ण हुए हैं। पिछले वर्ष करीब 97 प्रतिशत छात्र - छात्राओं ने सफलता हासिल की थी जबकि इस बार घटकर 94 प्रतिशत हो गया। कुल 21455 में 20184 विद्यार्थी सफल हुए हैं। पटमदा प्रखंड के माचा गांव निवासी एवं एसएस प्लस टू हाई स्कूल पटमदा का छात्र सुखदेव दत्ता 480 (96 प्रतिशत) अंक लाकर प्रखंड का टॉपर बना है। इस कामयाबी में सुखदेव ने अपने परिवार के साथ-साथ विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रौशन किया है। उसकी सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. मिथिलेश कुमार समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई दी है। प्राचार्य ने कहा कि वह शुरू से मेधावी छात्र रहा है और उम्मीद थी कि वह राज्य स्तर पर टॉप टेन की सूची में जरूर शामिल होगा। लेकिन उसे जिले के टॉप टेन की सूची में चौथा स्थान प्राप्त हुआ है। सुकदेव के पिता स्वरूप दत्त कृषि कार्य के अलावा एक थोक व्यापारी के पास मजदूरी करते हैं, जबकि माता काकोली दत्त गृहिणी हैं।

## 2017 के बाद दूसरा मौका, दो दिन निकला जुलूस

**जमशेदपुर, एजेंसी।** शहर में आठ साल बाद रामनवमी का विसर्जन जुलूस दो दिन निकला। इससे पहले 2017 में ऐसा हुआ था। 2023 में विवाद के कारण जुलूस निकल ही नहीं पाया था। प्रशासन ने गुरुवार को विसर्जन जुलूस का दिन निर्धारित किया था। लेकिन काशीडीह ठाकुर प्यारा सिंह धुरंधर सिंह और भालूबासा बजरंग विजय अखाड़ा (जंबो अखाड़ा) समिति ने जिला प्रशासन की व्यवस्था को यह कहते हुए मानने से इनकार दिया था कि गुरुवार को सनातन परंपरा में गुरुवार को देवी देवता की विदाई अशुभ मानी जाती है। ठाकुर धुरंधर सिंह प्यारा सिंह और बजरंग अखाड़ा समिति के संरक्षक अभय सिंह ने बताया- इससे पहले 1994, 1997, 2000, 2004, 2010, 2017 में दो दिन जुलूस निकाला गया था। 1994 में विहिप और हिंदू संगठनों ने गुरुवार के बजाए शुक्रवार को जुलूस निकाला था।



दो समितियों के विसर्जन जुलूस को डेढ़ किलोमीटर की दूरी तय में चार घंटे से अधिक समय लगा। जुलूस साकची चौक पहुंते ही सड़क जाम में तीन सौ से अधिक दोपहिया-चार पहिया वाहन फंस रहे। जुलूस के दौरान पुलिस की ओर से सुरक्षा के चौक-चौबंद इंतजाम किए गए थे। काशीडीह, साकची शहीद चौक, साकची गोलचक्कर, पुराना कोर्ट परिसर के समीप और सुवर्णरेखा घाट पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। इसके बावजूद रोड जाम रहा।

शाम 7.30 बजे काशीडीह से तो रात्रि 08 बजे भालूबासा से जुलूस निकाला गया। दोनों अखाड़ा जुलूस साकची गोलचक्कर के पास मिले। फिर वहां से दोनों अखाड़ा के सदस्यगण एक साथ पुराना कोर्ट होते हुए सुवर्णरेखा घाट पहुंचे, जहां विधिवत झंडा ठंडा किया गया। जंबो अखाड़ा पत्ता मार्केट होते हुए साकची गोलचक्कर पहुंची। जबकि ठाकुर सिंह धुरंधर सिंह अखाड़ा बसंत टॉकीज होते गोलचक्कर पहुंची यहां से दोनों अखाड़ा समिति के लोग पुराना कोर्ट होते स्वर्णरेखा घाट पहुंची, जहां झंडा ठंडा किया।

जंबो अखाड़ा में चारधाम की झांकी देखने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। वहीं ठाकुर सिंह धुरंधर सिंह अखाड़ा शिव पार्वती, रामजी झांकियां खास थी।

हिन्दी दैनिक
सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, रविवार, 21 अप्रैल 2024
बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper


# पूर्व मंत्री के नाती पर घोषित होगा इनाम...

## दबिश दे रही पुलिस, युवती और उसके पिता पर चढ़ा दी थी कार

**आगरा, एजेंसी।** आगरा में जानलेवा हमले के मुकदमे में फरार पूर्व मंत्री चौधरी उदयभान सिंह का नाती दिव्यांश चौधरी पांच दिन बाद भी पुलिस की गिरफ्त से दूर है। इससे पीड़ित परिवार में आक्रोश है। उधर, मामला लखनऊ तक पहुंच गया है। पूरे मामले की जानकारी मांगी गई है। इस पर पुलिस ने दबिश तेज कर दी हैं। डीसीपी सिटी ने थाना शाहगंज से इनाम घोषित करने के लिए रिपोर्ट मांगी है। रिपोर्ट मिलते ही आरोपी पर 10 हजार का इनाम घोषित कर दिया जाएगा।

15 अप्रैल की रात को ऋषि मार्ग (शाहगंज) पर घटना हुई थी। जूता कारोबारी की बेटी लखनऊ से घर लौट रही थी। कारोबारी उसे स्टेशन से लेकर आए थे, तभी उन्हें कार से कुचलने का प्रयास हुआ था। इसका आरोप दिव्यांश चौधरी पर है। वह पूर्व मंत्री का नाती है। परिजनों ने आरोप लगाया था कि पुलिस पूर्व मंत्री के दबाव में है। फरवरी में भी उसने धमकी दी थी। तब मुकदमा दर्ज कराया, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इस बार भी कार्रवाई नहीं होगी। परिजन ने हंगामा किया था। जाम लगाया था। मामले में जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज हुआ।





पीड़ित जूता कारोबारी का कहना है कि घटना को 5 दिन बीत चुके हैं। मगर, आरोपी पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी है। बस यही कहा जा रहा है कि दबिश दे रहे हैं। आम मामलों में तत्परता दिखाते हुए कार्रवाई करने वाली पुलिस पूर्व मंत्री पर हाथ डालने से डर रही है। परिवार दहशत में है। उसे सुरक्षा तक नहीं दी गई है। इस कारण वह घर में कैद हो गए हैं। डर लग रहा है कि पूर्व मंत्री का नाती उनके साथ कोई वारदात न कर दे।

**दोस्तों के मोबाइल बंद, परिचित फरार-** पूरे मामले की गूंज लखनऊ तक है। इस कारण अधिकारियों से जानकारी मांगी गई है। पुलिस ने भी आरोपी के पश्चिमपुरी और लोहामंडी क्षेत्र स्थित घरों पर दबिश दी, लेकिन वो नहीं मिला। वहीं दोस्तों और परिचितों के बारे में जानकारी जुटाई। 4 दोस्तों ने अपने मोबाइल बंद कर लिए हैं। पुलिस परिचितों के घर भी पहुंची है। मगर, कई परिचित भी पुलिस के सामने नहीं आ रहे हैं। आरोपी दिव्यांश के बारे में कुछ पता नहीं चल सका है।

**सीसीटीवी कैमरे में कैद है घटना-** डीसीपी सिटी सूरज राय ने बताया कि पुलिस टीम को आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगाया गया है। घरवालों को नोटिस भी दिया गया है। थाना शाहगंज से इनाम घोषित करने को लेकर रिपोर्ट मांगी गई है। रिपोर्ट मिलने पर इनाम घोषित कर दिया जाएगा। उधर, सीसीटीवी कैमरे में घटना कैद हुई थी। इससे आरोपी को राहत नहीं मिलने वाली। आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस जेल भेजेगी।

### पूर्व मंत्री की पुत्रवधू पर दर्ज केस में लगाई थी फाइनल रिपोर्ट

पूर्व मंत्री के नाती दिव्यांश चौधरी के खिलाफ कार्रवाई करने में पुलिस पर लापरवाही के आरोप लगे हैं। मगर, यह पहला मामला नहीं है, जब पूर्व मंत्री के परिवार के व्यक्ति पर मुकदमा दर्ज हुआ। 4 साल पहले उनकी पुत्रवधू के खिलाफ आत्महत्या के लिए विवश करने की धारा में मुकदमा दर्ज हुआ था। मगर, पुलिस ने विवेचना के 12 महीने बाद फाइनल रिपोर्ट लगा दी थी।

मामला अप्रैल 2020 का है। तब कोरोना संक्रमण की वजह से लॉकडाउन लगा हुआ था। उस समय चौधरी उदयभान सिंह राज्य मंत्री थे। उनके दिवंगत पुत्र मंजीत की पत्नी सीमा चौधरी के सिकंदरा के कारगिल पेट्रोल पंप चौराहा स्थित शांति फूड कोर्ट रेस्टोरेंट में शिलांग निवासी एल्ड्रिन लिंगदोह नौकरी करता था। उसने रेस्टोरेंट में आत्महत्या कर ली थी।

सुसाइड नोट अपने रिश्तेदार को व्हाट्सएप पर भेजा था। अंग्रेजी में लिखा नोट रिश्तेदारों ने मेघालय की तत्कालीन एडीजी कानून व्यवस्था ईडा शीशा को भेजा था। उन्होंने तत्कालीन एडीजी अजय आनंद को जानकारी दी थी। इसके बाद पुलिस रेस्टोरेंट पहुंची थी। एल्ड्रिन का शव फंदे पर लटका मिला था। कर्मचारी ने सीमा को आत्महत्या के लिए जिम्मेदारी ठहराया था। वह थाना शाहगंज में दर्ज जानलेवा हमले के मामले में आरोपी दिव्यांश की मां हैं। वह पिता के घर में रह रहीं थीं।

उधर, सीमा चौधरी ने तर्क दिया था कि कर्मचारी को नौकरी से निकाल दिया था। इसके बावजूद यहां पर आया था। वह सीढ़ी लगाकर रेस्टोरेंट में घुस गया। मामले में आत्महत्या के लिए विवश करने की धारा में मुकदमा दर्ज हुआ। पुलिस ने एक साल तक विवेचना के बाद फाइनल रिपोर्ट लगा दी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### 198 सर्विस मतदाता, पोस्टल बैलेट से हुआ मतदान

**गाजियाबाद।** जिले में अभी तक हुए मतदान में कुल 198 सर्विस मतदाता और पोस्ट बैलेट से वोट देने वाले मतदाताओं ने मतदान किया है। इसके अलावा घर-घर जाकर वोट कराने वालों में दो दिनों में कुल 285 लोगों ने मतदान किया है। बैलेट पेपर से वोट देने वालों में सबसे अधिक मोदीनगर में मतदान हुआ है।

पोस्टल बैलेट प्रभारी शैलेंद्र कुमार भाटिया ने बताया कि जिन अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी चुनाव में लगाई गई है, वह 21 अप्रैल तक वोट दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि मतदान में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों के अलावा पुलिसकर्मी, होमगार्ड, पीएसी, चुनाव में लगे वाहन के ड्राइवर, कंडक्टर, क्लीनर, चुनाव ड्यूटी में लगे हैं और वह मतदानकर्मी जिनकी ड्यूटी गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र के बाहर लगी हुई है, वह बैलेट पेपर के जरिये मतदान कर सकते हैं। इसके अलावा ऐसे मतदान कर्मी जिनकी ड्यूटी गाजियाबाद लोकसभा में लगी है और वह यहीं के मतदाता हैं, उनके लिए चुनाव ड्यूटी प्रमाणपत्र (ईडीसी) जारी किए जा रहे हैं। वह इसके जरिये जिस मतदान बूथ पर ड्यूटी लगी होगी, वहीं अपना वोट दे सकेंगे।

**यहां करें मतदान-** आईटीएस कॉलेज मोहननगर और कलक्ट्रेट में स्थापित फेसिलिटेशन सेंटर पोस्टल बैलेट से मतदान कर सकते हैं। कर्मियों के लिए यहीं पर ईडीसी जारी करने की सुविधा दी गई है। यहां भी रेलवे, डाक विभाग, स्वास्थ्य, यातायात, मेट्रो, बिजली विभाग, मीडियाकर्मी 12-डी फार्म भरकर संबंधित विभाग के नोडल अधिकारी को प्रस्तुत करें। उनके प्रमाणीकरण के बाद यहां पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कर सकेंगे।

### दोस्त ने 2.11 लाख रुपये उधार लेकर हड़पे

**गाजियाबाद।** नंदग्राम के सुभाषनगर के रहने वाले महेश सिसौदिया ने अपने दोस्त प्रशांत तोमर पर 2.11 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। आरोप है कि प्रशांत ने उनसे 2.20 लाख रुपये उधार लिए जिसमें से नौ हजार रुपये लौटा दिए। अब बाकी रकम नहीं लौटा रहा है। मामले में महेश ने नंदग्राम थाने में प्रशांत और वर्षा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। महेश का कहना है कि प्रशांत ने बाकी रकम को जल्द लौटाने का वादा किया इसके बाद उसने चेक भी दिया। उन्होंने चेक बैंक खाते में लगाया और वह पर्याप्त रकम खाते में नहीं होने कारण वापस हो गया। एसीपी नंदग्राम का कहना है कि मामले में जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### फंदे से लटका मिला महिला का शव

**लोनी।** ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र के दौलतनगर कॉलोनी में बृहस्पतिवार दोपहर एक महिला का शव उसके कमरे में फंदे से लटका मिला। ससुराल पक्ष ने पुलिस को मामले की जानकारी दी। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर घटना को अंजाम देने का आरोप लगाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। दोनों पक्षों में पूर्व से विवाद चल रहा है।

दौलतनगर कॉलोनी में शाहरुख परिवार के साथ रहते हैं। वह एक फैक्टरी में काम करते हैं। एसीपी सूर्य बली मौर्य ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली की शाहरुख की पत्नी नजराना (22) ने अपने कमरे में फंदा लगा लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ की। ससुराल पक्ष ने बताया कि घर के नीचे वाली मंजिल में शाहरुख की मां और उसका भाई रहता है। ऊपर वाली मंजिल में शाहरुख और नजराना रहती थी। पूर्व में नजराना और शाहरुख के बीच विवाद हो गया था। शादी के कुछ समय बाद नजराना अपने मायके चली गई थी। इसके बाद दोनों पक्षों में समझौता हुआ और नजराना अपने ससुराल आकर रहने लगी। बृहस्पतिवार को शाहरुख की मां और उसका भाई फैक्टरी चला गया था। शाहरुख भी अपनी फैक्टरी चला गया था। शाम के समय जब वह घर पहुंचा तो ऊपर वाली मंजिल का कमरा अंदर से बंद था। शाहरुख किसी तरह कमरे में पहुंचा तो उसकी पत्नी नजराना का शव फंदे से लटका मिला। एसीपी ने बताया कि परिजनों ने ससुराल पक्ष पर घटना को अंजाम देने का आरोप लगाया है। तहरीर आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बाह में मिला युवक का शव...तीन घंटे तक नहीं पहुंची पुलिस; आक्रोशित भीड़ ने हाईवे किया जाम, आश्वासन पर मानें

**आगरा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा में शुक्रवार की सुबह हाईवे किनारे युवक का शव पड़ा मिला। लोगों ने देखा तो पुलिस को जानकारी दी। खबर मिली तो घर में चीख पुकार मच गई। रोते-बिलखते घरवाले भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने रंजिश में हत्या करने की बात कही। सूचना के करीब तीन घंटे बाद तक पुलिस के न पहुंचने से आक्रोशित लोगों ने हाईवे जाम कर दिया।

घटना बाह थाना क्षेत्र के आगरा-इटावा स्टेट हाईवे की है। थाना क्षेत्र के ही भाऊपुरा गांव निवासी राम प्रकाश के बेटे सुनील कुमार (28) का शव हाईवे किनारे पड़ी मिली। सुबह 6 बजे करीब उधर से गुजर रहे लोगों ने देखा तो आसपास के लोगों को बताया। खबर फैली तो मौके पर लोगों की भीड़ लग गई।

**स्टेट हाईवे कर दिया जाम-** सूचना पर परिजन और गांव के लोग पहुंच गए। घरवालों ने रंजिश में हत्या करने की बात कही। खबर देने के तीन घंटे तक पुलिस नहीं पहुंची। इससे लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने स्टेट हाईवे जाम कर दिया। इससे दोनों ओर वाहनों की कई किमी लंबी कतार लग गई। स्टेट हाईवे के जाम की खबर मिली तो पुलिस पहुंची। मामला संभलता न देख कई थानों की फोर्स को बुलाना पड़ा। करीब दो घंटे के जाम के बाद कार्रवाई के आश्वासन पर लोग मानें। इसके बाद पुलिस ने गाड़ियों को निकलवाया। तब यातायात सुचारू हो पाया।

**रंजिश में की गई हत्या-** परिजन ने बताया कि सुनील की शादी हो चुकी थी। पत्नी राखी और दो बेटे, एक बेटी हैं। लाश देखकर पत्नी बेसुध हो गई। उन्होंने बताया कि कुछ वर्ष पहले मारपीट की घटना हुई थी। उसी रंजिश में बेटे की हत्या की गई है। प्रभारी निरीक्षक श्याम सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## मैनपुरी में भीषण सड़क हादसा: ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में मारी टक्कर, चार महिलाओं की मौत, 24 लोग घायल

**मैनपुरी, एजेंसी।** मैनपुरी के भोगांव में शनिवार सुबह भीषण सड़क हादसे में चार महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 24 लोगों के घायल होने की सूचना है। बताया गया है कि ट्रक ने सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली में टक्कर मार दी। ट्रॉली में महिलाएं और पुरुष सवार थे जो नामकरण संस्कार से शामिल होकर लौट रहे थे। रास्ते में ये हादसा हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा है।

**नामकरण संस्कार से लौट रहे थे सभी-** कन्नौज के थाना छिबरामऊ क्षेत्र में स्थित गांव कुंवरपुर निवासी वीरेंद्र सिंह की पुत्री की थाना बिछ्वां के गांव बेलधारा में शादी हुई है। उनकी पुत्री ने 10 दिन पहले पुत्र को जन्म दिया था। शुक्रवार को उसका नामकरण संस्कार था। वीरेंद्र सिंह अपने परिवारीजनों के साथ ट्रैक्टर ट्रॉली से गांव बेलधारा गए थे। शनिवार सुबह करीब साढ़े चार बजे सभी लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली में बैठकर



वापस घर लौट रहे थे। भोगांव क्षेत्र में द्वारकापुर के पास ट्रैक्टर की लाइट खराब हो गई।

**इस तरह हुआ हादसा-** चालक ने ट्रैक्टर को सड़क किनारे खड़ा कर दिया और लाइट की मरम्मत करने लगा। तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने ट्रॉली में टक्कर मार दी, जिससे ट्रॉली पलट गई। ट्रॉली में बैठी फूलमती पत्नी अवधेश, रमाकांति पत्नी दफेदार, संजय देवी पत्नी राजेश की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 25 लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां द्रोपदी देवी पत्नी विशुन दयाल ने भी दम तोड़ दिया। सभी मृतक और घायल गांव कुंवरपुर छिबरामऊ के निवासी हैं।

## सुस्त कार्य संस्कृति से जिला अदालतें खो रहीं आमजन का भरोसा, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने की तल्ख टिप्पणी

**प्रयागराज , एजेंसी।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जिला अदालतों की सुस्त कार्य संस्कृति पर तल्ख टिप्पणी की है। न्यायमूर्ति जेजे मुनीर की एकल पीठ ने कहा, सुस्त कार्य संस्कृति से जिला अदालतों के प्रति आम लोगों का भरोसा कमजोर हो रहा है। कोर्ट ने कहा, लोग न्याय की तलाश में थाना-पुलिस और थकने के बाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटा रहे, लेकिन सक्षम न्यायालय की शरण में जाने से कतरा रहे हैं। यह स्थिति खतरनाक है।

यह टिप्पणी करते हुए कोर्ट ने कानपुर नगर की मायादेवी की जमीन पर कब्जा दिलाने की मांग वाली याचिका पोषणीयता के आधार पर खारिज कर दी। स्पष्ट किया, अनुच्छेद 226 के अंतर्गत हाईकोर्ट का काम जमीन का कब्जा दिलाना नहीं है, ऐसे विवादों के निपटारे का काम सिविल कोर्ट का है। सक्षम न्यायालय की उपेक्षा करने वाले पक्षकार की भावना कितनी भी मजबूत क्यों न हो, वह राहत का हकदार नहीं हो सकता। यह अदालत की अवमानना भी है।

हालांकि यह भी सच्चाई है कि जिला अदालतों की सुस्त कार्य संस्कृति ने लोगों के मन ने अदालतों के प्रति निराशा पैदा कर दी है। लोग चाहते हुए भी सक्षम अदालतों की शरण लेने से बच रहे हैं। यह हालात चिंताजनक होने के साथ विचारणीय भी है।

कोर्ट ने कहा, अक्सर देखा गया है कि एक पक्ष को राहत देने या राहत से इन्कार करने पर न्यायिक अधिकारियों को प्रशासनिक स्तर पर होने वाली शिकायतों का सामना करना पड़ता है। उन्हें यह डर भी सताता है कि कहीं उनका आदेश उच्च अदालत से पलट न दिया जाए। नतीजतन, न्यायाधीश के लिए अपने अधिकार क्षेत्र का स्वतंत्र रूप से प्रयोग करना मुश्किल हो गया है।

### खरीदी गई भूमि पर कब्जे की मांग

कानपुर नगर के मामले में माया देवी के पति पीएसी लखनऊ में आरक्षी हैं। 15 फरवरी 2021 को घाटमपुर तहसील के गुच्चुपुर गांव में उन्होंने वीर बहादुर सिंह से 0.7460 हेक्टेयर जमीन का पंजीकृत बैनामा करवाया। बाद में दाखिल खारिज भी करा लिया।

याची का कहना था कि 21 मई 2022 को जब वह अपनी जमीन का कब्जा लेने पहुंचीं तो भूमि विक्रेता ने कब्जा न देकर,गाली गलौज और फिर मारपीट भी की। उन्होंने एफआईआर दर्ज कराते हुए न्याय पाने के लिए एसडीएम, डीएम और कमिश्नर के कार्यालय के चक्कर काटे। पति के कमांडेंट को भी पत्र लिखा, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। विवश होकर उन्होंने खरीदी गई जमीन पर पर कब्जा दिलाने और दोषियों के खिलाफ कारवाई की मांग करते हुए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

### सुस्ती के लिए वकील भी जिम्मेदार

कोर्ट ने अदालतों की सुस्त कार्य प्रणाली के लिए वकीलों को भी जिम्मेदार ठहराया। कहा, जिला अदालत में आए दिन होने वाली हड़ताल और सीट पर बैठ कर तारीख पर तारीख लेने की संस्कृति भी मुकदमों के त्वरित निस्तारण में बाधक है। इससे लोग विवादों के त्वरित निस्तारण के लिए सक्षम जिला अदालतों का विकल्प खोजते-खोजते, अधिकारियों और पुलिस थानों के चक्कर काटते हैं। फिर थककर हाईकोर्ट का रुख कर लेते हैं।

## सत्ता का संग्राम: बेबाकी से बोले मतदाता, चेहरों को तरजीह नहीं, विकास पर होगी वोट की चोट



**कानपुर, एजेंसी।** चुनावी रथ सत्ता का संग्राम शनिवार सुबह कानपुर पहुंचा। यहां शास्त्री नगर काली मठिया पर चाय पर चर्चा के दौरान लोगों ने रोजगार और स्थानीय विकास के मुद्दों पर जोर दिया। 13 मई को लोकसभा चुनाव की लिए मतदान है। इसे लेकर राजनीतिक दल और नेता प्रचार में जुटे हुए हैं, लेकिन जनता के मन में क्या है।

युवा मतदाता राघवेंद्र ने बताया कि शहर का अहम मुद्दा विकास है। विकास के नाम पर ही वोट की चोट होगी। वात्सेय त्रिपाठी ने कहा कि पिछली कांग्रेस की सरकारों ने विकास के नाम पर कुछ नहीं किया। मोदी सरकार के आगे जाने की वजह यही है। रघुनाथ ओझा ने कहा कि सरकार की ओर से सब ठीक चल रहा। सिर्फ अधिकारियों की वजह से थोड़ी दिक्कत आ रही है। हर मोहन यादव ने कहा कि सरकार में सिर्फ राशन मिल रहा बाकी थाना पुलिस से लोग परेशान हैं। काली मठिया चौराहे पर 10 साल से कोई बदलाव नहीं हुआ। नीरज वाजपेई ने कहा कि भाजपा इस बार 400 पार जा रही है।

## सीएम योगी का टीएमसी सरकार पर हमला, बोले- शोभायात्रा के दौरान हिंसा सनातन आस्था को आहत करने का प्रयास

**लखनऊ, एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर हमला करते हुए कहा कि बंगाल में रामनवमी पर शोभायात्रा के दौरान हिंसा सनातन आस्था को आहत करने की कुचेष्टा है।

उन्होंने कहा कि ...अभी राम नवमी का आयोजन संपन्न हुआ है। भाजपा शासित सभी राज्यों में राम नवमी के उत्सव और शोभायात्राएं सकुशल संपन्न हुईं लेकिन पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस की सरकार के कारण वहां राम नवमी की शोभायात्राओं पर हमले हुए हैं, यानी सनातन आस्था को आहत करने की किस हद तक की



कुचेष्टाएं हो रही हैं, यह एक बार फिर से वहां देखने को मिला है।

उन्होंने कहा कि हमें नहीं भूलना चाहिए की सुशासन की पहली शर्त कानून का शासन है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने देश में और भाजपा की राज्य सरकारों ने भी सुरक्षा का बेहतर माहौल देने का काम किया है। लोकसभा के पहले चरण के चुनाव में पश्चिम बंगाल की तीन सीटों पर मतदान हुआ। इस दौरान हिंसा की छिटपुट घटनाएं भी हुईं।

## दक्षिण के बाद अब यूपी का चुनावी रंग चटख करेंगे राहुल-प्रियंका, खत्म होगा रायबरेली-अमेठी पर सस्पेंस

**लखनऊ, एजेंसी।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी अब उत्तर प्रदेश में चुनावी रंग चटख करेंगे। इसकी शुरुआत 20 अप्रैल को अमरोहा से होगी। अमरोहा में राहुल गांधी व अखिलेश यादव की संयुक्त रैली है। इसके साथ ही दूसरे चरण के चुनाव में यह दोनों प्रमुख नेता प्रदेश में सभा व रोड शो करेंगे।

राहुल गांधी केरल की वायनाड सीट से प्रत्याशी हैं। इसे देखते हुए पहले चरण के चुनाव में उन्होंने अपना पूरा फोकस दक्षिण में कर रखा था। यही वजह रही कि प्रदेश में पहले चरण के चुनाव में उनकी एक भी सभा नहीं हुई। हालांकि पहले चरण के प्रचार के आखिरी दिन गाजियाबाद में उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ संयुक्त प्रेसवार्ता की थी। इसी दिन प्रियंका गांधी ने भी सहारनपुर में रोड शो किया था।



पार्टी नेताओं का कहना है कि पहले चरण में भी राहुल गांधी की सभाएं प्रस्तावित थीं लेकिन दक्षिण में उनकी व्यस्तता के कारण समय नहीं मिल सका। हालांकि अब वह प्रदेश में नियमित अंतराल में रैली व सभाएं करेंगे। अमरोहा के बाद झांसी में राहुल गांधी व अखिलेश यादव की संयुक्त सभा प्रस्तावित की गई है। कुछ एक जगह उनका रोड शो भी प्रस्तावित किया गया है। इसी क्रम में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की भी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जल्द सभा होगी। कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय स्थित वार रूम के वरिष्ठ सदस्य संजय दीक्षित ने कहा कि राहुल के साथ ही गाजियाबाद व फतेहपुर सीकरी में प्रियंका गांधी का रोड शो प्रस्तावित है। जल्द ही इसके लिए समय मिलने की उम्मीद है। इसी के साथ अमरोहा में ही दीपेंद्र हुड्डा व पश्चिमी उत्तर प्रदेश की अन्य सीटों पर कन्हैया कुमार व उदितराज आदि नेताओं के भी कार्यक्रम जल्द ही फाइनल होंगे। उन्होंने कहा कि दूसरे चरण में कई वरिष्ठ नेताओं व दूसरे प्रदेश के नेताओं की सभाएं होंगी।

**अगले सप्ताह आ सकता है अमेठी-रायबरेली का टिकट-** कांग्रेस और गांधी परिवार से जुड़ी प्रदेश की दो महत्वपूर्ण सीटों अमेठी और रायबरेली की सीट पर चल रहा प्रत्याशी का संशय भी जल्द समाप्त होगा। पार्टी सूत्रों के अनुसार अगले सप्ताह यहां का टिकट घोषित हो सकता है। पूरी उम्मीद है कि यहां पर गांधी परिवार से ही प्रत्याशी होगा। अगर यहां से गांधी परिवार का कोई भी सदस्य चुनावी मैदान में उतरता है तो कांग्रेस अपनी पूरी ताकत यूपी में झोंकेगी। इसका असर इन दो के साथ अन्य सीटों पर भी पड़ेगा।



## संजय मांजरेकर ने क्यों कही ये बात

# उम्मीद है चयनकर्ता रिंकू को नहीं भूलेंगे



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में अब तक कोलकाता नाइट राइडर्स के शीर्ष क्रम ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। इस बीच रिंकू सिंह को बल्लेबाजी का ज्यादा मौका नहीं मिल रहा है। रिंकू ने बतौर फिनिशर पिछले साल शानदार प्रदर्शन किया था। इसके बौदलत उन्हें भारतीय टीम में उन्हें जगह मिली थी। भारत के लिए भी उन्होंने कई मैच फिनिश किया। पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर को लगता है कि केकेआर के लिए बल्लेबाजी का ज्यादा मौका न मिलना रिंकू को भारत की टी20 विश्व कप टीम में जगह न देने का यह कोई कारण नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि रिंकू को ज्यादा मौका नहीं मिल रहा है और उम्मीद है चयनकर्ता उन्हें नहीं भूलेंगे। रिंकू ने इस सीजन 51 गेंद पर 83 रन बनाए हैं। 26 उनका सर्वोच्च स्कोर है। उनका स्ट्राइक रेट 162.75 का है।

### मांजरेकर ने रिंकू सिंह को लेकर क्या कहा?

मांजरेकर ने रिंकू को लेकर फर्स्टपोस्ट से कहा, क्योंकि उन्हें ज्यादा मौके नहीं मिल रहे हैं, मुझे उम्मीद है कि चयनकर्ता रिंकू सिंह को नहीं भूलेंगे। वह सीधे तौर पर भारतीय टीम में चयन होना चाहिए। जब भी उन्हें अवसर मिला है, आपने देखा है कि उन्होंने कितना अच्छा प्रदर्शन किया है। अपनी निरंतरता और रेंज दिखाई है। भारतीय टीम के मुख्य खिलाड़ियों के अलावा, उन बड़े नामों के अलावा जिनके बारे में हम सोच रहे हैं, मैं उन्हें पसंद करता हूं।

### रिंकू सिंह ने 15 टी20 मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया

रिंकू सिंह ने 15 टी20 मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। इसमें उन्होंने 7 मैचों में नाबाद रहते हुए 176.23 के स्ट्राइक रेट से 356 रन बनाए हैं। उनका औसत 89 रन का है। ऐसे में बतौर फिनिशर उन्हें भारत की टी20 वर्ल्ड कप टीम में जगह मिलनी चाहिए। 1 जून से यह टूर्नामेंट अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में खेला जाएगा। भारतीय टीम का चयन 1 मई से पहले हो जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पाक वर्सेस न्यूजीलैंड



### बाबर और कोहली के इस संयुक्त रिकॉर्ड को एक साथ तोड़ने के करीब हैं रिजवान, इतने रन की है जरूरत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज का आयोजन किया जा रहा है और इस सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टीम पाकिस्तान आई हुई है। इन दोनों टीमों के बीच इस टी20आई सीरीज का दूसरा मुकाबला शनिवार को रावलपिंडी में खेला जाएगा। न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे मुकाबले में पाकिस्तान के विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान के पास एक बड़ा वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम करने का सुनहरा मौका है जो अभी बाबर आजम और विराट कोहली के नाम पर संयुक्त रूप से दर्ज है।

#### सबसे तेज 3000 रन बनाने के करीब रिजवान

न्यूजीलैंड के खिलाफ रिजवान के पास टी20आई में सबसे तेज 3000 रन बनाने का रिकॉर्ड अपने काम करने का अच्छा मौका है और इसके लिए उन्हें 19 रन की जरूरत है। कीवी टीम के खिलाफ 19 रन बनाते ही रिजवान टी20आई में सबसे कम पारियों में 3000 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे और बाबर व कोहली को पीछे छोड़ देंगे। बाबर और कोहली ने टी20आई में 81-81 पारियों में 3000 रन पूरे किए थे। वहीं रिजवान की बात करें तो उन्होंने अब तक टी20आई में 91 मैचों की 78 पारियों में 2981 रन बनाए हैं। 19 रन बनाते ही वो 3000 रन 79 पारियों में पूरे कर लेंगे और बाबर साथ ही कोहली से आगे निकल जाएंगे।

टी20आई में सबसे कम पारियों में 3000 रन बनाने वाले बल्लेबाज

बाबर आजम — 81 पारी
विराट कोहली — 81 पारी
एरोन फिंच — 98 पारी
मार्टिन गप्टिल — 101 पारी
डेविड वॉर्नर — 102 पारी

### टिम डेविड और पोलार्ड पर BCCI ने लगाया जुर्माना



**मुंबई, एजेंसी ।** एमआई के बल्लेबाज टिम डेविड और बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड पर पंजाब किंग्स के खिलाफ उनकी टीम के मैच के दौरान आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

आईपीएल की तरफ से टिम डेविड और पोलार्ड पर जुर्माना लगाए जाने को लेकर दी गई जानकारी में बताया गया कि दोनों पर पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में आईपीएल की आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में जुर्माना लगाया गया है। डेविड और पोलार्ड ने आचार संहिता के अनुच्छेद 2.20 के लेवल 1 का अपराध किया है।

इसके चलते डेविड और पोलार्ड पर उनकी मैच फीस का 20 फीसदी जुर्माना लगाया गया है। इस आचार संहित के उल्लंघन के मामले में मैच रेफरी का फैसला अंतिम माना जाता है। दोनों ने ही अपनी गलती स्वीकार कर ली है। डीआरएस का उपयोग करते समय खिलाड़ियों को मैदान के बाहर से किसी की मदद लेने की अनुमति नहीं है।

# धोनी 5000 आईपीएल रन बनाने वाले पहले विकेटकीपर



**लखनऊ, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स को तीसरी हार मिली। शुक्रवार को लखनऊ सुपरजायंट्स ने लखनऊ में सबसे बड़ा टारगेट चेज कर सीएसके को 8 विकेट से हरा दिया।

चेन्नई से एमएस धोनी ने 8 बॉल पर 28 रन बनाए, वह 40 की उम्र के बाद 500 आईपीएल रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बने। धोनी ने बतौर विकेटकीपर 5 हजार आईपीएल रन भी पूरे कर लिए, वह ऐसा करने वाले पहले विकेटकीपर बने। स्त्र के कप्तान केएल राहुल बतौर विकेटकीपर सबसे ज्यादा 25 बार 50 प्लस स्कोर बनाने वाले प्लेयर बन गए।

### 1. 40 की उम्र के बाद धोनी के नाम सबसे ज्यादा रन

सीएसके के महेंद्र सिंह धोनी ने 8 बॉल पर 28 रन बनाए, इसी के साथ उनके 40 की उम्र के बाद आईपीएल में 500 रन पूरे हो गए। वह आईपीएल में 40 साल की उम्र के बाद सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर बन गए। धोनी फिलहाल 42 साल के हैं। उन्होंने क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 40 की उम्र के बाद 481 आईपीएल रन बनाए हैं।

### 2. धोनी का स्ट्राइक रेट पिछले 2 साल में सबसे बेस्ट

छ्स्च के एमएस धोनी ने पिछले साल आईपीएल में 182.46 की स्ट्राइक रेट से 104 रन बनाए। इस साल वह 255.88 की स्ट्राइक रेट से 87 रन बना चुके हैं। आईपीएल में पिछले 2 साल में 50 से ज्यादा गेंदें खेलने वाले प्लेयर्स में धोनी का स्ट्राइक रेट से सबसे बेहतर है। वह 209.89 की स्ट्राइक रेट से रन बना रहे हैं। उनके बाद स्त्रा के अभिषेक शर्मा ने 205.26 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं।

### 3. धोनी 5 हजार आईपीएल रन बनाने वाले पहले विकेटकीपर

एमएस धोनी बतौर विकेटकीपर खेलते हुए आईपीएल में 5000 से ज्यादा रन पूरे कर चुके हैं। वह ऐसा करने वाले पहले ही विकेटकीपर बने। उन्होंने बतौर विकेटकीपर 251 मैच भी खेल लिए हैं। धोनी के बाद आरसीबी के दिनेश कार्तिक ने बतौर विकेटकीपर 228 मैचों में 4363 रन बनाए हैं।

## सिर चढ़कर बोली चेन्नई सुपर किंग्स की दीवानगी

# फैन ने सीएसके की थीम पर बनवाया शादी का कार्ड



**नईदिल्ली, एजेंसी।** चेन्नई सुपर किंग्स आईपीएल की वह टीम है, जिसे हर मैदान पर होम ग्राउंड जैसा ट्रीमेंट मिलता है. चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम के साथ-साथ फैंस सीएसके को सपोर्ट करने के लिए हर मैदान में पहुंचते हैं. चेन्नई का मैच कहीं भी किसी भी टीम के खिलाफ हो, क्राउड आपको पीली जर्सी में ही नज़र आएगा. चेन्नई को फैंस इतना ज़्यादा प्यार एमएस धोनी की वजह से करते हैं. अब मैदान के बाहर भी चेन्नई की दीवानगी फैन के सिर चढ़कर बोली और उसने अपनी शादी का कार्ड सीएके की थीम पर बनवा लिया.

चेन्नई सुपर किंग्स की थीम वाला शादी का कार्ड सोशल मीडिया पर तेज़ से वायरल हो रहा है. इस कार्ड को चेन्नई सुपर किंग्स के मैच टिकट की तरह डिजाइन किया गया. कार्ड में एंट्री फीस की जगह, आपका प्यार लिखा गया, टैक्स की जगह, आशीर्वाद और टोटल वैल्यू की जगह, आपकी उपस्थिति लिखी गई. इसके अलावा जैसे दो टीमों का नाम लिखा जाता हैं, वहां बीच में वेड्स लिखकर कपल का नाम लिखा गया. इसके आगे शादी का दिन और तारीख वेन्यू के साथ लिखी गई. इस कार्ड को बड़े ही क्रिएटिव तरीके के डिजाइन किया गया है.

## लखनऊ में आईपीलएल कप्तानों पर बीसीसीआई ने ठोका जुर्माना

**लखनऊ, एजेंसी।** आईपीएल 2024 का 34वां मैच लखनऊ सुपरजायंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच 19 अप्रैल को लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया। यह मैच तो होम टीम जीत गई। लेकिन बीसीसीआई ने दोनों टीमों के कप्तानों पर स्लो ओवर रेट के चलते 12 लाख का जुर्माना भी ठोका है। बता दें कि लखनऊ के कप्तान केएल राहुल और चेन्नई के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पर स्लो ओवर रेट की वजह से भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने जुर्माना लगाया है।

आईपीएल की आचार संहिता के तहत दोनों कप्तानों की टीमों का सीजन का पहला अपराध था। इसलिए उनपर 12 लाख का जुर्माना लगाया गया है। केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर और दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर भी स्लो ओवर रेट के चलते इस सीजन फाइन लग चुका है।



# केएल राहुल ने तोड़ा धोनी का रिकॉर्ड



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 के इस सीजन में कई नए रिकॉर्ड बन रहे हैं तो कई पुराने रिकॉर्ड टूट भी रहे हैं. केएल राहुल ने आईपीएल 2024 के 34वें मैच में एक और रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. जो पहले धोनी के नाम था. केएल राहुल आईपीएल में सबसे ज्यादा पचास प्लस स्कोर बनाने वाले विकेटकीपर बन गए हैं. इस फेहरिस्त में कई दिग्गज विकेटकीपर भी शामिल हैं.

अगर हम 50 से ज्यादा का स्कोर बनाने वाले टॉप 5 विकेटकीपरों की बात करें तो इस फेहरिस्त में सबसे पहला नाम केएल राहुल का है. जो पहले एमएस धोनी के नाम पर था. केएल राहुल अब तक 25 बार 50 से ज्यादा का स्कोर बना चुके हैं. एमएस धोनी ने 24 बार 50 से अधिक का स्कोर बनाया है. तीसरे नंबर पर क्विंटन डी कॉक हैं. डी कॉक ने अब तक 23 बार 50 से ज्यादा का स्कोर बनाया है. तो चौथे नंबर पर हैं दिनेश कार्तिक. दिनेश ने अब तक 21 बार 50 से अधिक का स्कोर बनाया है. वहीं पांचवें नंबर पर रॉबिन उथप्पा का नाम है. उन्होंने 18 बार 50 से ज्यादा का स्कोर बनाया है.


आईपीएल 2024 के 34वें मैच में केएल राहुल ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ कप्तानी पारी खेली. जिसके चलते एलएसजी की टीम ने यह मैच आसानी से जीत लिया. केएल राहुल ने 53 गेंदों पर 154.72 की स्ट्राइक रेट से 82 रन बनाए. जिसमें 9 चौके और 3 छक्के शामिल थे. पहले विकेट के लिए क्विंटन डी कॉक और केएल राहुल के बीच 134 रन की साझेदारी हुई. 6 गेंद रहते ही एलएसजी ने 8 विकेट से मैच जीत लिया.

# भारतीय फ्रीस्टाइल पहलवानों का निराशाजनक प्रदर्शन

## पेरिस ओलंपिक का टिकट पक्का करने से चूके

**बिश्केक, एजेंसी।** अमन ने 57 किग्रा वर्ग में दबदबे वाला आगाज करते हुए अपने शुरुआती दो प्रतिद्वंद्वियों येरासिल मुख्तारुली और सुंगवॉन किम को तकनीकी श्रेष्ठता से हराया। वह हालांकि उज्बेकिस्तान के गुलोमजोन अब्दुल्लेव के खिलाफ इस लय को जारी रखने में विफल रहे और 10 अंकों से पिछड़ने के बाद हार गए। अमन सहरावत एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में शुक्रवार को अपना सेमीफाइनल हारने के बाद पेरिस खेलों के लिए कोटा हासिल करने से चूक गए, जबकि दीपक पूनिया और सुजीत कलकल को वजन करने के लिए समय पर नहीं पहुंच पाने के कारण टूर्नामेंट में हिस्सा लेने का मौका नहीं मिला।

### लय बरकरार रखने में विफल रहे अमन



अमन ने 57 किग्रा वर्ग में दबदबे वाला आगाज करते हुए अपने शुरुआती दो प्रतिद्वंद्वियों येरासिल मुख्तारुली और सुंगवॉन किम को तकनीकी श्रेष्ठता से हराया। वह हालांकि उज्बेकिस्तान के गुलोमजोन अब्दुल्लेव के खिलाफ इस लय को जारी रखने में विफल रहे और 10 अंकों से पिछड़ने के बाद हार गए।

भारतीय कुश्ती जगत को अमन से काफी उम्मीदें थी क्योंकि उन्होंने अपने आयु वर्ग में मजबूत माने जाने वाले रवि दाहिया को शिकस्त देकर देश के प्रतिनिधित्व का मौका हासिल किया था।

### अन्य पहलवान भी प्रभाव छोड़ने में रहे विफल

अमन के अलावा जयदीप ने भी 74 किग्रा वर्ग में शानदार शुरुआत की और तुर्कमेनिस्तान के अल अर्सलान बेगेनजोव को हराया। वह क्वार्टर फाइनल में किर्गिस्तान के ओरोजोबेक तोक्तोमाम्बेतोवबाद के खिलाफ मुकाबला 2-2 से बराबर होने के बाद हार गए।

सुमित मलिक (125 किग्रा) भी अपने पहले दौर में किर्गिस्तान के लखागवागेरेल मुनख्तूर से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार गए, जबकि दीपक (97 किग्रा) क्वालीफिकेशन दौर में अराश योशिदा से तकनीकी श्रेष्ठता से हार गए।

### दीपक और सुजीत को नहीं मिली खेलने की अनुमति

दीपक और सुजीत कलकल को एशियन ओलंपिक क्वालीफायर्स में शामिल होने की मंजूरी नहीं मिली। यह दोनों पहलवान मंगलवार से दुबई एयरपोर्ट पर फंसे हुए थे और शुक्रवार को बिश्केक पहुंचे थे। जब तक यह दोनों भारतीय पहलवान वहां पहुंचे, उस समय तक अन्य पहलवानों के वजन की जांच शुरू हो चुकी थी जिसके बाद आयोजकों ने दीपक और सुजीत को मंजूरी देने से इनकार कर दिया। सूत्रों ने कहा कि भारतीय कोचों के अनुरोध के बावजूद आयोजकों ने उन्हें अनुमति नहीं दी। पूनिया ( 86 किग्रा ) टोक्यो ओलंपिक में पदक जीतने के करीब पहुंचे थे। महिलाओं की स्पर्धा शनिवार को होगी जिसमें सबसे ज्यादा नजरें विनेश फोगाट (50 किग्रा) पर होंगी। एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर के बाद पहलवानों को मई में तुर्की में होने वाले विश्व ओलंपिक क्वालीफायर से एक और मौका मिलेगा।

## एक नजर

### इंटर में नामांकन के लिए अब 26 तक करें आवेदन

**पटना (नि.सं.)**। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इंटरमीडिएट (उच्च माध्यमिक) में नामांकन के लिए आवेदन की तिथि 21 से 26 अप्रैल तक बढ़ा दी है। पहले अंतिम तिथि 20 अप्रैल तक थी। परीक्षा समिति ने कहा है कि विद्यार्थी इंटर स्तरीय संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2024-26 में नामांकन के लिए ओएफएसएस वेबसाइट (www.ofssbihar.org) के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन 26 अप्रैल तक कर सकते हैं। किसी प्रकार की जानकारी या समस्या आने पर समिति के हेल्पलाइन नंबर - 0612-2230009 पर संपर्क कर सकते हैं।

### पीपीयू : 63 केंद्रों पर शुरू हुई स्नातक पार्ट टू की परीक्षा

**पटना (नि.सं.)**। राज्य सरकार की ओर से विश्वविद्यालयों के खातों के संचालन पर रोक लगाई जा चुकी है। ऐसे में पूर्व निर्धारित परीक्षा कैलेंडर से स्नातक की परीक्षा संचालन में राशि की बाधा हो रही थी। इसका समाधान निकालते हुए पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय ने शनिवार से स्नातक पार्ट टू की परीक्षा आरंभ करा कर अन्य विवि के लिए मॉडल बना है। हालांकि, राशि संकट को देखते हुए कॉलेजों को आंतरिक स्रोत से राशि खर्च करने की छूट दी गई है। स्नातक पार्ट टू परीक्षा के लिए पटना, बाढ़ एवं नालंदा में 63 परीक्षा केंद्र बनाएं गए हैं। लगभग एक लाख विद्यार्थी शामिल हो रहे है। शनिवार को कुलपति प्रो. आरके सिंह ने गंगा देवी महिला महाविद्यालय, रामकृष्ण द्वारिका कॉलेज, कंकड़बाग एवं जेडी वीमेंस कॉलेज, पटना का निरीक्षण किया। केंद्राधीक्षकों को आवश्यक निर्देश भी दिया। परीक्षा नियंत्रक डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि पहले दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई। अब सोमवार से स्नातक पार्ट थर्ड की परीक्षा भी होगी।

### आज गृह मंत्री अमित शाह आएंगे कटिहार

**कटिहार (नि.सं.)**। कटिहार में बिहार सरकार के मंत्री मंगल पांडे कल राजेंद्र स्टेडियम में गृहमंत्री वह भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह के आगमन सह रैली को लेकर जायजा लेने पहुंचे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक के बाद मीडिया द्वारा पूछे कल बिहार के चार लोकसभा क्षेत्र में हुए मतदान में मतदान प्रतिशत कम होने के सवाल पर कहा कि मौसम के कहर के कारण निश्चित तौर पर मतदान प्रतिशत कम हुआ है, लेकिन इसके बावजूद देश और प्रदेश में मोदी लहर जारी है। पूरा देश और प्रदेश के मतदाता आगामी 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भरपूर समर्थन दे रहे हैं। पूरा देश मोदी मय हो चुका है। 2024 में परिणाम साफ है जहां तक महागठबंधन की बात है महा गठबंधन अब तक एकजुट भी नहीं हो पाया है। देश के गृह मंत्री अमित शाह कटिहार लोकसभा क्षेत्र के लोगों को संबोधित कर एनडीए से जदयू के प्रत्याशी दुलालचंद गोस्वामी के समर्थन में सभा को संबोधित करेंगे। गृह मंत्री का हेलीकॉप्टर बीएमपी मैदान में उतरेगी एवं वह सड़क मार्ग से राजेंद्र स्टेडियम जाएंगे। गृह मंत्री के सभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए एनडीए के सांसद एवं प्रत्याशी दुलालचंद गोस्वामी सहित एनडीए के सहयोगी दलों के नेताओं ने लोगों से भारी संख्या में सभा में भाग लेने की अपील की है।

# सड़क दुर्घटना वाद के पीड़ित को मिला 15 लाख का मुआवजा

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद**। जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष श्री अशोक राज के द्वारा ओबरा थाना काण्ड संख्या 19/20 के मृतक ओम प्रकाश कुमार, पिता- राम सुभग सिंह निवासी- ग्राम- सिकड़ी थाना- संझौली, जिला- रोहतास की पत्नी पूजा रानी को 15 लाख का मुआवजा प्रदान किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव, श्री सुकुल राम द्वारा बताया गया कि 09.03.2024 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना वाद संख्या 17/22 को समझौते के आधार पर निस्तारण कराया गया था। उक्त घटना के सम्बन्ध में सचिव ने बताया कि बारुण थाना काण्ड संख्या 19/20 के मृतक ओम प्रकाश कुमार के मोटर साइकिल संख्या बी आर 24 ई 6980 को कंटेनर संख्या यू पी 16 डी टी 8279 द्वारा धक्का मारने से ओम प्रकाश कुमार की मृत्यु हो गया था। चेक प्रदान करते समय जिला जज के द्वारा पीड़ित को बताया गया कि चेक से सम्बन्धित राशि को परिवार के कल्याण में लगाये और इसका ज्यादा से ज्यादा सद्पयोग करें, जिससे कि परिवार का भविष्य संवारने में किसी प्रकार की कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। राष्ट्रीय लोक अदालत वादों का निस्तारण सुलह के आधार पर कराने का एक सशक्त माध्यम है जिसमें सम्बन्धित को त्वरित न्याय प्राप्त होता है और बीमा कम्पनी या पक्षकार से समझौते के उपरान्त प्राप्त चेक को पीड़ित को तत्काल प्रदान किया जाता है।

## सड़क हादसे में महिला की मौत, मृतिका के पुत्र ने कराई प्राथमिकी

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)**। रफीगंज थाना क्षेत्र के फदरपुरा गांव के योगेंद्र प्रसाद के पुत्र लवकेश कुमार ने रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उल्लेख किया है कि 18 अप्रैल की सुबह मेरे पिता योगेंद्र प्रसाद एवं मां चंद्रावती देवी बराही बाजार पैदल जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे बाईक बीआर 26 जे 7359 के चालक गोपालपुर गांव निवासी रामप्यारे यादव तेज गति से आया और मेरे माता-पिता को जोरदार टक्कर मार दी। सर में गहरा चोट लगने के कारण मां की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वही मेरे पिता का अभी भी इलाज चल रहा है। मामले में रफीगंज थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि बाइक को जब्त कर चालक रामप्यारे यादव को गिरफ्तार किया गया है। मामले की प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

# स्टूडेंट ने जब तय किया डॉक्टर से कलक्टर का सफर तो स्कूल ने किया सम्मान

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद**। जब डॉक्टर बने एक स्कूल के पूर्ववर्ती छात्र ने संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में 130वां रैंक लाकर कलक्टर बनने का सफर तय कर लिया तो उस स्कूल में खुशियां बिखर गई। स्कूल प्रबंधन ने पूर्ववर्ती छात्र को सम्मानित करने का फैसला लिया। फैसले पर अमल करते हुए औरंगाबाद के दाउदनगर के प्राइवेट स्कूल संस्कार विद्या ने शनिवार को बाजाप्ता एक सम्मान समारोह का आयोजन किया। समारोह में यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले ओबरा प्रखंड के जमुहारा गांव निवासी रवींद्र चौधरी के डॉक्टर बेटे डॉ. प्रेम कुमार को सम्मानित किया गया। स्कूल के संस्थापक शिक्षा पुरुष अवार्ड से सम्मानित सुरेश कुमार गुप्ता एवं प्रबंध समिति की सचिव मालती देवी ने अपने स्कूल के होनहार पूर्ववर्ती स्टूडेंट को सम्मान स्वरूप शॉल, स्मृति चिंह एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर सफलता की बधाई और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर स्कूल प्रबंधन ने पूर्ववर्ती छात्र के दादा रामाधार चौधरी, दादी फूलकुमारी देवी, पिता रवींद्र चौधरी, मां रीता देवी, छोटे भाई प्रवीण कुमार, उसकी पत्नी अंशु कुमारी एवं बहन को भी सम्मानित किया। सम्मान स्वरूप विद्या निकेतन ग्रुप ऑफ स्कूल्स के सीईओ आनंद प्रकाश, डिप्टी सीईओ ई. विद्या सागर, टेक्निकल एडवाईजर विनय प्रकाश, स्कूल के प्राचार्य सरयू प्रसाद तांती, प्रशासक संदीप कुमार तांती एवं टीचर्स ने सम्मान स्वरूप अंग वस्त्र, मोमेंटो एवं पुष्प गुच्छ प्रदान किया। इस मौके पर दर्जनों स्थानीय नागरिक एवं गणमान्य मौजूद रहे। सम्मान समारोह में आर्शीवचन के रूप में स्कूल के संस्थापक सुरेश कुमार गुप्ता ने कहा कि प्रेम ने उनके स्कूल से 10वीं तक की पढ़ाई की है। वह मेहनती छात्र रहा है। मेहनत से आगे की पढ़ाई कर डॉक्टर बना। डॉक्टर बनने के बाद प्रेम ने सिविल सेवा में जाने का फैसला लिया। फैसले को उसने अपनी मेहनत से मुकाम तक पहुंचाया।

# बारुण प्रखंड के पिपरा का अष्टभुजी मंदिर साक्षात विंध्यवासिनी माता की प्रतिकृति

निज संवाददाता






**बारूण (औरंगाबाद)**। औरंगाबाद जिले के बारुण प्रखंड के पिपरा गांव में अवस्थित अष्टभुजी माता का मंदिर एवं गर्भ गृह में स्थापित मूर्ति हजारों वर्ष पूर्व स्थापित की गई थी। अष्टभुजी माता की मूर्ति को देखकर ऐसा लगता है कि साक्षात विंध्यवासिनी मां यहां विराजमान है। हजारों वर्ष पूर्व गढ़वाल राज्य जो अब उत्तराखंड के नाम से जानी जाती है वहां के राजा देशाटन के क्रम में नदी मार्ग से बिहार प्रांत आए तो सोन नदी के किनारे एक पीपल वृक्ष के नीचे अष्टभुजी माता की मूर्ति उन्हें प्राप्त हुई। सोन नदी के सामने बसे पिपरा गांव में उन्होंने कुछ दिन निवास किया। और उन्होंने वहीं पर अष्टभुजी माता की मूर्ति की स्थापना कराई।हाल फिलहाल तक उनके वंशज यहां निवास करते थे।वर्तमान महंत सच्चिदानंद मिश्र ने बताया कि यह मंदिर सिद्ध पीठ के रूप में जानी जाती है। यह विंध्यवासिनी माता का साक्षात प्रतिरूप को प्रदर्शित करने वाली अष्टभुजी माता की मूर्ति अत्यंत मनोहारी है। दर्शन मात्र से मन में भक्ति की धारा उमड़ पड़ती है।नवरात्र के मौके पर भक्तों की यहां भारी भीड़ लगती है। सावन माह में इस मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की जाती है।अष्टभुजी माता मंदिर समिति के अध्यक्ष अक्षय लाल गुप्ता, सचिव सुधीर पाल एवं अन्य ग्रामीणों ने बताया कि अष्टभुजी माता के दर्शन के लिए पिपरा गांव के अगल-बगल बसे 10 पंचायत के सैकड़ो गांव में लोग वार्षिक समारोह पर पूजा पाठ करने आते हैं ।शादी ब्याह के मौके पर अथवा घर में विशेष कार्य आरंभ के पूर्व अष्टभुजी माता का पूजा अर्चना जरूर करते हैं।पूरा औरंगाबाद जिला शक्ति के स्थलों के लिए जाना जाता है दक्षिण में गजना माता, पूर्व में उमंगेश्वरी, पश्चिम में सत्यचंडी धाम,मध्य भाग में सतबहिनी माता अंबा शक्तिपीठ के रूप में है।तो उसी कड़ी में औरंगाबाद के उत्तरी भाग में पिपरा के अष्टभुजी मंदिर अपनी गौरवशाली परंपरा को व्याख्यायित करती है। इस परिसर में विष्णु भगवान,हनुमान जी,भगवान विश्वकर्मा, दुर्गा माता, शंकर भगवान,कृष्ण मंदिर, गोवर्धन पहाड़, संत रैदास ग्राम देवी,बाबा गणिनाथ, राहु केतु मंदिर स्थापित है। यह स्थल शोध का विषय है एक छोटे से गांव में इतने सारे धर्मस्थल एक ही जगह पर स्थापित किए गए हैं।

## औद्योगिक प्रशिक्षण उच्च माध्यमिक भाषा परीक्षा 2 और 3 मई को

**पटना (नि.सं.)**। औद्योगिक प्रशिक्षण उच्च माध्यमिक स्तरीय भाषा-2024 की परीक्षा 2 मई को दो पालियों में और 3 मई को एक पाली में होगी। यह परीक्षा सूबे के प्रमंडलीय जिला मुख्यालयों में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर ली जाएगी। प्रवेश पत्र बिहार बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध है। प्राचार्य अपने यूजर आईडी एवं पासवर्ड से प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर संबंधित परीक्षार्थियों को उपलब्ध कराएंगे। जिन अभ्यर्थियों ने परीक्षा शुल्क जमा नहीं किया है वैसे अभ्यर्थियों एवं संस्थानों की सूची समिति की वेबसाइट पर उपलब्ध है। परीक्षा शुल्क 30 अप्रैल तक ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। परीक्षा शुल्क जमा नहीं होने पर परीक्षाफल स्थगित कर दिया जाएगा। 2 मई को हिन्दी और अंग्रेजी विषय की और 3 मई को उर्दू विषय की परीक्षा होगी।

# मतदान के दौरान बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराई जाए : भाजपा

- पार्टी ने कहा है कि मतदाताओं के लिए शामियाना, पेयजल व चिकित्सा सुविधा समेत अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

निज संवाददाता

**पटना**। बिहार भाजपा ने आने वाले सभी चरणों के मतदान के दिन मतदाताओं को बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने की मांग की है। इस बाबत पार्टी की ओर से चुनाव आयोग को एक पत्र भी सौंपा गया है।

पार्टी ने कहा है कि मतदाताओं के लिए शामियाना, पेयजल व चिकित्सा सुविधा समेत अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए। खासकर कड़ी धूप को देखते हुए शामियाना लगवाए जाएं ताकि खुले आसमान में मतदाताओं को खड़ा होकर वोट देने का इंतजार नहीं करना पड़े। प्रथम चरण के मतदान के दौरान राज्य के अधिकांश मतदान केंद्रों पर उक्त बुनियादी सुविधाएं अपेक्षा के अनुरूप मुहैया नहीं करवाई गई थी, जिसकी वजह से मतदाताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। यहां तक कि कई मतदाताओं की तबीयत खराब हो गई थी। पत्र में इस बात का भी जिक्र किया गया है कि प्रथम चरण के मतदान में मतदान का प्रतिशत इस बार आम तौर से होने वाले मतदान से तकरीबन पांच से छह फीसदी कम रहा, जिसका एक कारण शामियाना और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं का उपलब्ध नहीं होना भी हो सकता है। जबकि उक्त बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाना चुनाव आयोग और राज्य सरकार की जिम्मेदारी बनती है। भाजपा न्यायिक मामले के मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार ने कहा कि भाजपा न्यायिक मामले के प्रमुख-वरीय अधिवक्ता एसडी संजय के नेतृत्व में भाजपा प्रवक्ता संजीव मिश्रा व दीपक वर्मा ने आयोग से मिलकर उक्त आशय का पत्र सौंपा।

# 24 अप्रैल को भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह करेंगे रोड शो

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद**। काराकाट लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में दावे दारी पेश करने वाले भोजपुरी अभिनेता और गायक पवन सिंह सौ किमी का रोड शो करेंगे। उनकी प्रतिनिधि दीपक सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वह 23 अप्रैल को रोहतास के तीन विधानसभा क्षेत्र काराकाट, नोखा और डेहरी में रोड शो करेंगे। जबकि 24 अप्रैल को औरंगाबाद के ओबरा, गोह नबीनगर विधानसभा के बारून होते हुए शेखपुरा, मेह, बड़ेम, ओबीपुर, कंकेर तिवारीडीह, एनटीपीसी, सुरार मझियाव सहित नवीनगर विधानसभा क्षेत्र में रोड शो करेंगे। वहीं पवन सिंह के पी ए दीपक कुमार सिंह ने आगे बताया कि वह 23 अप्रैल को सुबह में आरा से काराकाट के लिए निकलेंगे। इसके बाद दनवार, कछवा, नासरीगंज, गोरारी, काराकाट, बिक्रमगंज, नोखा, राजपुर, अकोढ़ीगोला, डेहरी ऑन सोन तक शाम में पहुंच जाएंगे। वहां से फिर औरंगाबाद के बारूण नवीनगर पहुंचेंगे। 24 अप्रैल को फिर औरंगाबाद के ओबरा, दाउदनगर, हसपुरा होते हुए गोह क्षेत्र में प्रचार करेंगे। अब देखना यह है कि पवन सिंह को काराकाट के जनता कितना आशीर्वाद देता है।

# भारत गौरव ट्रेन से करें उत्तर भारत का भ्रमण और रामलला के दर्शन

निज संवाददाता

**पटना**। आईआरसीटीसी ने उत्तर भारत एवं रामलला दर्शन सहित विभिन्न पर्यटन और धार्मिल स्थलों के लिए भारत गौरव ट्रेन का यात्रा पैकेज जारी किया है। यह ट्रेन न्यू जलपाईगुड़ी-मालदा से 18 मई को खुलेगी एंव 26 मई को वापस लौटेगी। आईआरसीटीसी की ओर से चलाई जा रही इस ट्रेन में 18 मई को न्यू जलपाईगुड़ी-मालदा टाउन, रामपुरहाट, दुमका, भागलपुर, जमालपुर, किऊल एवं पटना स्टेशन से तीर्थयात्री ट्रेन में सवार हो सकेंगे।

यात्रा पैकेज के तहत बुकिंग कराकर श्रद्धालु उत्तर भारत एवं अयोध्या के रामलला के दर्शन के अलावे माता वैष्णो देवी, हरिद्वार, ऋषिकेश, मथुरा, वृंदावन एवं अयोध्या में श्रीरामलला के दर्शन कर सकेंगे। इकोनॉमी श्रेणी में स्लीपर में यात्रा के लिए प्रति यात्री 33 प्रतिशत रियायत के साथ 17 हजार 900 रुपए का किराया लगेगा। इस ट्रेन में शाकाहारी भोजन, नॉन एसी होटल एवं बस की सुविधा दी जाएगी। प्रत्येक कोच में सुरक्षा गार्ड एवं सफाईकर्मी भी होंगे। शुक्रवार को पटना में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में आईआरसीटीसी के क्षेत्रीय प्रबंधक राजेश कुमार और मुख्य पर्यवेक्षक संजीव कुमार ने संयुक्त प्रेसवार्ता कर इस भारत गौरव स्पेशल टूरिस्ट ट्रेन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उत्तर भारत एवं रामलला दर्शन की यह यात्रा आठ रात और नौ दिनों की होगी। इस ट्रेन में 11 स्लीपर और एक पेंट्रीकार का कोच रहेगा। यात्री आईआरसीटीसी की वेबसाइट से अपनी बुकिंग करा सकेंगे। उन्होंने बताया कि दस लोगों के समूह में एक साथ बुकिंग कराने पर प्रत्येक यात्री को पांच सौ रुपए की छूट मिलेगी। मौके पर सहायक पर्यवेक्षक मुकेश कुमार व अन्य भी मौजूद थे।

# पछुआ के कहर से अगलगी की घटनाएं बढ़ीं

निज संवाददाता



**पटना**। चैत में चल रही तेज पछुआ हवा कहर बरपा रही है। राज्य में अब तक सैकड़ों एकड़ क्षेत्र में फसल जलकर राख हो गई है। वहीं, विभिन्न जिलों से प्राप्त सूचना के अनुसार अब तक 50 से अधिक मौतें हो चुकी हैं।

भीषण गर्मी को देखते हुए आपदा प्रबंधन विभाग ने अलर्ट भी जारी किया है। अग्निशमन विभाग भी लगातार जागरूकता कार्यक्रम चला रहा है। बावजूद अगलगी की घटनाओं पर लगाम नहीं लग पा रही है। इस वर्ष मार्च माह में अगलगी की 38 घटनाएं हुई हैं, पिछले वर्ष 72 घटनाएं हुईं थी। वहीं, वर्ष 2023 में सालभर के दौरान करीब 100 लोगों की जान जाने की सूचना मिली थी। इस बार साढ़े तीन माह में ही 51 की मौतें हो चुकी हैं। जनवरी में नौ, फरवरी में 11, मार्च में 9 और अप्रैल में अब तक 22 लोगों की मौत की सूचना है। हालांकि जिलों से आधिकारिक आंकड़े मंगाए जा रहे हैं। इसी तरह खेत-खलिहान में गेहूं की फसल जलने की घटनाओं में भी वृद्धि हुई है। पछुआ के कारण आग की छोटी सी चिंगारी भी शोला का रूप धर ले रही है। तेज हवा के कारण देखते ही देखते खेतों में खड़ी फसल राख में तब्दील हो जा रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि हर साल मार्च-अप्रैल में चलने वाली पछुआ हवा से आग लगने की घटनाओं में वृद्धि होती है।

**यह सावधानी बरतें :**

- पछुआ हवा चलने के पहले सुबह नौ बजे तक खाना बना लें।
- शाम को छह बजे बाद खाना बनाएं। इस दौरान पानी जरूर रखें।
- सूती कपड़े पहन खाना बनाएं। झोपड़ियों को सटा खाना न बनाएं।
- झुग्गी-झोपड़ियों को मिट्टी का लेप लगाकर फायर प्रूफ बनाएं।
- जलती माचिस की तीली एवं सिगरेट-बीड़ी जहां-तहां नहीं फेंकें।

बिहार सरकार

संदेश

मुख्यमंत्री
बिहार

विश्व को ''अहिंसा परमो धर्मः'' का पाठ पढ़ाने वाले जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के संदेश आज भी मानवता के लिए प्रकाश स्तम्भ हैं। अज्ञानता के अंधकार में जब मनुष्य भटक कर अपने पथ से विचलित होने लगता है, तब इनकी अमृतवाणी मानवता को सही मार्ग दिखाती है।

आज भगवान महावीर जयंती का दिन उनके त्याग और तपस्या को याद करने का दिन है। अहिंसा के संदेशवाहक भगवान महावीर का जीवन दर्शन हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। लोगों से मेरी अपील है कि आज के दिन को निरामिष दिवस के रूप में मनायें एवं भगवान महावीर के उपदेशों को आत्मसात् करें।

मेरी ओर से समस्त बिहारवासियों को महावीर जयंती की हार्दिक शुभकामनाएँ।

(नीतीश कुमार)

PR No.- 00085 (Home) D. 2024-25



सत्यमेव जयते
राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

राज भवन
पटना–800022
RAJ BHAVAN
PATNA 800022

संदेश

महावीर जयन्ती के पावन अवसर पर मैं समस्त बिहारवासियों एवं देशवासियों, विशेषकर जैन समुदाय के बहनों एवं भाइयों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ देता हूँ।

जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर महावीर स्वामी ने सत्य, अहिंसा, त्याग, संयम और अपरिग्रह का संदेश दिया। उनके जीवन और विचार हमारे लिए प्रेरणास्रोत हैं।

आइए, हम सब भगवान महावीर स्वामी द्वारा बताये मार्ग पर चलकर सभ्य, शांतिपूर्ण एवं समावेशी समाज के निर्माण का संकल्प लें।

(राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर)

PR No.- 00106 (Governor Secretariat) D. 2024-25